राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 34
लखनऊ, गुरुवार 02 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



महिलाओं के प्रति अपराध में न्यूनतम, सजा दिलाने में नंबर वन यूपी : योगी 03

धूमधाम से निकली शिव बारात, देखने उमड़े नर-नारी 10

## सूचना

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर दिनांक 02 अक्टूबर को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 04 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

महाप्रबंधक

## -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,19,390/ |
| 22 कैरेट | = | 1,09,450/ |
| 18 कैरेट | = | 89,550/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,51,000/ |



# केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) को 3 प्रतिशत बढ़ाकर 55 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह बढ़ोतरी एक जुलाई 2025 से लागू होगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में वृद्धि के कारण सरकार पर कुल वार्षिक व्यय 10,083.96 करोड़ रुपये आएगा। इस निर्णय से लगभग 49.19 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.72 लाख पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे।

केन्द्र सरकार ने किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए विपणन सत्र 2026-27 के लिए रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि कुसुम (600 रुपये प्रति क्विंटल) और मसूर (300 रुपये प्रति क्विंटल) में की गई है। रेपसीड और सरसों, चना, जौ और गेहूं के लिए क्रमशः 250, 225, 170 और 160 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विपणन सत्र 2026-27 के लिए अनिवार्य रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 में अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने की घोषणा के अनुरूप है। अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर अपेक्षित मार्जिन गेहूं के लिए 109 प्रतिशत है।

### यूपी के 15 लाख कर्मियों को जल्द मिलेगा बोनस व डीए

**लखनऊ।** केंद्र सरकार की घोषणा के बाद प्रदेश सरकार भी राज्य कर्मचारियों को बोनस और महंगाई भत्ते की बढ़ी हुई दर का दिवाली तोहफा दे सकती है। इसका फायदा करीब 15 लाख अराजपत्रित कर्मचारियों को बोनस मिलेगा। बोनस की अधिकतम धनराशि 7000 रुपये हो सकती है। सातवें वेतनमान वाले कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो जाएगा। लगभग 12 लाख पेंशनर्स को महंगाई राहत की दर में वृद्धि का लाभ मिलेगा। केंद्रीय कर्मचारियों को पहले बोनस और अब तीन प्रतिशत बढ़ी हुई दर से महंगाई भत्ता (डीए) देने के ऐलान के बाद दीवाली से पहले बोनस के साथ ही बढ़े हुए महंगाई भत्ता (डीए) की घोषणा हो सकती है। इसी के साथ पेंशनरों की महंगाई राहत दर भी बढ़ेगी। राज्य में बोनस पाने वाले अराजपत्रित कर्मचारियों, वर्कचार्ज व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की संख्या लगभग 14.81 लाख है। इन सभी को दीपावली से पहले सरकार बोनस का तोहफा देगी। बोनस से सरकार के खजाने पर लगभग 1000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आएगा। वहीं सातवें वेतनमान से आच्छादित लगभग 16 लाख राज्यकर्मी, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कार्मिकों के महंगाई भत्ते की दर जो अभी 55 प्रतिशत है तीन प्रतिशत वृद्धि के साथ 58 प्रतिशत की जानी है। इन्हें महंगाई भत्ते में वृद्धि का लाभ सरकार जल्द देगी। पांचवें और छठवें वेतनमान वाले राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि की घोषणा बाद में होगी।

### कांग्रेस सांसद इमरान मसूद व सपा एमएलसी शाहनवाज खान हाउस अरेस्ट

**सहारनपुर/बरेली।** बरेली में आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर भड़की हिंसा के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इसी क्रम में बरेली जाने की तैयारी कर रहे कांग्रेस सांसद इमरान मसूद और सपा एमएलसी शाहनवाज खान को प्रशासन ने बुधवार सुबह हाउस अरेस्ट कर दिया। प्रशासन ने इसे शांति व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता बताया है, जबकि कांग्रेस सांसद ने इसे धर्म आधारित कार्रवाई और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करार दिया है।

### पाक जासूसी नेटवर्क पर पुलिस का प्रहार, तौफीक के बाद वसीम गिरफ्तार

**पलवल।** हरियाणा के पलवल जिले में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी के नेटवर्क पर पुलिस ने एक और करारा प्रहार किया। हथीन उपमंडल के गांव कोट निवासी वसीम उर्फ वसीम अख्तर (पुत्र मकसूद अहमद) को गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ दिन पहले गिरफ्तार तौफीक के बाद यह दूसरी गिरफ्तारी है। दोनों आरोपी पाकिस्तानी हैंडलर्स से संपर्क में रहकर गोपनीय जानकारी भेज रहे थे। पिछले सप्ताह पुलिस ने हथीन के ही तौफीक को गिरफ्तार किया था। तौफीक के मोबाइल और सोशल मीडिया खातों से ऐसे कई सबूत मिले थे, जिनसे साफ हुआ कि वह पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स से लगातार संपर्क में था। वह सीमावर्ती इलाकों की तस्वीरें और रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी जानकारियां दुश्मन देश को भेज रहा था। शुरुआती पूछताछ में तौफीक ने कबूल किया था कि उसे इसके बदले पैसों का लालच दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, तौफीक से हुई पूछताछ और उसके कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच में वसीम का नाम सामने आया। जांच में पता चला कि वसीम भी लंबे समय से इसी नेटवर्क का हिस्सा है और दुश्मन देश को संवेदनशील जानकारियां मुहैया कराता था। इसी आधार पर वसीम को गुप्त कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

# दो किशोरों की हत्या के बाद किसान ने परिवार संग खुद को लगाई आग





समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** रामगांव इलाके के टेपरहा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ पुलिस ने छह शव बरामद किए हैं जिनमें दो लोगों की धारदार हथियार से हत्या की गई है जबकि चार शव अधजले हालत में मिले हैं। मृतकों में एक महिला दो बालिकाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामगांव इलाके के ग्राम पंचायत टेपरहा के निंदूरपुरवा गांव में दो किशोरों की हत्या करने के बाद युवक ने खुद को परिवार समेत कमरे में बंद कर आग लगा ली। मौके पर छह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के बाद पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत है। चार थानों की पुलिस व दो कंपनी पीएसी भेजी गई है। आइजी अमित पाठक ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस घटना के कारणों की पड़ताल तलाश रही है।रामगांव इलाके के निंदूरपुरवा टेपरहा गांव निवासी विजय कुमार खेती बाड़ी और पशुपालन का काम करते थे।

बताया जाता है कि बुधवार सुबह घर पर लहसुन को साफ करने के लिए उसने गांव निवासी 12 वर्षीय सूरज यादव, 13 वर्षीय शनि वर्मा व 15 वर्षीय किशन को घर बुलाया था। थोड़ी देर बाद उसने किशन को खेत में पेड़ की डाली साफ करने के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि कुछ देर बाद किशोरों ने घर जाने की बात कही। इससे नाराज होकर विजय ने सूरज व शनि की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद उसने पत्नी व छह वर्षीय बेटी छोटकी व आठ वर्षीय प्रेरणा को कमरे में ले जाकर बंद कर लिया और कमरे में आग लगा लिया। धुआं उठने के बाद जब ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई तो बड़ी संख्या में लोग उसके घर के बाहर पहुंचे। इस दौरान आग की लपटों से पूरा घर घिर चुका था। जानकारी पुलिस व दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को आंगन में खून से लथपथ दो किशोरों के शव मिले। इसके बाद दमकल कर्मियों ने जब कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया तो घर के कमरे का दरवाजा बंद मिला। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से जब दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ने के बाद विजय, उसकी पत्नी एवं दो बेटियों का अधजला शव भी कमरे के भीतर से बरामद हुआ। किशन ने बताया कि यदि वह पेड़ की डाल छांटने न गया होता तो शायद उसकी भी हत्या हो जाती। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी मिलते ही डीएम अक्षय त्रिपाठी, एसपी आरएन सिंह, एसडीएम सदर पूजा चौधरी, एएसपी ग्रामीण डीपी तिवारी, सीओ डीके श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष मदनलाल समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य का संकलन किया। जानकारी पाकर देवीपाटन मंडल के आइजी अमित पाठक भी घटनास्थल की ओर रवाना हुए।

**▸ छह लोगों की मौत मौके पर भारी पुलिस बल तैनात, जांच हुई शुरु**

# कल से बदल जाएगा स्कूलों का समय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों छात्रों और शिक्षकों के लिए नया अपडेट आया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 3 अक्तूबर से स्कूलों की समयसारणी में बदलाव करने का निर्णय लिया है। यह बदलाव मौसम और त्योहारों को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिसका असर माध्यमिक व परिषदीय दोनों तरह के स्कूलों पर पड़ेगा। 1 और 2 अक्तूबर को महानवमी और विजयदशमी के उपलक्ष्य में सभी स्कूलों में अवकाश रहेगा। नया समय 3 अक्तूबर से लागू किया जाएगा।

अब तक प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों में कक्षाएं सुबह 7. 30 बजे से दोपहर 1. 30 बजे तक संचालित हो रही थीं। 3 अक्तूबर से समय बदलकर सुबह 9.30 से दोपहर 3. 30 तक कर दिया गया है। इससे विद्यार्थियों को सुबह जल्दी उठने की परेशानी से राहत मिलेगी और ठंड के मौसम को देखते हुए यह समय ज्यादा अनुकूल माना जा रहा है। परिषदीय यानि प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों में अब तक पढ़ाई का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक था जो 3 अक्तूबर से यह समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया है। इससे छोटे बच्चों को सुबह के समय स्कूल जाने में सुविधा होगी, खासकर जब सर्दी की शुरुआत हो रही है और दिन देर से शुरू होने लगा है।

### संस्कृत विद्यालयों की शिक्षिकाओं को मिलेगा छह माह का मातृत्व अवकाश

**लखनऊ ।** राज्य सरकार ने संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की महिला शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों और राजकीय संस्कृत विद्यालयों में मानदेय पर काम करने वाली महिला शिक्षिकाओं को छह माह का मातृत्व अवकाश मानदेय सहित मिलेगा। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आदेश जारी किया है। शिक्षा निदेशक, माध्यमिक के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया है।

# वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 15.50 रुपए का इजाफा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 15.50 रुपये बढ़ गये हैं।

वहीं 14.12 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले



इस साल मार्च के बाद लगातार छह बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गयी थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में आज से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1,580 रुपये की बजाय 1,595.50 रुपये का मिलेगा।



## खबरें एक नजर में

### पीड़िता ने ग्राम प्रधान व चौकीदार को बताया आत्महत्या का जिम्मेदार, नायब तहसीलदार को पत्नी ने दिया बयान

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मृतक चौकीदार की पत्नी रजनी ने नायब तहसीलदार को दिए बयान में कहा कि उसके पति 11 वर्षों से गांव की चौकीदारी कर रहे थे और उनकी धनराशि एसबीआई बैंक में आती थी। लेकिन बिना नोटिस के उनके पति को हटा दिया गया था।ग्राम प्रधान एवं वर्तमान चौकीदार ने मिलीभगत कर उसके पति को हटवा दिया था। जिससे वह अवसाद में रहने लगे और उन्होंने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पीड़िता ने आत्महत्या के लिए ग्राम प्रधान एवं चौकीदार पर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता ने कृषक दुर्घटना बीमा का लाभ,पीएम आवास,संविदा पर नौकरी,पति का वेतन,विधवा पेंशन एवं शौचालय आदि की मांग की है। उधर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजीत सिंह यादव ने बताया कि पीड़िता के आरोप निराधार है। कुछ लोग उनको बरगला रहे है।

### बाइक के गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल

**गोहांड हमीरपुर।** राठ उरई मार्ग पर सिकरौधा से अपने गांव बरेल आ रहे आयुष 21वर्ष पुत्र राजकुमार अपनी बहन प्रवेश के साथ सिकरौधा से अपने गांव बरेल आ रहे थे वह चुरहा ग्राम के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक सड़क पर बड़े गड्ढे में जा गिरी और दोनों लोगों को गंभीर चोट देख भीड़ इकट्ठी हो गई ग्रामीणों ने 108 पर फोन कर एंबुलेंस से गोहांड सीएचसी भेजो ग्रामीण इं रामहेत राजपूत ने बताया कि राठ उरई मार्ग 15 साल से बन रहा है और बना भी ऐसा है की जगह-जगह धस गया है जिससे आए दिन घटनाएं हो रही है इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर डीसी वर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि गढढै हो गए है दो-चार दिन में सही करवाए जाएंगे

### रावण के पुतले को अंतिम रूप देने में लगे कारीगर

मौदहा हमीरपुर। दशहरा पर्व को देखते हुए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रावण के पुतले का निर्माण किया जा रहा है जिसका कारीगर अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। अचानक मौसम के करवट लेने से क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई जिससे कारीगरो को दोगुनी मेहनत करना पड़ा और आज भी पुतले के निर्माण को अंतिम रूप नहीं दे पाए अभी भी कारीगर जोर शोर के साथ निर्माण कार्य में डटे हुए हैं क्षेत्र में दशहरा पर्व को देखते हुए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह रावण दहन की परंपरागत वर्षो से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए कस्बे के कुम्हरौडा मोहल्ले में 40फीट ऊंचा रावण के पुतले को बनाया जा रहा है नवयुवक दशहरा कमेटी के अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार श्रीवास ने बताया कि रावण का पुतला जल्दी ही बनकर तैयार हो जाएगा अचानक क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने से पुतला निर्माण में बाधा उत्पन्न हुई है फिर भी 2 अक्टूबर को दशहरा परंपरागत रूप से रावण दहन का कार्यक्रम होगा जहां सैकड़ो की तादाद में नगर वासी पहुंचकर रावण दहन का लुफ्त उठाते हैं पुतले का निर्माण करने वाले बुद्धू प्रजापति रामखिलावन शत्ती दीन चुनूबाद आदि लोग दिन-रात मेहनत कर रावण के पुतले का निर्माण कर रहा है। वही रामनगर दशहरा समिति के अध्यक्ष ऋषि शिवहरे, वैभव सोनी ,विपुल गुप्ता,प्रहलाद सिंह, टाइगर आदि लोगों ने बताया कि क्षेत्र में अधिक वर्षा होने से रावण के पुतले निर्माण में देरी हुई है लेकिन कारीगर जोर शोर से लगकर जल्दी पुतले का निर्माण कर रहे हैं और आगामी गुरुवार के दिन रावण दहन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्रीनाथ ने बताया कि क्षेत्र में अधिक वर्षा होने के कारण में कुछ व्यवधान उत्पन्न हुआ है लेकिन नगर पालिका कर्मचारी डस्ट और मिट्टी डालकर रावण दहन कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई एवं दुरस्त करने का काम कर रहे हैं।

### गैस पाइपलाइन डालते पेयजल लाइन हुई ध्वस्त, गड्ढे में गिरकर छात्र घायल

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** घर घर गैस पाइपलाइन पहुंचाने के लिए डाली गई पाइपलाइन के दौरान पेयजल लाइन में हुए लीकेज कस्बावासियों के लिए बवाले जान बन गया है। सोमवार को एक छात्र गड्ढे में गिरकर हाथ तुडवा बैठा है। इससे वार्ड के लोगों में आक्रोश है। कस्बे के वार्ड संख्या 15 संत कबीर नगर में घर-घर गैस पाइपलाइन डालने के लिए हुई खुदाई में पेयजल लाइन लीकेज हुई। लीकेज ठीक करने के लिए जल संस्थान में भारी भरकम गड्ढे खोद दिए गए है। इसमें गिरकर लोग चुटहिल हो रहे हैं। सोमवार को स्कूल से लौटकर घर आ रहा वार्ड के निवासी स्वर्गीय अशोक कुमार का बेटा आर्यन 10 वर्ष गड्ढे में गिर गया। इससे उसका हाथ टूट गया है। मंगलवार को एक बछड़ा गिरकर घायल हो गया लगातार हो रही बारिश घटनाओं से वार्ड के वाशिंदों में रोष व्याप्त हो रहा है। जल संस्थान के अवर अभियंता आशीष यादव ने बताया कि पाइपलाइन का मरम्मत बुधवार कराकर गड्ढा भरा जा रहा है। इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के कर्मी संगीत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें नहीं है। बरसात होने कारण गड्ढा नहीं भरा था। बुधवार को कार्य कराया गया है।

### निजी नलकूप में ट्रांसफार्मर के खराब होने के चलते हाई-वोल्टेज से स्टार्ट टर में लगी आग से लाखों का नुकसान हुआ



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के भौली गांव में किसान के निजी नलकूप में ट्रांसफार्मर के खराब होने के चलते हाई वोल्टेज से नलकूप के स्टार्टर व सिंचाई के लिए रखे पाइप जलकर खाक हो गए क्षेत्र के भौली गांव निवासी किसान यशेंद्र सिंह उर्फ बलकरन सिंह ने बताया कि मेरे निजी नलकूप में दोपहर को आग लग गई। जिससे कमरे में रखे सिंचाई के 90 पाइप, स्टार्टर, केबिल, सहित अन्य उपकरण जलकर राख हो गए। जिससे लाखों रुपया का नुकसान हुआ है।किसान ने बताया कि नलकूप का विद्युत ट्रांसफार्मर कई दिन से खराब था। जो कि हाई वोल्टेज निकाल रहा था। इसमें लाइन मैन कामता को करेंट भी लगा था इसकी सूचना जे ई को दी गई थी।लेकिन खराब ट्रांसफार्मर को ठीक नहीं किया गया न ही बदला गया जिससे हाई वोल्टेज से आग लगी है। किसान ने बताया कि आगजनी में लाखों रुपया का नुकसान हुआ है

### अवैध सूखे गांजे के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना नरैनी की मिशन टीम द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि बीती देर रात्रि थाना नरैनी की मिशन टीम नवरात्र के दृष्टिगत कस्बा नरैनी में देवी पण्डालों के आस-पास भ्रमणशील थी । इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध सूखे गांजे के साथ कालिंजर रोड स्थित आरा मशीन के पास खड़ा है । सूचना पर तत्काल मिशन शक्ति टीम द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ । अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना नरैनी में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम कोमल सिंह पुत्र रामकृष्ण सिंह निवासी शंकरपुर थाना नरैनी जनपद बांदा है।

### जहरीले सर्प के काटने से एक व्यक्ति की हुई मौत



**बबेरु /बांदा।** खाना पकाते समय दिव्यांग को जहरीला सर्प ने काट लिया। कुछ समय बाद बेटा पहुंचा पिता की हालत देख चीख पड़ा। आसपास के लोगों बताया लोग दौड़े तब तक दिव्यांग की सांसे थम गई थीं।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के भदेहदू गांव निवासी दिव्यांग नथुवा वर्मा पुत्र कीर्ति प्रसाद उम्र 52 वर्ष घर में खाना पकाते समय जहरीले सर्प ने काट लिया।घर मे अकेले होने पर तड़प रहा था। कुछ समय बाद बेटा मुकेश पहुंचा तो पिता को तड़पते देखा तो चिल्लाने लगा आस पास के लोगों घटना की जानकारी दी जब तक लोग इक्कठा हुए तब तक दिव्यांग की सांसे थम गई। और मौत हो गई।घटना से परिवार में रो-रो कर बुरहाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी की 6 साल पहले मौत हो गई थी। मृतक दिव्यांग के अकेले बेटा नाबालिग मुकेश 11 साल का रो रोकर बुरहाल है।

### आकाशीय बिजली गिरने से सब्जी की दुकान में लगी आग



**बबेरू/बांदा।** बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत दांदौ गांव में बारिश के साथ सब्जी की दुकान में गिरी आकाशीय बिजली, सब्जी की दुकान जलकर हुई खाक बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत कमासिन थाना क्षेत्र के राघवपुर गांव के रहने वाले अखिलेश पुत्र ननकवा निषाद दांदौ रोड में अपने चाचा की जमीन पर बांगला बनाकर सब्जी की दुकान करता था। लेकिन तेज बारिश के कारण दुकान बंद करके अखिलेश घर चला गया। कुछ देर के बाद मंगलवार की शाम तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली सब्जी की दुकान पर गिर गई। जिससे दुकान में आग लग गई, आग की लपटे लोगों ने देखा दुकानदार को सूचना दिया। वही सब्जी दुकानदार अखिलेश निषाद के द्वारा बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से सब्जी की दुकान में आग लग गई। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक कांटा आलू प्याज सहित अन्य सब्जी जलकर खाक हो गई है, जिसमें पीड़ित दुकानदार ने शासन से मुआवजे की मांग किया है।

# देवी मंदिरों में नवरात्र पर भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा कुरारा में स्थित बड़ी देवी मंदिर में नवरात्र के अवसर पर भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने भंडारे का प्रसाद गृहण किया। कस्बा कुरारा स्थित प्राचीन बड़ी देवी मंदिर में भक्तों नवरात्र के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बा के लोगो ने प्रसाद गृहण किया। मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश पांडे ने बताया कि शारदीय नवरात्र व चैत्र नवरात्र में नौ दिन तक कन्या को देवी रूप में सजा कर पूजा अर्चना की जाती है। तथा मंदिर में स्थित देवी मां की पूजा भक्तों द्वारा की जाती है। इस मंदिर की कस्बा में मान्यता है। सभी लोगों के सहयोग



से कार्यक्रम संपन्न होते है। प्रतिदिन दुर्गा सप्त सदी का पाठ किया जाता है। इस मंदिर में वर्ष भर सुबह शाम आरती संपन्न होती है। लोगो की अपार आस्था जुड़ी हुई है। इसी तरह देवी पांडालों में कन्या भोजन व भंडारे का आयोजन किया गया। जो कि देर शाम तक चलता रहा।

### अंतिम दिन देवी मंदिरों और पंडालों में कन्या भोज के साथ भंडारे का हुआ आयोजन

**हमीरपुर।** शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन नवमी तिथि को जिलेभर के देवी मंदिरों व देवी पंडालों में कन्या भोज के साथ भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें भक्तों की भीड़ ने प्रसाद चखा। शाम के समय मंदिरों व देवी पंडालों में लोगों की भीड़ एकत्र हुई शारदीय नवरात्र की अंतिम तिथि नवमी के दिन सुबह से ही मंदिरों में महिलाओं और बच्चों की भीड़ उमड़ना शुरु हो गई थी।मुख्यालय के प्रसिद्ध चौरा देवी, गौरा देवी, दुर्गा देवी, भेड़ी जलालपुर स्थित माँ महेशवरी आदि मंदिरों में लोगों द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया गया। सुबह से शुरू हुए कन्या भोज का कार्यक्रम दोपहर तक चलता रहा। वहीं देवी पंडालों में भी कमेटी के लोगों ने कन्या भोज आयोजित किया। जिसके बाद शहर में भंडारे शुरू हुए। हर देवी पंडाल में भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें आने जाने वाले भक्तों की भीड़ ने प्रसाद चखा।रात के समय देवी पंडालों व मंदिरों में आरती के समय भक्तों की भीड़ जमा हुई। अंतिम दिन शहर के मंदिरों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं शहर के कई मोहल्ला से जवारा का जुलूस निकाला गया जो चौरा देवी मंदिर पहुंचा जहाँ ढोल नगाड़ों की धुनों पर भक्त थिरकते नजर आए।

### आपसी विवाद के चलते तीन लोगों ने पीड़ित के साथ की मारपीट

**मौदहा हमीरपुर।** आपसी विवाद के चलते तीन लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट अभद्रता करते हुए गाली गलौज किया जिससे आहत होकर पीड़ित ने कोतवाली में पहुंच आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की जोरदार मांगती किया है बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के रीवन गांव निवासी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की सुबह गांव के नवल गुप्ता ,अजय ,भगवान दास आदि लोगों ने जब वह दुकान से घर का सामान लेकर वापस लौट रहा था तभी दबंगों ने आकारण गाली गलौज मारपीट की घटना को अंजाम दिया जिससे आहत होकर शरीफ खान ने कोतवाली में तहरीर सौप कर न्याय की गुहार लगाई इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र की एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों आनंन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गुरदाहा गांव निवासी मोनिका पत्नी सोनू मंगल की शाम घरेलू मन मुटाव हो जाने से घर में रखी चूहा मार दवा खा लिया तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की हालत में सुधार न होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# दशहरा विशेषः बिदोखर में बावनी के क्षत्रिय आज भी मनाते हैं अपनी जीत का जश्न

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड की ग्राम पंचायत बिदोखर का राहुल देव मंदिर क्षत्रिय समाज के लिये विजयदशमी पर्व में विजय उत्सव का साक्षी है। आज भी दशहरे के दूसरे दिन बैस (क्षत्रिय) यहां एकत्र होकर विजय उत्सव की परंपरा को निभाते हैं। यह सैकड़ों वर्षो से जुड़ा हुआ है। यह प्रकरण उन्नाव के डोडिया खेर से संबद्ध है।

विजयदशमी पर्व राम की रावण पर जीत का पर्व है। इसको असत्य पर सत्य की जीत का पर्व भी कहा जाता है। लेकिन बिदोखर में घटी एक घटना भी अन्याय पर न्याय की जीत के रुप मे आज भी जश्न के रुप मे मनाया जाता है।

बिदोखर पुरई निवासी अमर सिंह, दिनेश सिंह, रणविजय सिंह एडवोकेट, राधेश्याम सिंह पूर्व प्रधान बताते हैं कि उन्नाव जनपद के डौंडिया खेर के निवासी 16 एवं 17 सदी में दूसरे जनपदों में जाकर व्यापार करते थे। तब संसाधन के तौर पर बैलगाड़ी घोड़ा गाड़ी आदि साधन थे। डोंडिया खेर निवासी राहुल सिंह अपने परिजनों संग व्यापार के सिलसिले में आए हुए थे और छानी गांव में रुककर गांव गांव जाकर गुड़ चावल आदि बेचते थे। उस समय बिदोखर के आसपास के गांवों में बगरी ठाकुरों की बाहुल्यता थी। ज्येष्ठ मास की दोपहर में राहुल देव सिंह अपने साथियो संग सामान बेंचकर पाटनपुर गांव से वापस लौटकर बिदोखर आ रहे थे। भीषण गर्मी चिलचिलाती धूप में गला सूख रहा था। गांव के बाहर खेतों में पाटनपुर के रास्ते के बगल में बने एक कुएं में कुछ बगरी समाज के अति बिगड़ैल युवक स्नान कर रहे थे। राहुल देव सिंह अपने भाई सतरूप सिंह के



साथ कुएं में पानी पीने के लिए पहुंचे और स्नान कर रहे बगरी क्षत्रिय युवकों से पीने के लिए पानी मांगा। बगरी समाज के युवकों ने उनके सामने शर्त रखी कि वह जिस पात्र में पानी देंगे उसी में ग्रहण करना पड़ेगा। राहुल देव सिंह और उनके भाई ने यह सोचकर शर्त मान ली कि पानी पीने वाले पात्र मे ही पानी देंगे। लिहाजा उन्होंने हां कर दी। बताते हैं बगरी समाज के बिगडैल युवकों ने उन्हें जूते (पनही) में पानी भरकर पीने को दिया। इस पर दोनों भाइयों ने इनकार कर दिया। इससे वादविवाद होने लगा। वादविवाद के बाद बगरी समाज के युवक मारपीट पर आमादा हो गए। लिहाजा बचाव के लिए दोनों भाई गांव की तरफ भागे। गर्मी के कारण ज्यादातर घरों के दरवाजे बंद थे। दोनों भाई मदद के लिए चिल्लाते रहे लेकिन बगरी क्षत्रिय युवकों के आतंक और दहशत के कारण किसी गांव वासी की हिम्मत नहीं पड़ी और उन्होंने राहुल देव सिंह को गांव के मध्य में धारदार हथियारों से घेरकर मार दिया। सतरूप सिंह घायलावस्था में किसी तरह बचते बचते छानी गांव पहुंचे और घटना से साथियों को अवगत कराया। इस घटना से बैस क्षत्रियों को गहरा आघात लगा। लिहाजा उन्होंने घटना का बदला लेने का संकल्प लेकर डोंडिया खेर के लिए वापस हो गए और अपने गुप्तचरों के माध्यम से उनकी गतिविधियों की जानकारी लेना शुरू कर दिया। गुप्तचरों ने बताया कि दशहरे के दिन यह बड़ा उत्सव मनाते हैं। नाचगाने का दौर चलता है। सुरा सुंदरी में सब मदहोश रहते हैं। लिहाजा बैस क्षत्रियों ने उसी रात हमले की तैयारी शुरू की और दशहरे की रात बगरी क्षत्रियों पर हमला बोलकर भीषण मारकाट करते हुए सैकड़ो लोगों को मौत के घाट उतार दिया और संपत्ति आदि लौटकर गांव में कब्जा जमा लिया। तब से अब तक यह 52 गांवों में बस चुके हैं। इनको बावनी का बैस क्षत्रिय कहा जाता है। इसी घटना के उपलक्ष्य में दशहरे के दूसरे दिन यह लोग राहुल देव सिंह की समाधि पर एकत्र होकर जीत के जश्न की परंपराओं का निर्वहन करते हैं। इसमें ब्राह्मणों को दक्षिणा आदि देने की परंपरा आज भी है।

## केन माता की महाआरतीः दशहरा के पावन पर्व की दी शुभकामनाएं



**बांदा।** केन माता की महाआरती सभी भक्तों ने उपस्थित होकर श्रद्धा पूर्वक से शामिल हुए महा आरती में लगातार जिले में विशेष मुद्दों पर चर्चा की जाती है और हमेशा आगे भी करते रहेंगे जैसा कि आपको अवगत कराते हैं नवरात्रि के पावन पर्व पर एक विशेष पूजा की जाती है जिस पर गंगा माता की भी विशेष पूजा होती है और आगे जिला संयोजक गंगा समग्र/जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने अवगत कराया है कि केन नदी किनारे एक ऐसा सुंदर नजारा दिखता है जिसको देखकर आप भाव विभोर हो सकते हैं वहां पर उपस्थित सभी भक्तगणों को प्रसाद बांटा गया और साथ में सभी को विशेष शपथ दिलाई गई नदी पर पूजा सामग्री या अन्य प्रकार का अवशिष्ट पदार्थ ना डालें जिससे जलीय जीव जंतु का नुकसान हो या आपके घरों में यही पानी पहुंचता है जिससे आप भी बीमार हो सकते हैं और लंबी बीमारी के भी शिकार हो सकते हैं इस मौके में उपस्थित व्यापार मंडल युवा जिला अध्यक्ष प्रेम गुप्ता जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया राहुल गुप्ता नगर उपाध्यक्ष विनोद कुमार आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आज होगा रावण और मेघनाथ के पुतलों का दहन

**हमीरपुर।** दशहरा पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रत्येक वर्ष की अपेक्षा इस बार दशहरे पर रावण का सिर दस फीट और मेघनाथ का सिर नौ फीट का दहन किया जाएगा। इन दोनों पुतलों के कानपुर के कारीगर तैयार कर रहे हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में धूमधाम से दशहरे के मेले का आयोजन करने की तैयारी जोरो पर है। चेयरमैन कुलदीप निषाद ने बताया कि गुरुवार को विशाल रामरथ यात्रा निकालकर दशहरे में रावण और मेघनाथ के पुतलों को दहन किया जाएगा। बताया कि इस बार दशहरा मेला का नजारा अलग ही नजर आएगा। विभिन्न प्रकार के झूले और दुकाने लगाए जाएंगे। बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार रावण का पुतला 5 फीट ऊंचा होकर 45 फीट और मेघनाथ का पुतला 42 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है। दोनों पुतलो को कानपुर के मोहम्मद इक़बाल कारीगर द्वारा बनाया जा रहा है।

## कोचिंग सेंटर में नारी सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मौदहा हमीरपुर।** मिशन शक्ति में लगातार हो रहे कार्यक्रमों में कस्बे के प्रतिष्ठित राइन इंस्टिट्वीट कोचिंग सेंटर में नारी सशक्तिकरण के कार्यक्रम में कोतवाली पुलिस की महिला उपनिरीक्षक कोमल व हेड कांस्टेबल विनीता यादव, का. आसिफ शेख, का. सत्येंद्र पांडे आदि ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए छात्राओं व महिलाओं के संबंध में बताया की नारी सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता करना है जिससे आत्मरक्षा स्वावलंबन कुरीतियों का विरोध महिला हेल्पलाइन, बाल विवाह, भ्रूण हत्या, लैंगिक समानता आदि प्रमुख हैं। इस अवसर पर फरीद उर्फ बाबूजी, मुजीब अहमद, अमीर, रकीब, इंद्रवीर, इरफान, रऊफ गुलशेर आदि लोग मौजूद रहे।

### बिना मालिक के शहर के सरपट दौड़ रही सेंटमेरी स्कूल की बसें

**बांदा।** शहर के तिंदवारी रोड में स्थित सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे जो कि बस से आवागमन करते हैं कि सुरक्षा का जिम्मेदारी भगवान भरोसे चल रही है। क्योंकि स्कूल में बस के ठेकेदार विनय श्रीवास्तव पिछले कुछ माह पूर्व रहस्यमय तरीके से लापता हो गये थे कि जिनका अभी तक पता नहीं चल सका है। ऐसे में बिना मालिक के शहर की रोडों के बिना मालिक के दौड़ रही बसों में यदि बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की घटना होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। यह भी तक निर्धारित नहीं हो पाया है। उधर इस मामले में स्कूल के फादर भी अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि सेंटर मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और वियोना कंपनी ओनर विनय श्रीवास्तव के बीच काफी समय से बसों के लेकर अनुबंध है। जिसके चलते बसों का किराया विनय श्रीवास्तव के द्वारा वसूला जाता है। लेकिन पिछले कुछ माह पूर्व फादर और विनय के विवाद के चलते विनय रहस्यमय तरीके से गायब हो गये। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। जबकि उनकी कंपनी की सभी बसों में आत तक बिना किसी मालिक के हजारों बच्चे स्कूल आते और जाते हैं। ऐसे में यदि उनके साथ कोई हादसा या अन्य घटना होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। यह बहुत बड़ा सवाल है। उधर इस संबंध में जब स्कूल के फादर से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विनय श्रीवास्तव के गायब होने के बाद से उनकी पत्नी द्वारा लगातार बस का किराया बच्चों के अभिभावकों से वसूला जा रहा है। स्कूल के द्वारा कई बार नोटिस देने के बाद भी बसों की जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं है। जबकि शहर के कई नामचीन लोग विनय श्रीवास्तव की सिफारिश के लिए आ चुके हैं और मामले को निपटाने का आश्वासन दे चुके हैं। लेकिन आज तक कोई भी जिम्मेदार सामने नहीं आया।

# जमीन और रुपयों के विवाद के चलते पुत्र ने की थी पिता की हत्या

- ब्लाइंड मर्डर की घटना का थाना नरैनी पुलिस द्वारा किया गया खुलासा
- अपने पिता के करीबी मित्र के साथ मिलकर रची थी हत्या की पूरी योजना

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नरैनी क्षेत्र के ग्राम



हड़हा में हुए ब्लाइंड मर्डर की घटना का थाना नरैनी पुलि द्वारा सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त पुत्र तथा उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि थाना नरैनी क्षेत्र के ग्राम हड़हा में 26/27 सितंबर 25 की रात्रि लगभग 01.30 बजे ग्राम हड़हा के रहने वाले मंसूर खान की अपने घर में सोते समय अज्ञात द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी । जिसके सम्बन्ध में मृतक के पुत्र मासूक खान की तहरीर पर थाना



नरैनी मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी नरैनीकृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया था। क्राइम सीन की बारीकी से जांच एवं घटनास्थल से प्राप्त वैज्ञानिक एवं तकनीकि साक्ष्यों के विवेचन से पुलिस को प्रथम दृष्टया किसी परिचित व्यक्ति द्वारा घटना को अंजाम दिया जाना प्रतीत हो रहा था जो मृतक के सोने से पूर्व ही वहां मौजूद रहा हो । जांच एवं विवेचना तथा मृतक के करीबियों से पूछताछ के क्रम में पुलिस का शक स्वयं मृतक के पुत्र की ओर गया । पुलिस द्वारा मृतक के पुत्र मासूक खान को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने घटना को अपने सहयोकी की मदद से कारित करना स्वीकार किया । उसने बताया कि उसके दादा ने सेवा सत्कार करने पर अपनी मृत्यु से पूर्व 06 बीघा जमीन उसके नाम कर दी थी । उसके पिता (मृतक) ने उसकी शादी करवाने तथा उसका घर बनवाने के नाम पर उसकी 04 बीघा जमीन 44 लाख रुपये में बिकवी दी तथा उसे मात्र 05 लाख रुपये दिए साथ ही घर बनवाकर आधे घर पर कब्जा कर लिया। मृतक ने अपने पुत्र (अभियुक्त) से वादा किया था कि मरने से पहले वह अपनी 03 बीघा जमीन उसके नाम कर देगा। लेकिन अभियुक्त को उसके मित्र ने (सह-अभियुक्त) ने बताया कि उसका पिता 5वीं शादी करने जा रहा है और जिससे शादी कर रहा है वहां पहले से तय हुआ है कि शादी से पूर्व वह अपनी पूरी सम्पत्ति उस महिला के नाम करेगा। दोनों अभियुक्तों के पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, खोखा कारतूस व जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्तों में मासूक खान पुत्र मंसूर खान उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी हड़हा थाना नरैनी जनपद बांदा व इकबाल हुसैन पुत्र जमील हुसैन उम्र लगभग 58 वर्ष निवासी हड़हा थाना नरैनी जनपद बांदा हैं।

# माता के जयकारों के साथ केन में विसर्जित हुईं दुर्गा प्रतिमाएं

- विसर्जन के दौरान भक्तों की आखों में आ गए आंसू, देवी के गीतों से गूंज उठा शहर

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में बुधवार को दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान भव्य जुलूस देखने को मिल रहा है। तरह-तरह की दुर्गा प्रतिमाओं की झांकियां देखने को मिल रही हैं। माता को अंतिम विदाई देने के लिए भक्त ढोल-नगाड़े की धुन पर नृत्य कर रहे हैं। दोपहर से ही देवी प्रतिमाओं को विसर्जन करने के लिए ले जाया गया। जो कि देर रात तक अनवरत जारी रहा। जगह-जगह प्रसाद वितरण और भंडारे होते रहे।



प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, शहर में लगभग 350 देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारी की गई थी। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रमवार काउंटिंग और नंबरिंग प्रणाली लागू की गई, जिससे भक्तगण अपनी बारी आने पर शांतिपूर्ण ढंग से माता का विसर्जन कर सकें।

धूम-धड़ाके और गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस प्रशासन द्वारा तय



मार्ग से गुजरा। डीजे की धुन पर डांस करते हुए देवी भक्त रंग और गुलाल उड़ा रहे। माता रानी की विदाई के दौरान उनका मन भारी जरूर था लेकिन उत्साह भी नजर आ रहा था। विसर्जन मार्ग पर तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा पंडाल लगाए गए थे। इन पंडालों में विसर्जन में शामिल देवी भक्तों को जलपान कराया गया। किसी श्रद्धालु ने हलवा का वितरण किया तो किसी ने



श्रद्धालु को मीठा शरबत पिलाया। इधर, केन नदी में विसर्जन घाट पर पहुंचने के बाद देवी भक्त दुर्गा प्रतिमाओं को नावों पर रखते हुए बीच जलधारा में लेकर पहुंचे। माता रानी के गगनभेदी जयघोष के साथ दुर्गा प्रतिमाओं को केन नदी में विसर्जित किया गया। पूरे 9 दिनों तक जगत माता की पूजा अर्चना के दौरान शहर गुलजार था। जब दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करने



का समय आया तो देवी भक्तों का मन विचलित होने लगे। भारी मन से उत्साह के साथ देवी विमानों को विसर्जन को केन नदी ले जाया गया। मां से जुदाई का समय आया तो तमाम देवी भक्त फफक फफक कर रो पड़े। केन नदी में प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए प्रशासन ने नावों की व्यवस्था की थी। उधर, केंद्रीय दुर्गा पूजा महोत्सव समिति ने इस वर्ष भी महेश्वरी देवी चौराहे पर अपना स्टाल लगाकर देवी प्रतिमा के आयोजकों को शील्ड आदि देकर सम्मानित किया।इस मौके पर राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, संरक्षक राजकुमार शिवहरे, अध्यक्ष अमित सेठ भोलू, चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, रजत सेठ आदि मौजूद रहे।

### मुस्तैदी से तैनात रही पुलिस

**बांदा।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर पूरे समय पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। इस दौरान पुलिस के द्वारा आने-जाने वाले सभी लोगों पर तथा जुलूस में शामिल भक्तों पर खास नजर रही।

# स्वयं भी स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें व जनता को भी इसके लिए करें प्रेरित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ की समिति कक्ष में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, सभी विभागाध्यक्ष, जोनल अधिकारी तथा नगर निगम के पार्षदगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी पम्मी एवं अन्य गणमान्य पार्षदों ने भी इसमें भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों के मद्देनजर नगर निगम की तैयारियों और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना रहा। महापौर ने इस अवसर पर नगर निगम के सभी अधिकारियों और पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं भी स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें और जनता को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत का आह्वान किया है।

इस क्रम में नगर निगम लखनऊ भी स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान देगा। महापौर ने आमजन से आहवान किया कि त्योहारों के अवसर पर हमें विदेशी वस्तुओं के बजाय देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। जब हम गांधी आश्रम से कपड़े या अन्य स्वदेशी सामान खरीदते हैं, तो यह केवल खरीदारी नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है।बैठक के उपरांत महापौर स्वयं अधिकारियों और पार्षदों के साथ हजरतगंज स्थित गांधी आश्रम पहुंचीं। यहां उन्होंने स्वदेशी को अपनाने का संदेश देते हुए स्वयं खरीदारी की। महापौर ने दो साड़ियां खरीदीं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शर्ट और कुछ अन्य घरेलू सामान खरीदे। नगर निगम के विभिन्न अधिकारियों और पार्षदों ने भी कपड़े और उपयोगी वस्तुएं खरीदकर स्वदेशी को अपनाने का संदेश दिया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि गांधी आश्रम से खरीदारी करना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विचारधारा को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने अपील की कि शहरवासी इस त्योहारी सीजन में अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुएं खरीदें। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। बैठक में नगर निगम द्वारा स्वच्छता, सफाई व्यवस्था और रोशनी जैसी तैयारियों पर भी चर्चा की गई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान शहरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों को साफ-सफाई और जलभराव की समस्या पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# सहारा शहर सील करने पहुंचे अधिकारी, प्रतिनिधियों की मिन्नतों के बाद टीम ने दिया तीन दिन का समय

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में सहारा शहर सील की सीलिंग करने नगर निगम की टीम बुधवार को पहुंची। टीम के अधिकारी ताले लगाने जा रहे थे तभी सहारा के प्रतिनिधि पहुंच गए। उन्होंने समय देने की मिन्नतें की जिसके बाद 3 दिन का समय दे दिया गया। मौके पर भारी पुलिस बल, ईटीएफ पीएसी बल भी मौजूद रहा।

नगर निगम की टीम ने 3 दिन के अंदर सामान निकालने और सहारा शहर खाली करने का समय दिया है। लखनऊ नगर निगम की टीम पांच ताले और 5 जंजीर लेकर पहुंची थी। गेट की सीलिंग करने ही वाली थी, तभी प्रतिनिधियों ने कुछ दिन समय देने की गुजारिश की। मोहलत देने के बाद परिसर में वीआईपी गाड़ियों का मूवमेंट बढ़ गया है।

बताया जा रहा है कि सीलिंग करने पहुंचे नगर निगम के अधिकारी सहारा के लोगों की एक भी नहीं सुन रहे थे। इसके बाद सहारा के प्रतिनिधियों ने प्रशासन के आलाधिकारियों से बातचीत करनी शुरू की। तब जाकर दोनों पक्ष 3 दिन की मोहलत पर सहमत हुए। लखनऊ में सहारा समूह की 130 एकड़ जमीन पर बनी संपत्तियों (सुब्रतो कोठी) को नगर निगम सील करेगा। सुब्रतो कोठी परिसर में सहारा श्री का लग्जरी महलनुमा बंग्ला, ऑफिस, स्टेडियम, ऑडिटोरियम, गेस्ट हाउस, पेट्रोल पंप, फायर स्टेशन, स्विमिंग पूल, हेलीपैड, थिएटर, अस्पताल, झील, क्लब, गेस्ट हाउस सहित अन्य लग्जरी सुविधाएं हैं। यहां कभी अमिताभ बच्चन, मुलायम सिंह यादव जैसी हस्तियां आती थीं। इनको अब नगर निगम कब्जे में लेकर परिसर को पूरी तरह से खाली कराएगा। अधिकारियों के मुताबिक नगर निगम की तरफ से नोटिस दिए जाने के बाद सहारा ने इसपर जवाब दिया जिसका नगर निगम ने खंडन कर दिया। जिसके बाद से नोटिस में दिया गया समय खत्म होने के बाद एक्शन होना है। नगर निगम के संपत्ति विभाग की तरफ से सहारा शहर में सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### एमएनएस स्थापना दिवस शताब्दी समारोह



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** राजधानी लखनऊ स्थित छावनी में 1 अक्टूबर को सैन्य नर्सिंग सेवा (एमएनएस) ने रक्षा सेवाओं और राष्ट्र के प्रति अपने समर्पण के 100वें वर्ष की उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर लखनऊ गैरिसन के नर्सिंग अधिकारियों ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। शुरुआत लखनऊ छावनी स्थित सेना चिकित्सा कोर (एएमसी) केंद्र एवं कॉलेज के युद्ध स्मारक श्रद्धांजलि पर एक भव्य पुष्पांजलि समारोह के साथ हुई। ब्रिगेडियर एल्सम्मा जॉर्ज, ब्रिगेडियर एमएनएस मुख्यालय मध्य कमान और स्टेशन के सभी एमएनएस अधिकारियों ने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले नर्सिंग अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद केक काटा गया और राष्ट्र सेवा की शपथ ली गई। इसके अलावा इस अवसर पर वॉकथॉन, खेल गतिविधियों और रोगी सुरक्षा बंडलों पर एक कर्मचारी विकास कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर लखनऊ गैरिसन के सभी वरिष्ठ अधिकारियों और सैन्य नर्सिंग सेवा के पूर्व सैनिकों की एक शानदार उपस्थिति रही।

### त्रिपुरा के सीएम केजीएमयू के इवेंट में होंगे शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा इस महीने लखनऊ का दौरा करेंगे। वो प्रदेश के सबसे बड़े चिकित्सा विश्वविद्यालय, केजीएमयू के पुनर्भवम और मैक्सिलोफेशियल ट्रॉमा गैलरी से जुड़े कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। 31 अक्टूबर से शुरू हो रहे, इस 3 दिवसीय कार्यक्रम में मैक्सिलोफेशियल ट्रॉमा के कई दिग्गज एक्सपर्ट भी शामिल होंगे। इनमें चेन्नई के डॉ.अनंत नारायण भी शामिल हैं। केजीएमयू के शताब्दी फेज 2 में होने वाले इस आयोजन के सचिव प्रो.अमिय अग्रवाल ने बताया कि इस 3 दिवसीय आयोजन में देश के कई दिग्गज मैक्सिलोफेशियल एक्सपर्ट शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा होंगे। वो खुद चिकित्सा विश्वविद्यालय के डेंटल फैकल्टी के एलुमिनाई रहे है। डॉ. अमिय अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान सर्जिकल एयरवे, अप्रोचेस टू ऑर्बिट और बोन ग्राफ्ट हार्वेस्टिंग पर लाइव डेमोंस्ट्रेशन होगा। इसके अलावा लेक्चर ऑन मेडिकल इमरजेंसी मैनेजमेंट पर भी एक्सपर्ट टिप्स देंगे। त्रिपुरा सीएम डॉ.माणिक साहा ने केजीएमयू से एमडीएस की पढ़ाई की है।

### पड़ोसी ने छह साल की बच्ची से की छेड़छाड़, आरोपी हिरासत में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बाजारखाला थाना क्षेत्र में पड़ोसी ने छह साल की बच्ची से छेड़छाड़ की। आरोपी के चंगुल से छूटकर भागी बच्ची ने सारी घटना अपनी मां को बताई। इसके बाद मां बच्ची को थाने लेकर गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी को हिरासत में लिया है। बाजारखाला निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी छह साल की बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला अनवर पुत्र इकबाल उसे घर बुला ले गया। बच्ची के साथ गंदी हरकत करने लगा। बच्ची के रोने पर उसे छोड़ दिया। इसके बाद बच्ची घर जाकर मां को सारी जानकारी दी। पीड़िता बच्ची को लेकर थाने गई और अनवर के खिलाफ केस दर्ज कराया। मामले में इंस्पेक्टर बाजारखाला का कहना है कि बच्ची का मेडिकल कराया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पॉक्सो एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### मां कल्याणी कालीबाड़ी मंदिर में दुर्गा पूजा का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर आवासीय महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी इंदिरा नगर प्रियदर्शनी वार्ड के मानस एनक्लेव में मां कल्याणी कालीबाड़ी मंदिर में भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन हुआ है। इस आयोजन में चंडी पाठ ,डांडिया नृत्य, शंख एवं धुनुचि नृत्य के कार्यक्रम का दिन भर आयोजन चलता रहा है साथ ही सभी ने भोग प्रसाद खाकर मां दुर्गा के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुशील भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष गौतम अधिकारी, दीपक बनर्जी, पीके डे, दीपक बनर्जी, देवाशीष बनर्जी सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल रहे।

### गांधीवादी विचारों की रोशनी में आत्मनिर्भर भारत की ओर पर संगोष्ठी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती के अवसर पर मौलाना आजाद मेमोरियल अकादमी, लखनऊ के तत्वावधान में एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसका विषय था दृ ष्महिलाओं का सशक्त और स्वस्थ बननारू गांधीवादी विचारों की रोशनी में आत्मनिर्भर भारत की ओरष। संगोष्ठी का उद्घाटन अकादमी के महासचिव डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गांधी जी के अनुसार समाज की असली शक्ति महिलाएँ हैं और आज आवश्यकता है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के माध्यम से उन्हें उनका सम्मानजनक स्थान दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि महिला स्वस्थ और सशक्त होगी तो परिवार, समाज और देश सब मजबूत होंगे। इस अवसर पर स्टेट तकमील-उल-तिब्ब कॉलेज की प्रो. सफिया लोखंडे, डॉ मनी राम डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी की प्रो. सोफिया अहमद और पुलिस विभाग से सुश्री विदुषी ने अपने विचार रखे।

### देशवासियों को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने विजयदशमी दशहरा के पावन पर्व पर देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। श्री राय ने अपने संदेश में कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य की, अहंकार पर विनम्रता की और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि चाहे बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंततः विजय सदैव सत्य और धर्म की ही होती है। रावण वध का यह पर्व हमें अपने भीतर और समाज में फैली बुराइयों अन्याय, भ्रष्टाचार, भेदभाव और असमानता को समाप्त करने की प्रेरणा देता है।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दी शारदीय नवरात्र की महानवमी व विजयदशमी पर्व की बधाई

# महिलाओं के प्रति अपराध में न्यूनतम, सजा दिलाने में नंबर वन यूपी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं गुरुवार को मनाए जाने वाले विजयदशमी पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि जीवन के किसी भी पक्ष में नारी शक्ति के बगैर सृष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती। नारी शक्ति के प्रति सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए इसी भाव के साथ अनेक कार्यक्रम चला रही है। इन कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप सुखद तथ्य यह है कि आबादी के दृष्टिकोण से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद उत्तर प्रदेश के महिलाओं के प्रति अपराध



न्यूनतम है, जबकि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध के मामले में यह प्रदेश देश में नम्बर वन है।

मुख्यमंत्री योगी बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर बुधवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि में कन्या पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मावलंबी वर्ष में दो बार शारदीय और वासंतिक नवरात्र में जगतजननी मां भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान के कार्यक्रम से श्रद्धा और उल्लास से जुड़ते हैं। सनातन परंपरा में मातृ शक्ति व नारी शक्ति के प्रति आस्था का यह पर्व नई प्रेरणा प्रदान करता है। नवरात्र का यह पर्व अवगत कराता है कि चराचर जगत की आदि शक्ति, नारी शक्ति का ही रूप हैं। आज शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान हो रहा है।

#### बेटी सुरक्षित तो समाज सुरक्षित

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां बेटी सुरक्षित और सम्मानित है तो वहां का समाज भी सुरक्षित और सम्मानित माना जाता है। उत्तर प्रदेश में ऐसा ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, कन्या सुमंगला और सामूहिक विवाह जैसी योजनाएं बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए हैं। इसी क्रम में देश की सर्वोच्च पंचायतों में नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी लाया गया है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 1 करोड़ महिलाओं को किसी न किसी रूप में 12000 रुपये सालाना पेंशन दिया जा रहा है। 26 लाख बेटियों को जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25000 रुपये के पैकेज वाले कन्या सुमंगला योजना से जोड़ा गया है। सामूहिक विवाह योजना में धनराशि बढ़ाकर प्रति जोड़ा एक लाख रुपये करके गरीब परिवारों को बेटियों के विवाह में धन की चिंता से मुक्त कर दिया गया है।

#### नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को समर्पित है सरकार

मुख्यमंत्री योगी ने कहा सनातन आस्था में नारी शक्ति को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सनातन आस्था की नैतिक जिम्मेदारी के भाव से सरकार नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए शारदीय नवरात्र की पहली तिथि, 22 सितंबर से मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारंभ किया गया है। इसमें महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही उनके स्वावलंबन जागरूकता के लिए पंचायत स्तर तक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### सीएम योगी के विरूद्ध अपमानजनक टिप्पणी से नाराज सिख समाज का प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरूद्ध महाराष्ट्र के एक मौलाना की अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में बुधवार को महानगर के परिवर्तन चौक पर सिख समाज के प्रतिनिधियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में एकत्र सिख समाज के लोगों ने हम हैं योगी के साथ के नारे लगाये। प्रदर्शनकारियों ने मौलाना से माफी मांगने की मांग की। इस प्रदर्शन में कई जनपदों के सिख प्रतिनिधि शामिल हुए। इस मौके पर गुरू गोविन्द सिंह सेवा समिति के महामंत्री सरदार परविन्दर सिंह ने कहा कि सिख समाज सभी धर्मों का सम्मान करता है। महाराष्ट्र के मौलाना का बयान बेहद आपत्तिजनक है और समाज को आक्रोशित करने वाला है।

# योगी सरकार का किसानों के पंजीकरण पर जोर, जिलों में 50 फीसदी कार्य पूर्ण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के पंजीकरण कार्य पर विशेष जोर दे रही है। प्रदेशभर में किसानों का पंजीकरण तेजी से कराया जा रहा है। अब तक उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में 50 प्रतिशत तक फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण हो चुका है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल 2026 से पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त उन्हीं किसानों को मिलेगी जिन्होंने पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया होगा। ऐसे में योगी सरकार जल्द से जल्द प्रदेश भर के किसानों के रजिस्ट्रेशन पर जोर दे रही है। योगी सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया है कि पीएम किसान पोर्टल पर प्रत्येक किसान का विवरण अपडेट कराया जाए। इसके लिए 16 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्रतिदिन शिविर लगाए जाएंगे। प्रत्येक गांव में कम से कम एक शिविर आयोजित करना अनिवार्य होगा। यहां पर किसानों को मौके पर पंजीकरण और विवरण अपडेट करने की सुविधा दी जाएगी। कृषि विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार किसानों से अपील की गई है कि वे समय पर अपना पंजीकरण कराएं ताकि किसी भी किसान को पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त से वंचित न होना पड़े।

### नवमी पर बड़ी काली मंदिर में उमड़े भक्त, माता सिद्धिदात्री की पूजा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक बड़ी काली मंदिर में शारदीय नवरात्रि की नवमी पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मां सिद्धिदात्री की आराधना के लिए श्रद्धालु परिवार सहित मंदिर पहुंचे और माता के दरबार में पूजा-अर्चना की। इसके अलावा बीकेटी चंद्रिका देवी समेत शहर के विभिन्न मंदिर परिसर में जयकारों की गूंज और धार्मिक माहौल देखते ही बन रहा है। सुबह चार बजे से ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। भोर से ही भक्त मां के दर्शन करने और विशेष पूजा में शामिल होने पहुंचे। भक्तों ने फल, फूल और चुनरी चढ़ाकर माता से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।

# भाइयों के बीच मारपीट में बड़े भाई की मौत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** सरोजनी नगर में शराब पीने से मना करने पर दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई। छोटे ने गुस्से में आकर बड़े भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे बड़े भाई की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों भाई दो अन्य साथियों के साथ अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया में गुटखा कंपनी की ठेकेदारी करते थे। मृतक की पहचान अश्वनी कुमार (33) के रूप में हुई।

अश्वनी मूल रूप से आशियाना के रजनी खंड का निवासी था। उसकी मां की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है। पिता राजेश कुमार दूसरी शादी कर महोबा में रहते हैं। अश्वनी का छोटा भाई गौरव उसे हमेशा शराब पीने को मना करता था जिससे झगड़ा हो जाता था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात भी जब अश्वनी शराब पीने लगा तो छोटे भाई गौरव ने मना किया। इस पर वह छोटे भाई से औकात की बात करने लगा। इससे दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। गौरव ने गुस्से में आकर उस पर धारदार हथियार से वार कर दिया। अश्वनी गिरा तो उठ नहीं पाया। सरोजनीनगर पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उसे आनन-फानन में सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई को हिरासत में लिया गया है। वह अभी कुछ स्पष्ट बात बता नहीं रहा है। अश्वनी अपने छोटे भाई गौरव और दो साथियों सोनू-मोनू के साथ कैलाश विहार (गिंदनखेड़ा) में किराए पर रहता था। वे सभी अमौसी औद्योगिक क्षेत्र स्थित कमला पसंद फैक्ट्री में ठेकेदारी का काम करते थे। बताया जाता है कि अश्वनी शराब पीने का आदी था, इसी बात को लेकर भाइयों के बीच अक्सर विवाद होता था। मंगलवार देर रात भी अश्वनी शराब पीने लगा, जिसके बाद दोनों में झगड़ा हो गया। सरोजनीनगर थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि घटना के समय सोनू और मोनू कमरे पर मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि गौरव ने हत्या की है या झगड़े के दौरान किसी लोहे की वस्तु से चोट लगने से मौत हुई है।

#### मृतक के भाई को पुलिस ने लिया हिरासत में जांच शुरु

# एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में लगा रक्तदान शिविर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर, एन.सी.सी ग्रुप मुख्यालय, लखनऊ द्वारा कमांड अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस पहल में 3 यूपी नेवल यूनिट, 5 यूपी एयर स्क्वाड्रन, 19 व 20 यूपी गर्ल्स बटालियन और 63, 64 व 67 यूपी बटालियन एनसीसी सहित विभिन्न इकाइयों और बटालियनों के अनेकों एनसीसी कैडेटों एवं स्टाफ ने उत्साह और समर्पण के साथ प्रतिभाग किया।

यह केंद्रीय रूप से समन्वित कार्यक्रम सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा के प्रति एनसीसी की अटूट प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रमाण था, जो एकता और अनुशासन के आदर्श वाक्य को साकार करता है। इस दौरान मेजर जनरल आलोक भल्ला, वीएसएम, कमांडेंट, कमान हॉस्पिटल, मध्य कमान और ब्रिगेडियर मनोज एस, एडम व कमांडर ट्रूप्स, कमान अस्पताल लखनऊ उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदान शपथ समारोह में भाग लिया और कैडेटों के समर्पण की सराहना की। कर्नल नंदिता हज़ारा, पैथोलॉजिस्ट तथा डॉक्टरों व पैरामेडिक्स की टीम द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के कारण संपूर्ण रक्तदान प्रक्रिया सभी चिकित्सा एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए सुरक्षित तथा सुचारू रूप से संपन्न हुई।



#### रक्तदाता प्रमाण पत्र से किया गया सम्मानित

रक्तदान करने वाले कैडेटों को उनके नेक योगदान की काफी सराहना हुई। रक्तदाताओं को इस पुनीत कार्य के लिए कमांडेंट द्वारा रक्तदाता प्रमाण पत्र से सम्मानित भी किया गया। वहीं ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, लखनऊ ने भी रक्तदाता कैडेटों की प्रशंसा करते हुए कहा कि फ्रक्तदान महादान है, यह जीवन का दान है। शिविर में सफलतापूर्वक रक्त की एक महत्वपूर्ण संख्या में यूनिटें एकत्र की गईं, जो गंभीर रोगियों की देखभाल, आपातकालीन चिकित्सा तथा अंततः जीवन बचाने में सहायक होंगी।

### प्रदेशवासियों को योगी सरकार का दिवाली गिफ्ट, 10 प्रतिशत घटा किराया

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दशहरा और दीपावली के त्यौहारों के मौके पर राज्य सड़क परिवहन निगम यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित वातानुकूलित बसों के किराये में 10 प्रतिशत तक की कटौती की घोषणा की है। किराये में यह रियायत अगली सूचना तक जारी रहेगी। प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यात्रियों को अधिक आरामदायक और किफायती यात्रा अनुभव प्रदान करना है। किराए में कमी जनरथ, पिंक, शताब्दी, वोल्वो और एसी स्लीपर बस सेवाओं पर लागू होगी। रियायत एक जनवरी 2024 के बाद से नई पंजीकृत वातानुकूलित बसों पर लागू नहीं होगी। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिया कि बस चालकों परिचालकों को अधिक यात्रियों को आकर्षित करने के लिए प्रेरित किया जाए।

# मिलावटखोरों पर कार्रवाई : मोबाइल प्रयोगशाला ने 36 जिलों में की जांच

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** आयुक्त,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा रोशन जैकब के निर्देशों के क्रम मे प्रदेश के 29 व 30 सितम्बर को 36जनपदों में खाद्य पदार्थो पनीर, घी, खोया, खाद्य तेल एवं बेसन की मोबाईल प्रयोगशाला द्वारा मण्डियों प्रमुख बाजारों में प्राथमिक जांच की गयी।

मानक के अनुरूप न पाये जाने पर नियमानुसार जब्तीकरण नष्टीकरण की कार्यवाही की गयी प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिवसीय अभियान मे 1688 निरीक्षण किये गये, 667 स्थानो पर छापेमारी की गयी और 779 नमूने संग्रहित किए गए। 157 कुंतल से अधिक मात्रा की खाद्य सामग्री जब्त की गई, जिसका अनुमानित मूल्य 20 लाख से अधिक बताया गया है। 1170 किलोग्राम सामग्री नष्ट की गई है, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग रूपये 2 लाख 40 हजार है। घी के 88,पनीर के 124,खोया के 67, खाद्य तेल के 137,बेसन के 147,अन्य पदार्थो के 216 नमूने संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियो द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलो मे मोबाईल प्रयोगशाला द्वारा प्रमुख बाजारों में टेस्टिंग, अवेयरनेस करते हुए मिलावट के प्रति सतर्कता बढ़ाई गयी तथा उपभोक्ताओं का खाद्य सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम मे 29 व 30 सितम्बर को विशेष अभियान चलाकर मोबाईल प्रयोगशाला द्वारा प्रमुख बाजारों में टेस्टिंग अवेयरनेस का कार्य किया गया।

# इंस्पायर-मानक योजनान्तर्गत नामांकन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** इंस्पायर-मानक योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वोच्च उपलब्धि दर्ज करते हुए इस वर्ष 2,80,747 नामांकन कराकर प्रथम स्थान प्राप्तकिया है।

योजना की शुरूआत से अब तक का यह सर्वाधिक नामांकन है।शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि वर्ष 2025-26 में नामांकन की अवधि 15 जून से 30 सितम्बर तक रही, जिसमें उत्तर प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के साथ बेसिक शिक्षा परिषद् के जूनियर हाईस्कूलों, कम्पोजिट स्कूलों, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों,संस्कृत विद्यालयों और केन्द्रीय बोर्ड के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं राज्य सह नोडल अधिकारी विवेक नौटियाल ने जानकारी दी कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रदेश ने 70,400 अधिक नामांकन दर्ज कराकर अभूतपूर्व प्रगति की है। 2024-25 में नामांकन संख्या 2,10,347 थी। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के साथ ही उत्तर प्रदेश ने राजस्थान 1,41,142 नामांकन और कर्नाटक 1,01,656 नामांकन को पछाड़ते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्री नौटियाल ने यह भी बताया कि देश में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले शीर्ष 50 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 21 जनपदों ने स्थान पाया है, जबकि गत वर्ष यह संख्या 12 थी। प्रयागराज 6वां स्थान, 6929 नामांकन लखनऊ 7वां स्थान, 6721 नामांकन और हरदोई 8वां स्थान, 6689 नामांकन सहित प्रमुख जनपदों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंस्पायर-मानक योजना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत द्वारा संचालित है, जिसका उद्देश्य विद्यालयी छात्रों में नवाचार, रचनात्मकता और वैज्ञानिकसोच को प्रोत्साहित करना है।योजनांतर्गत कक्षा 6 से 12 तक केछात्र-छात्राओं के मौलिक व नवाचारी विचारों एवं प्रासंगिक समाधान को ऑनलाइन नामांकन के रूप में आमंत्रित किया जाता है।

# वृद्धजनों की सकारात्मक ऊर्जा ही देश को कर रही आलोकित : राजेश्वर सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा अटल बिहारी वाजपेई सभागार बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सरोजनीनगर विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन किया।

डॉ. सिंह ने कहा कि वृद्धजनों की सकारात्मक ऊर्जा ही देश को आलोकित कर रही है। यही ऊर्जा है जिसके बल पर भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी तस्र्थ्क्कहै और सबसे बड़े बजट वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रनिर्माण में वृद्धजनों



का योगदान है। भारत ने जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं, उसका श्रेय वरिष्ठजनों की मेहनत और त्याग को जाता है। वृद्धजनों ने भारत को आर्थिक ही नहीं, सांस्कृतिक महाशक्ति भी बनाया है। आज वे युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं, उनके सपनों को दिशा देने और कट्टरवाद जैसी चुनौतियों के विरुद्ध खड़ा करने का दायित्व भी हमारे वरिष्ठजनों का है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज निवेश और उद्योग का केंद्र बन रहा है। प्रदेश को अब तक 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।




JURIS LAW COLLEGE
Affiliated to L.U., Approved by BCI
ADMISSION OPEN
L.L.B. 3 Years
L.L.B. 5 Years
OUR BRANCHES
Chhota Bhawara Crossing, Gomti Nagar Extension, Near Max Hospital, Lko.
Devri Rukhara, Bakshi Ka Talab, Lko.

### रामनवमी पर देवीपाटन मंडल में 'मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद', बेटियों ने रखे विकसित भारत के सुझाव

# महिलाओं के समग्र विकास से ही देश बनेगा विकसित

समृद्धि न्यूज






**गोंडा ।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर बुधवार को देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अनोखी पहल के तहत कमिश्नरेट सभागार में 'मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आयुक्त की इस नवाचारी पहल में मिशन शक्ति और विकसित भारत अभियान का समन्वित स्वरूप स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की लगभग 20 अधिक छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण तथा विकसित भारत 2047 को लेकर अपने विचार और सुझाव आयुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। कई छात्राओं ने महिला सुरक्षा, शिक्षा में समान अवसर, तकनीकी कौशल विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में कैरियर मार्गदर्शन केंद्र तथा बेटियों के लिए विशेष प्रतिभा प्रोत्साहन योजनाओं जैसे नवोन्मेषी प्रस्ताव रखे। उनके इन सुझावों पर आयुक्त सहित उपस्थित अधिकारियों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया।

इसी क्रम में जनपद के कई पत्रकारों ने भी विकसित भारत 2047 विषय पर अपने विचार प्रकट किए और बताया कि बेटियों को यदि शिक्षा, सुरक्षा और अवसर मिलें तो भारत को विकसित बनने से कोई नहीं रोक सकता। आयुक्त ने कहा कि सभी छात्राओं और पत्रकारों द्वारा दिए गए सुझावों को शासन स्तर पर भेजा जाएगा, ताकि नीति निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में श्रेष्ठ विचार एवं सुझाव प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। आयुक्त और उनकी पत्नी गरिमा भूषण ने विजेता बालिकाओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए। एससीपीएम कॉलेज की नंदिनी को प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये, भैया राघव राम पाण्डेय श्री गांधी इंटर कॉलेज की आकांक्षा द्विवेदी को द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की रूपा, कंपोजिट विद्यालय पथवालिया की महक और भैया राघव राम पाण्डेय श्री गांधी इंटर कॉलेज की हुनैजा को दो-दो हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार दिया गया।

सभी प्रतिभागी छात्राओं को आकांक्षा समिति की ओर से एक-एक हजार रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को विकसित बनाने का सपना तब तक संभव नहीं, जब तक देश की 50 प्रतिशत आबादी यानी महिलाओं का समग्र विकास सुनिश्चित न हो। उन्होंने कहा कि यदि बेटियां आगे बढ़ेंगी, तो समाज, प्रदेश और देश तीनों आगे बढ़ेंगे। उन्होंने छात्राओं को 1090, 112, 1076, 1098, 181, 102 और 108 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उन पर सजग रहने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने यह भावनात्मक कामना भी व्यक्त की कि 2047 में जब भारत विकसित देशों की श्रेणी में पहुंचे, तब यहां की कोई छात्रा इसी आयुक्त कार्यालय में आयुक्त बनकर आए। इस अवसर पर अपर आयुक्त कमलेश चंद्र ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों के विदेश पलायन को रोकना होगा।

यदि देश की बुद्धिमत्ता और युवा शक्ति देश में ही योगदान दें, तो विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत विश्व में अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त विकास आयुक्त, अपर आयुक्त न्यायिक, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण, अध्यापक वर्ग, तथा बालिकाएं उपस्थित रहीं। अंत में आयुक्त ने सभी से आह्वान किया कि जब देश के प्रधानमंत्री ने विकसित भारत का संकल्प लिया है, तो हम सबको भी संकल्प लेना होगा कि 2047 तक भारत दुनिया का अग्रणी देश बने।

# अवैध रूप से सवारियां बैठा रहीं प्राइवेट बसों पर एआरटीओ प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** शासन के निर्देशानुसार अवैध परिवहन गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु एआरटीओ प्रशासन रामचन्द्र भारतीय द्वारा सरकारी बस स्टैंड पर अवैध रूप से सवारियों को बैठा रहे प्राइवेट बसों के खिलाफ की कार्यवाही। इस अभियान के अंतर्गत उन्होंने स्वयं गोण्डा स्थित सरकारी बस स्टैंड का निरीक्षण किया और मौके पर अवैध रूप से सवारियां बैठा रहीं प्राइवेट बसों के खिलाफ कार्यवाही की।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ प्राइवेट बस संचालक बिना किसी वैध अनुमति के सरकारी बस स्टैंड पर सवारियों को बैठाकर नियमों की खुली अवहेलना कर रहे थे। एआरटीओ प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से ऐसी बसों को सीज़ किया और संबंधित बस संचालकों को नोटिस जारी किए गए। इसके साथ ही बस स्टैंड परिसर में मौजूद यात्रीगणों को भी जानकारी दी गई कि वे केवल अधिकृत एवं परमिटधारी वाहनों का ही उपयोग करें। रामचन्द्र भारतीय ने कहा कि यह कार्यवाही उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार की गई है और भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश में अवैध यातायात को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

एआरटीओ प्रशासन द्वारा की गई इस त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही से आम जनमानस में सकारात्मक संदेश गया है तथा लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की है। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि इसी प्रकार से सरकारी बस अड्डे पर औचक निरीक्षण किया जाता रहेगा, यदि अगर प्राइवेट बसों द्वारा सरकारी बस स्टैंड पर अवैध रूप से सवारी बैठाते हुए पाया गया तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने चोर को चोरी के सामान समेत दबोचा, भेजा जेल



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विशेश्वरगंज पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर क्षेत्र में संदेश दिया है कि अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) और क्षेत्राधिकारी पयागपुर के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर अभियुक्त पूरन वर्मा उर्फ राजेश कुमार पुत्र श्यामलाल वर्मा निवासी श्रीनगर चौराहा, जमुनहा कला को दबोच लिया। गिरफ्तारी मु.अ.सं. 352/25 धारा 305, 317(2) बीएनएस से जुड़ी थी। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन पैकेट नमक, 250 ग्राम चीनी, 500 ग्राम मटर, 100 ग्राम चाय पत्ती और मसाले का पैकेट बरामद किया। इस कार्रवाई में मुख्य भूमिका उप निरीक्षक नरसिंह की रही। पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही पूरी कर माननीय न्यायालय के हवाले कर दिया, जहाँ से उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया।

### वन्य जीव हमले में मृतक वृद्ध दम्पत्ति के घर पहुंचे डीएम-एसपी

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत हिंसक वन्य जीव प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम उच्चापाही (भिरगूपुरवा), पोस्ट-मझारा तौकली पहुंच कर सोमवार की रात्रि वन्य जीव हमले में मृतक छेद्दन पुत्र स्व. जनार्दन व मुनकिया पत्नी छेद्दन के घर जाकर शोक संतप्त परिवार से भेंट कर सांत्वना दी। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि शासन व जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ है। मानव व्नय जीव संघर्ष में प्रभावित परिवारों को शासन द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने वन विभाग द्वारा हिंसक वन्य जीवों के रेस्क्यू हेतु संचालित गतिविधियों के स्थानों का भ्रमण कर मौके पर मौजूद प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव व पूर्व डीएफओ अजीत प्रताप सिंह से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस आपातकालीन सेवा के संबंध में दी जानकारी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को रेलवे स्टेशन गोंडा पर थाना प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स व महिला पुलिस कर्मी के साथ मिशन शक्ति फेज 5.0,के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन गोंडा पर महिला सुरक्षा के संबंध में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन के संबंध में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रहीहेल्पलाइन 1090 विमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 181 महिला पावर लाइन,112 पुलिस आपातकालीन सेवा व साइबर अपराध के संबंध में बताया गया व पंपलेट देकर जागरूक किया गया।

### विशेश्वरगंज में भ्रामक सूचना फैलाने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार




**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले में अपराधियों पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर तहलका मचा दिया। अभियुक्त मुकेश पुत्र स्व. मायाराम, नूर मो0 पुत्र मो0 हनीफ और इजहार पुत्र छोटके अमीर अली, सभी ग्राम जोगनी दा0 कांधभारी के निवासी, व्हाट्सएप के माध्यम से चोरों के फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर आम जनता में भय और रोष फैला रहे थे। एसपी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) और क्षेत्राधिकारी पयागपुर के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष राज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने मु0अ0स0 353/325 धारा 353 (1) (b) बी0एन0एस0 व 66D IT Act के तहत अभियुक्तों को दबोचकर न्यायालय में पेश किया। यह कार्रवाई मिशन शक्ति केंद्र के तहत की गई अभियान की सफलता को दर्शाती है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने का प्रयास करेगा, उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गोण्डा में आयुक्त आवास पर हुआ कन्या भोज

समृद्धि न्यूज





**देवीपाटन गोण्डा।** नवरात्रि की नवमी तिथि पर शक्ति आराधना का अद्वितीय उदाहरण उस समय देखने को मिला जब देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील के सरकारी आवास पर कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार कन्याओं में देवी शक्ति का वास माना जाता है, इसी श्रद्धा को आत्मसात करते हुए आयुक्त एवं उनकी धर्मपत्नी गरिमा भूषण ने स्वयं सभी कन्याओं को ससम्मान आसन देकर भोजन परोसा।

आयुक्त दंपति ने झुककर कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे वहां उपस्थित सभी लोगों के हृदय में सम्मान और भक्ति का भाव एक साथ उमड़ पड़ा। इस अवसर पर आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि नवरात्रि शक्ति साधना का पर्व है और कन्याओं का सम्मान ही सबसे बड़ी आराधना है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में शक्ति पुंज बनकर देश, प्रदेश और जिले का नाम रोशन कर रही हैं। शिक्षा, खेल, प्रशासन, विज्ञान और रक्षा जैसे क्षेत्रों में बेटियों ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर यह सिद्ध कर दिया है कि वे किसी से कम नहीं हैं।

उन्होंने समाज से आह्वान किया कि बेटियों के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा उन्हें समान अवसर देकर राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कन्या भोज का यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक जागरूकता का सशक्त संदेश भी बन गया। नवरात्रि की इस नवमी पर आयोजित यह अनुष्ठान शक्ति और संस्कार दोनों का सुंदर समागम बन गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी तन्वी जायसवाल भी मौजूद रहे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी तन्वी जायसवाल भी मौजूद रही।

## युवक पर जंगली जानवर का हमला, 20 दिन में 19 लोग हुए घायल

**बहराइच।** जिले के कैसरगंज तहसील में मंझारा तौक़ली ग्राम पंचायत के मजरा बाबा पटाव में मंगलवार देर शाम एक युवक पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने और दौड़ाने पर युवक की जान बच सकी। हमले में युवक के हाथ में घाव हो गया। बाबा पटाव निवासी राजू यादव अपने घर से कुछ दूरी पर खड़े थे, तभी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। उनकी चीख सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और शोर मचाया, जिसके बाद जानवर उन्हें छोड़कर भाग गया। घायल युवक को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। पिछले 20 दिनों से इस इलाके में आदमखोर भेड़ियों का आतंक बना हुआ है। इनके हमलों में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 19 लोग घायल हुए हैं। वन विभाग की बीस से अधिक टीमें इन जानवरों को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं।

# परसपुर के खरगूपुर आस्थाई गौशाला का चारा गोदाम ढहा, रखरखाव की मुसीबत



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** प्रदेश सरकार जहां बेसहारा पशुओं के लिए गौशालाएं खोल कर उनके इंतजामात किए हैं। विकास खण्ड परसपुर के आस्थाई गौशाला खरगूपुर का चारा गोदाम ढह गया है। चारा रखने के लिए कोई इंतजामात नहीं किए गए हैं।

अवगत हो कि पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रभान तिवारी उर्फ गुड्डू द्वारा गौशाला का निर्माण कराया गया था। जिसमें लाखों रुपए खर्च किए गए थे, 2020 में हुए पंचायत चुनाव में वो हार गए और प्रधान का ताज प्रहलाद तिवारी को मिला तभी से इन्ही के देखरेख में गौशाला चलाई जा रही हैं। लेकिन स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। जबकि तहसील के जिम्मेदार अधिकारी गौशाला में झांकने तक का जहमत नहीं कर सकें, ग्राम विकास अधिकारी की उदासीन रवैया से पशुओं के चारे की व्यवस्था व रखरखाव भली भांति नहीं हो पाती है।जबकि गौशाला के नाम से कई एकड़ जमीन खाली पड़ी हुई है। जिसमें हरे चारे की बुआई तक नहीं की जा सकी है।पूरे मामले को लेकर ग्राम विकास अधिकारी सतेन्द्र सिंह के दूरभाष पर फोन किया गया तो उनके द्वारा बताया गया की पिछली बरसात में एक दीवाल रह गई थी अब पुणे नई कार्य योजना के तहत उसका जीवन उधर कराया जाएगा जब इस पर उनसे समृद्धि न्यूज़ के पत्रकार ने पूछा की क्या इससे पहले जो बना था वह मानक नहीं था उन्होंने कहा इसके बारे में हम आपको जानकारी नहीं दे पाएंगे ।

## दीपावली से पहले एलाट किए जाएंगे 105 दुकानें : अधिशासी अधिकारी नगर पालिका

▸ मॉडल वेंडिंग जोन के दुकानदारों के लिए खुशखबरी

नरेंद्र लाल गुप्ता



**गोंडा।** जैसा कि आप लोगों को विदित है कि यह मॉडल बेंडिंग जॉन निवर्तमान जिला अधिकारी नेहा शर्मा का ड्रीम प्रोजेक्ट था और उनकी यह इच्छा थी कि जो रेडी/पटरी वाले दुकानदार है उनको बार-बार इधर से उधर हटाया जाता था उनकी बेहतरीन के लिए यह प्रोजेक्ट बनाया गया था।

अभी जिले में यह चर्चा हो रही है कि अब तो शायद यह वेंडिंग जोन विवाद में पड़ गया है किंतु ऐसा कुछ नहीं है आज जब हमने प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एसडीएम विशाल कुमार से इस प्रकरण के बारे में बात किया तो उन्होंने बताया जनपद में कुल 105 दुकानें बनी है जिनका दीपावली से पहले अलॉटमेंट कर दिया जाएगा। जब हमने उनसे यह पूछा कि क्या इस पर कोई विवाद उत्पन्न हो गया है तो उन्होंने बताया ऐसी कोई बात नहीं है कुछ प्रक्रिया चल रही थी जो अब पूरी होने की कगार पर है और पूरी कोशिश रहेगी दीपावली से पहले इन सभी दुकानों का अलॉटमेंट कर दिया जाए।

## कतर्नियाघाट में जंगल से निकलकर बाहर आया हाथी



**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन क्षेत्र में बुधवार सुबह एक नर हाथी जंगल से बाहर निकल आया। यह हाथी चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज के पास कैलाशपुरी के फॉरेस्ट वन बैरियर के सामने गेरुआ नदी में देखा गया। लोगों ने इस दौरान हाथी की तस्वीरें अपने कैमरों में कैद कर लीं। सुबह करीब 7 बजे यह हाथी काफी देर तक नदी में नहाता और खेलता रहा। बैराज-लखीमपुर मुख्य मार्ग से गुजर रहे राहगीरों की भारी भीड़ हाथी को देखने के लिए जमा हो गई। कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन में इस दृश्य को रिकॉर्ड भी किया। वन विभाग के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से कतर्नियाघाट जंगल और उससे सटे रिहायशी इलाकों में जंगली हाथियों की आवाजाही बढ़ी है। इसे देखते हुए वन विभाग और गजमित्रों की टीमों को सतर्क कर दिया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को बांटे फल व शॉल ओढ़ाकर किया सम्मान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सीएमओ कार्यालय में सीएमओ डॉ संजय कुमार ने हस्ताक्षर अभियान से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि आज के समस्त कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सम्मानजनक और सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। इन कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के समग्र विकास को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को अपनी सेहत का भी ध्यान रखना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी उनके अनुभवों का लाभ उठा सके।

# सीएचसी पयागपुर में आयोजित हुआ प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज




**पयागपुर, बहराइच** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर मे परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का एक दिवसीय पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया संस्था द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिवार नियोजन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। जिसमें स्थायी और अस्थायी उपाय लाभार्थियों के सही परामर्श और फील्ड में आने वाली चुनौतियों का समाधान कैसे किया जाय।

सीएचसी पयागपुर सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक डॉ साफिया ने प्रशिक्षण के दौरान सभी सीएचओ को परिवार नियोजन उपकरण व विधियों की आपूर्ति सुनिश्चित करने, लाभार्थियों के फॉलोअप और जागरूकता बढ़ाने के तरीके सिखाये। अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष निर्देश दिया। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में परिवार नियोजन जागरूकता को बढ़ाने और लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। परिवार नियोजन सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए लाभार्थियों को उचित परामर्श देना और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने फील्ड में आने वाली चुनौतियों को समय रहते सुलझाने और लाभार्थियों के अपडेट पर जोर दिया। बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल ने बताया सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक गुरुवार अंतराल दिवस एवं प्रत्येक माह 21 तारीख़ को खुशहाल परिवार दिवस का भव्य आयोजन करे। जिसमें परिवार नियोजन सामग्रियों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने और परिवार नियोजन लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सूचना प्रणाली का सही तरीके से उपयोग करने का तरीका बताया।

प्रशिक्षण में सीएचओ इंदु मिश्रा, प्रतिमा, अनुराग सिंह, छवि शर्मा, संदीप कुमार,मंगल चंद्र, अनामिका शर्मा सहित दर्जनों सीएचओ उपस्थित रहे।

# पहुंचकट्टा सीएचसी मे आयोजित हुआ स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान

▸ विधायक ने नई एक्स-रे मशीन का किया लोकार्पण

समृद्धि न्यूज



**विशेश्वरगंज, बहराइच ।** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकट्टा में स्वास्थ्य महाकुंभ जैसा नज़ारा देखने को मिला। अधीक्षक डॉ. प्रवीण पांडेय के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने फीता काटकर किया और अस्पताल में नई एक्स-रे मशीन का लोकार्पण किया। अस्पताल परिसर में हर तरफ स्वास्थ्य सेवाओं की चहल-पहल रही।

आयुर्वेद और होम्योपैथी स्टॉल पर मरीजों क़ो मुफ्त दवाओं का वितरित किया गया। महिला शक्ति को समर्पित इस आयोजन में बाल विकास परियोजना अधिकारी दीपा गुप्ता के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक 5 गोद भराई व 2 अन्न प्रासन कार्यक्रम आयोजित कर कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। कैंप में मरीजों की मुफ्त जांच और दवा वितरण किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञों ने आंखों की जांच कर सैकड़ों मरीजों को मुफ्त चश्मे वितरित किए। वहीं क्षय रोगियों के लिए अलग शिविर लगाकर जांच और दवा की व्यवस्था की गई। परिवार नियोजन काउंटर पर परामर्श के साथ-साथ गर्भनिरोधक साधनों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, जिला प्रतिनिधि राजकुमार शुक्ल, धनलाल पांडेय, युवा नेता रवि मिश्र समेत अस्पताल के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसान गोष्ठी में मक्का व मोटे अनाजों की खेती पर दिया गया बल

**मनकापुर/गोंडा।** उप कृषि निदेशक जनपद गोंडा के सौजन्य से श्रीअन्न मिलेट्स पुनरुद्धार एवं त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजना अंतर्गत दिनांक 30 सितंबर 2025 को ग्राम कूकनगर विकासखंड बभनजोत में विकासखंड स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राम लखन सिंह प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने रबी मक्का व मोटे अनाजों की उत्पादन तकनीक, प्राकृतिक एवं जैविक खेती आदि की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि रबी मक्का की संकर प्रजातियों में शक्तिमान एक, एचक्यूपीएम एक,पूसा एचक्यूएम-5, पूसा संकर मक्का-5 आदि मुख्य हैं। संकर मक्का की मध्य अक्टूबर से मध्य नवंबर के बीच में बुवाई करें। मक्का की वैज्ञानिक खेती से प्रति एकड़ लगभग 30 कुंतल मक्का का उत्पादन मिल जाता है। मक्का फसल एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत चयनित है। मक्का फसल की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य में की जा रही है।

महानवमी

### महाविसर्जन के लिए महासमिति ने आठ सेक्टरों में बांटा शहर

# विसर्जन स्थलों की ड्रोन से हो निगरानी, बंद रहे मांस की दुकानें

▸ चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे महासमिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति (रजि.) के पदाधिकारियों की एक बैठक मां दुर्गा प्रतिमाओं के सकुशल महाविसर्जन को लेकर आहूत की गई।बैठक की अध्यक्षता महासमिति अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने की।बैठक को संबोधित करते हुए महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने बताया कि मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन महानवमी के दिन से शुरू हो जाता है जो एकादशी तक चलता रहता है।

उन्होंने बताया कि शहर को महाविसर्जन के मद्देनजर आठ सेक्टरों में बांटा गया है जहां महासमिति के पदाधिकारी चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेंगे।उन्होंने बताया कि आठ सेक्टरों में छावनी चौराहा,घंटाघर, पीपल तिराहा,गुदड़ी चौराहा,काजीपुरा चौराहा,राम लीला ग्राउंड,आशीर्वाद स्कूल, झिंगहाघाट विसर्जन स्थल शामिल है।इससे पूर्व 22 थानों के प्रमुखों व छह तहसील के प्रभारियो की भी नियुक्ति सकुशल विसर्जन सम्पन्न कराने के लिए की गई है।शहर में लगभग 140 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है जिसका विसर्जन बशीरगंज स्थित झिंगहाघाट विसर्जन स्थल पर होगा।महाविसर्जन के लिए पदाधिकारियो व सदस्यों को अंगवस्त्र,पटका,बैज व आईडी कार्ड वितरित किया गया है। बैठक में महामंत्री कन्हैया सोनी, चन्द्रभान सिंह संचित, राम जी शुक्ला, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, शिवशरण सिंह, विपिन यज्ञसैनी, आत्माराम यादव, पवन जायसवाल, लव कुमार द्विवेदी, ज्ञानेंद्र धर शर्मा ज्ञानी, सत्येंद्र शुक्ला, विनोद कुमार रस्तोगी, सुधाकर मिश्रा, सुरेश गुप्ता, निशंक त्रिपाठी, देवेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता युवराज, बैजनाथ रस्तोगी, राज कुमार सोनी, हरिशंकर गुप्ता मौजूद रहे।

### महाविसर्जन के दिन बन्द रहे मांस की दुकानें

महासमिति ने बैठक के दौरान कहा कि वैसे प्रदेश सरकार का निर्देश नवरात्रि में मांस दुकानें बंद करने का था,लेकिन जनपद सहित शहर में कई स्थानों पर नवरात्र में मांस की दुकानें खुलेआम संचालित है ।बैठक में कहा गया है महाविसर्जन के दिन मांस की दुकानों पर पूर्णतया बन्द होनी चाहिए।

### ड्रोन से करें निगरानी

महासमिति ने जिला प्रशासन से अपील की है कि विसर्जन स्थलों का सघन निरीक्षण करके सड़क,साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था देख ले ।जनपद के विसर्जन स्थल मार्गों का ड्रोन से निगरानी करें।

**ये है आठ सेक्टर :** छावनी चौराहा,घंटाघर, पीपल तिराहा,गुदड़ी चौराहा,काजीपुरा चौराहा,राम लीला ग्राउंड, आशीर्वाद स्कूल, झिंगहाघाट विसर्जन स्थल शामिल है।

**उपसमितियां वालेंटियर करे तैयार :** महासमिति की बैठक में उपसमितियो से अपील की गयी है कि शांतिपूर्ण, सद्भाव के वातावरण में माता रानी का विसर्जन करें ।उपसमितियां अपनी-अपनी कमेटियों से वालेंटियर का गठन करें जिन्हें महाविसर्जन के दौरान तैनात करें।

## खबरें एक नजर में

### कीचड़ से भरे गड्ढे में पड़ा मिला अधेड़ का शव

**शिवगढ़, रायबरेली।** हाईवे किनारे एक गड्ढे में पेट के बल पड़ा हुआ मृत अवस्था में अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के पुत्र ने उक्त युवक की पहचान अपने पिता के रूप में की है। बुधवार सुबह 9:00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र शिवगढ़ के बांदा बहराइच मार्ग पर तरौंजा गांव के निकट स्थित एक पेट्रोल पंप के पास कीचड़ से भरे हुए गड्ढे में पेट के बल पड़ा हुआ अधेड़ व्यक्ति का शव ग्रामीणों ने देखा। देखते ही भारी संख्या में आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाया और उसकी पहचान करने के प्रयास करने लगी। इसी बीच मृतक के पुत्र ने शव की पहचान थाना क्षेत्र के ही निवासी श्रवण कुमार पुत्र स्वर्गीय छेदीलाल निवासी अनूप खेड़ा मजरे बैती के रूप में हुई है। जानकारी प्राप्त हुई है कि श्रवण कुमार पिछले 16 वर्षों से शिवगढ़ नगर पंचायत के भवानीगढ़ चौराहे पर अपनी ससुराल में रहते थे। मंगलवार शाम को घर से निकले थे, जहां बुधवार सुबह उनका गड्ढे में शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है, मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस बाबत थाना अध्यक्ष विंध्य विनय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के सही कारणों पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

### दिनदहाड़े गाड़ी से 40 हजार की चोरी, पीड़ित ने की शिकायत



**रायबरेली।** जिले के महराजगंज थाना क्षेत्र से चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। रजिस्ट्री ऑफिस के सामने खड़ी गाड़ी से अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े 40 हजार रुपये उड़ा लिए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। रजिस्ट्री ऑफिस के पास रद्दी पेपर और चाय की पॉलिथीन बेचने का काम करने वाले संदीप बाजपेई अपनी गाड़ी वहीं खड़ी कर किराना दुकान में पॉलिथीन देने गए थे। इसी बीच गाड़ी का लॉक खुला पाकर अज्ञात चोर ने गाड़ी में रखा लगभग 40 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस हरकत में आई और अगल-बगल लगे सीसीटीवी फुटेज जांच कर चोरों का पता लगाने में कड़ी मशक्कत कर रही संदीप बाजपेई ने तत्काल पुलिस को मामले की सूचना दी और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और चोर की तलाश की जा रही है मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार का कहना है कि घटना संज्ञान में है कोतवाली पुलिस को अगल-बगल लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर तुरंत चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए गए हैं जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा ।

### गांधी/शास्त्री जयंती पर संगोष्ठी होगी आयोजित

**बिसवां (सीतापुर)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन 2 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे सेठ जयदयाल इंटर कॉलेज सभागार में होगा। कार्यक्रम संयोजक पत्रकार सिराज अहमद और कार्यक्रम समन्वयक संदीप मिश्र सरस ने आयोजन को सफल बनाने हेतु सहयोग का आग्रह किया है। इस अवसर पर आकाशवाणी लखनऊ के उद्घोषक एवं रचनाकार राहुल द्विवेदी स्मित, अर्शउद्दीन खान रहबर प्रतापगढ़ी सहित अन्य विशिष्टजनों का सम्मान किया जाएगा।

### मां सिद्धेश्वरी पूरी करती हैं मुरादें, नवरात्र पर श्रद्धालुओं की भीड़

**सिंघनापुर, लहरपुर (सीतापुर)।** नैमिषारण्य क्षेत्र के सिंघनापुर स्थित सिद्धेश्वरी तारा शक्ति पीठ पर शारदीय नवरात्रि में भारी श्रद्धालु जुटे। यहां 22 से 29 सितम्बर तक श्रीराम कथा का आयोजन हुआ, जिसका वाचन पं. इंदु शेखर पाण्डेय ने किया। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी पत्रकार विजय शंकर बाजपेयी के सानिध्य में आयोजन संपन्न हुआ। परंपरा के अनुसार नवमी तिथि पर मंशा माता की खिचड़ी का विशेष आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने पहले नौ कन्याओं को खिचड़ी भोज कराया, तत्पश्चात उनकी थालियों से प्रसाद ग्रहण कर माता से मनोकामनाएं मांगीं। मान्यता है कि ऐसा करने से मां सिद्धेश्वरी हर मुराद पूरी करती हैं और निःसंतानों को संतान प्राप्त होती है। एक अक्टूबर को भंडारे के बाद लालपुर के निकट घघरा नदी में ज्योति विसर्जन व ब्रह्मभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस बार का आयोजन सिद्धेश्वरी दरबार का 30वां जागरण रहा।

### गांधी जयंती पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रमः डीएम

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि आज 2 अक्टूबर गांधी जयंती समारोह को पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रातः 9 बजे सभी राजकीय भवनों एवं शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तदोपरांत महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण, रामधुन और उनके प्रिय भजनों की प्रस्तुति होगी। विद्यालयों में व्याख्यान, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं गांधी जी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर चर्चा आयोजित होगी। नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों द्वारा मलिन बस्तियों की सफाई तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान और गोष्ठियां आयोजित होंगी। प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा एवं फल वितरण किया जाएगा। सांय 6 बजे नगर पालिका परिषद जायस, गौरीगंज एवं नगर पंचायत अमेठी व मुसाफिरखाना में गांधी जी के विचारों और जीवन मूल्यों पर गोष्ठी होगी।

### अब डिजिटल माध्यम से होगा कार्यों का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण



**अमेठी।** ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने और प्रशासनिक कार्यों को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ई-डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के अंतर्गत सोमवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद की चारों तहसीलों—गौरीगंज, अमेठी, मुसाफिरखाना और तिलोई के उपजिलाधिकारियों को लैपटॉप प्रदान किए। लैपटॉप मिलने से न केवल कार्यालय संबंधी कार्यों को सुगमता से संपन्न किया जा सकेगा, बल्कि जनसामान्य की समस्याओं का निस्तारण भी अधिक गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से किया जा सकेगा। इसके माध्यम से ई-ऑफिस पर कार्य करना और पत्रावलियों का डिजिटल रखरखाव सरल होगा, IGRS पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सकेगा, न्यायालय संबंधी कार्यवाही और वर्चुअल मीटिंग्स में भाग लेना आसान होगा। शासन द्वारा पत्राचार एवं दस्तावेजों को अब डिजिटल माध्यम से भेजने की प्रक्रिया और अधिक सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी। लैपटॉप मिलने से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और आमजन की शिकायतों के निस्तारण में और अधिक दक्षता आएगी। यह पहल न केवल 'डिजिटल इंडिया' के लक्ष्य को साकार करेगी बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास एवं पारदर्शिता भी बढ़ाएगी।

### त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस ने किया पैदल गश्त



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** त्योहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा थानाक्षेत्र संग्रामपुर में एवं जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गयी।

### बस और एंबुलेंस की टक्कर में एक की मौत, एक गंभीर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीपरपुर रेलवे स्टेशन के पास सड़क हादसे में एंबुलेंस चालक की घटनास्थल पर मौत हो गयी। एंबुलेंस बहराइच शव छोड़कर महाराष्ट्र वापस जा रही थी। घटना मंगलवार को देर रात करीब 9:30 बजे सुल्तानपुर की ओर से आ रही एंबुलेंस व प्रयागराज की तरफ से आ रही परिवहन निगम की बहराइच डिपो की बस से आमने सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में मृतक की पहचान इजहार शेख पुत्र एजाज 33 वर्ष एंबुलेंस चालक निवासी माहिम थाना माहिम मुंबई के रूप में की गई, वहीं एजाज का साथी अतुल लक्ष्मण राठौर पुत्र लक्ष्मण 30 वर्ष निवासी मांलेगांव थाना ठाणे महाराष्ट्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल सुल्तानपुर भेजा गया है।

### दिल्ली-लखनऊ फ्लाइट में यात्री ने की विधायक से अभद्रता



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** दिल्ली से लखनऊ आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट U AI-837 में एक सहयात्री द्वारा जनपद के गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह के अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, फ्लाइट लेट होने की वजह से एक यात्री अचानक गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान जब विधायक राकेश प्रताप सिंह और अन्य यात्रियों ने आपत्ति जताई तो स्थिति और बिगड़ गई। आरोप है कि गुस्साए यात्री ने हाथापाई की कोशिश भी की। फ्लाइट में मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, हालांकि घटना के दौरान माहौल तनावपूर्ण बना रहा। मामले की सूचना एयरलाइन अधिकारियों तक पहुंची और संबंधित यात्री की पहचान कर आगे की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# महानवमीः कन्या भोज व भंडारों की रही धूम

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

नवरात्र मे महानवमी के अवसर पर भक्तों द्वारा जहां-जहां पर मूर्तियां रखी गई थी और जहां दुर्गा मंदिर थे वहां भव्य कन्या भोज का आयोजन कराया गया तो वही लोगों ने अपने घरों सहित प्रतिष्ठानों पर कन्या भोज का आयोजन किया। महराजगंज नगर के जसवंतरी देवी मंदिर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया कन्याओं के पैर धोकर और उन्हें चुनरी भेंट कर प्रसाद खिलाकर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू सभासद धर्मेंद्र वर्मा विजय धीमान पुन्नीलाल त्रिवेणी लाल गुप्ता ने आशीर्वाद लिया इस मौके पर हजारों लोगों ने मां का प्रसाद ग्रहण किया। मोन के कोडरी गांव में डा मातादीन पासी राजकुमार सिंह अहोरवादीन



पासी के द्वारा विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद दिया। क्षेत्र के अशर्फाबाद गांव मे ग्राम प्रधान एवं अमावा प्रधान संघ अध्यक्ष ऋषि सिंह के द्वारा महानवमी के अवसर पर हवन पूजन के बाद विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में कन्याएं शामिल हुई तो वही भंडारे में भी हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर अपना जीवन धन्य बनाया। महानवमी के अवसर पर ही पहरेमऊ चौराहे पर मां दुर्गा मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें कन्याओं को चुनरी भेंट कर व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपाल गुप्ता माता फेर सिंह गंगा चौरसिया डॉ सुरेश यादव डीके सिंह मेजर सिंह अजय श्रीवास्तव ने कन्याओं से आशीर्वाद लिया। तो वहीं सधई का पुरवा में महानवमी के अवसर पर कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र के ओया गांव मे कमलेश यादव के द्वारा विशाल भंडारा किया गया जिसमें हजारों लोग शामिल हुए।

# अजब प्रेम की गजब कहानी- पति ने लगाई फांसी, पत्नी ने खाया जहर

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



पति-पत्नी के झगड़े के उपरांत पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, तो वही जानकारी होने पर पत्नी ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बीते मंगलवार देर शाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुशली खेड़ा मजरे खैरहनी गांव की है। जब एक ऐसी हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां पति और पत्नी के प्रेम का उदाहरण देखने को मिला है। पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली तो पत्नी को जानकारी होते ही उसने चूहे मारने की दवा का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। पत्नी जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है। जानकारी प्राप्त हुई कि स्थानीय गांव के रहने वाला मुकेश पुत्र रामनाथ ने अपनी पत्नी कोमल से झगडे के बाद मंगलवार शाम गांव के किनारे बबूल के पेड़ की डाल से लोहे के तार का फंदा बनाकर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई है। ग्रामीणों ने उसके शव को पेड़ से लटकते देखा। जिसकी जानकारी परिजनों को दी गई। परिजन एवं आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक की पत्नी कोमल को मुकेश की मौत की जानकारी होते ही उसने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया और घटनास्थल पर पहुंच गई, जहां उसके पति का शव पड़ा हुआ था। पत्नी कोमल रोते बिलखते अचेत हो गई। सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तो वही अचेत हुई पत्नी को इलाज के लिए बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस बाबत चिकित्सक अभय चतुर्वेदी ने बताया कि महिला के लक्षण विषाक्त पदार्थ खाने जैसे हैं। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। परिजनों ने बताया कि बीते एक वर्ष पूर्व दोनों ने प्रेम विवाह किया था। मुकेश पंजाब में मजूदरी करता है । सोमवार को वह पंजाब से वापस आया था। मंगलवार शाम किसी बात को लेकर दोनों के बीच कलह हो गई। जिसके बाद मुकेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिर कोमल ने जहर खा लिया। थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। मृतक कि पत्नी अचेत हो गई थी। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस की सहायता से उच्च उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## अच्छा कार्य व्यवहार पर होमगार्ड हुआ सम्मानित



**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली में अच्छा कार्य व्यवहार करने पर होमगार्ड हुआ सम्मानित पीसी इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड पर एक मुहिम शुरू की गई थी जिसके तहत पूरे माह अच्छा कार्य व्यवहार करने वाले होमगार्ड को माह की प्रथम तारीख को कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एवं होमगार्ड द्वारा सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में सितम्बर माह में अच्छी ड्यूटी अच्छा कार्य व्यवहार एवं टर्न आउट सही होने पर होमगार्ड रमेश कुमार मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव द्वारा प्रसास्त्रि पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया तो वही होमगार्ड ने भी फूलमाला एवं मुंह मीठा कराकर रमेश कुमार को सम्मानित किया। इस मौके पर PC इंद्रमणि सिंह,राम प्रताप यादव, मेवा लाल, आशीष द्विवेदी, लाल मोहम्मद, राम कुमार सिंह, रामदास यादव, माताफेर सुरेश कुमार सहित पुलिस स्टाफ में ssi दिनेश गोस्वामी, रविकांत पांडें, मुंशी अजय चौधरी, सुनील सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे मिला युवक का शव, पुलिस ने पीएम के लिए भेजा

**हरचंदपुर रायबरेली।** थाना क्षेत्र में लखनऊ-प्रयागराज हाईवे के किनारे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों मिला है। सूचना पर पंहुची हरचंदपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरचंदपुर से दो किलोमीटर की दूरी पर बुधवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में बरामद किया गया। युवक का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे हरचंदपुर थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने जांच की और शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पहचान दतौली निवासी गुरु प्रसाद उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया युवक की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली कारण स्पष्ट होगा।

## नशा मुक्ति जन जागरूकता मैराथन यात्रा ने क्षेत्र के कई गांव में लोगों को किया जागरूक



**बछरावा रायबरेली।** पूर्व सांसद मोहनलालगंज एवं केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर द्वारा प्रत्येक वर्ष नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाता है, और इसके पश्चात उनके इस अभियान के मुख्य कार्यालय पर इस मैराथन दौड़ में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को उनके अनुसार पुरस्कृत भी किया जाता है। इसी क्रम में उनकी यह मैराथन दौड़ जन जागरूकता यात्रा बुधवार को विधानसभा बछरावां क्षेत्र में पहुंची और इस यात्रा का नेतृत्व बछरावां तृतीय से जिला पंचायत सदस्य मिथिलेश रावत के पति एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धर्मराज रावत के द्वारा किया गया। नशा मुक्ति मैराथन दौड़ जन जागरूकता यात्रा अपने प्रचार वाहन के साथ विधानसभा क्षेत्र के विनायक पुर , हुल्क्कि पुरवा, जहांगीराबाद, लोधई खेड़ा, सारीखेड़ा, सुनहरा सहित आदि गांवों में भ्रमण किया। इस जन जागरूकता अभियान यात्रा के मौके पर ग्राम प्रधान मलपुर धनीराम, प्रदीप कुमार, उत्तम कुमार, धनराज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**सलोंन रायबरेली।** अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया।जहां ताला तोड़कर घर में रखे जेवरात व नगदी पार कर दिया।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के बघौला गांव का है।जहां बेखौफ चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगदी समेत आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया।पीड़ित अवधेश ने बताया दुर्गा पूजा से रात में आकर सो गये।सुबह उठने पर चोरी होने का पता चला।ताला तोड़कर लगभग तीस हजार रुपए व सोने चांदी के जेवरात कपड़े व भूसे में रखा आठ बोरी गेहूं चोरों ने पार दिया।जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख है।सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।वही सूची चौकी इंचार्ज ने बताया मामला संदिग्ध लग रहा है जांच की जा रही है।

## जीएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**बछरावां, रायबरेली।** पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत जीएम एके वर्मा ने बछरावां रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर का निरीक्षण करते समय उन्होंने कार पार्किंग , बाइक पार्किंग व ई रिक्शा पार्किंग को अलग-अलग करने की दिशा निर्देश दिए हैं। जिससे स्टेशन पर पहुंचने वाले यात्रियों को असुविधाओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने रेलवे स्टेशन में प्रवेश द्वार और निकास द्वार अलग-अलग बनवाने के लिए कहा है। रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर कोच डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाने के दिशा निर्देश दिये। जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म संख्या के साथ ही कौन सी कोच कहां पर खड़ी होगी। उसकी जानकारी प्राप्त हो सके। जिससे यात्रियों को कोच तक पहुंचाने के लिए भागदौड़ न करनी पड़े । निरीक्षण के दौरान उन्होंने तीनों प्लेटफार्म पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को परखा है । उन्होंने आलाधिकारियों से कहा कि टॉयलेट और वेटिंग एरिया को सुविधाजनक तैयार किया जाये।

स्टेशन मास्टर विनोद कुमार ने बताया कि पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत जीएम ने स्टेशन का निरीक्षण किया है। इस मौके पर उनके साथ डीआरएम सुनील वर्मा , वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव उपस्थित रहे हैं। स्टेशन की व्यवस्थाओं से वह संतुष्ट मिले हैं।

# छोटा मठ डलमऊ के पास होगा प्रतिमाओं का भू विसर्जन

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन की तैयारियां जोरों पर
- सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात को लेकर प्रशासन ने की तैयारियां



22 सितंबर से शुरू हुए शारदीय नवरात्र अब अपने अंतिम चरण में है प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है शाशन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार प्रतिमाओं के भू विसर्जन को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम दौड़ में है जिसको लेकर तहसील एवं नगर पंचायत प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है तैयारी को लेकर मंगलवार को तहसील प्रशासन आला अधिकारियों ने निरीक्षण किया और तैयारी का जायजा लिया। मालूम हो कि नवरात्र में नवमी के दिन से प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला आरंभ हो जाता है जिसमें जनपद के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ो की संख्या में दुर्गा प्रतिमाओं का भू विसर्जन किया जाना है जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए हैं मूर्ति विसर्जन को सकुशल निपटाने के लिए प्रशासन ने घाटों पर गोताखोरों नाव नविको एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की है। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा घाटों की साफ सफाई स्नान एवं विसर्जन घाट पर बैरीकेटिंग, विसर्जन स्थल एवं मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराई गई है तथा इस दौरान लोगों को जाने एवं जागरूक करने को लेकर नगर पंचायत द्वारा खोया पाया केंद्र बनाया गया है। प्रशासन ने प्रतिमाओं के विसर्जन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए गए हैं प्रशासन द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है श्रद्धालुओं से भी सतर्कता बरतने और नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है ताकि विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस दौरान तैयारी का जायजा लेने के लिए उपजिलाधिकारी अधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल, बृजेश दत्त गौड़ अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ, सिकंदरादित्य अधिशासी अधिकारी, हरिओम त्रिपाठी लेखपाल सदर, डलमऊ लिपिक सोहराब अली,सहित तहसील एवं नगर पंचायत प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक डलमऊ श्याम कुमार पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मूर्ति विसर्जन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं जिसके लिए विशेष पुलिस बल्कि तैनाती की जाएगी इस दौरान डलमऊ कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेंगे।

# सीतापुर में पुनः शुरू हुआ भरत मिलाप व राजगद्दी आयोजन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

परंपरागत भरत मिलाप एवं राजगद्दी कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ नगर में किया जा रहा है। कई वर्षों से भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा था परन्तु कोरोना काल खण्ड से यह आयोजन बंद हो गया था। एक बार पुनः नगर के कुछ प्रमुख समाजसेवियों द्वारा इस आयोजन को शुरू किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए दस सदस्यीय समिति भरत मिलाप राज गद्दी आयोजन समिति का गठन किया गया है। समिति में अध्यक्ष अमित बाजपेई, उपाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी एवं 8 अन्य सदस्य हैं। समिति के अध्यक्ष ने कार्यक्रम की रूपरेखा



बताई कि 2 अक्टूबर को विगत वर्षों में हुए भरत मिलाप आयोजन के अध्यक्षों एवं उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। उसके उपरान्त भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुमित ओरछा, लाफ्टर फेम हेमंत पाण्डेय, शशि श्रेया, अजय अंजाम, वंदना विषेश काव्य पाठ करेंगे। 3 अक्टूबर को नगर क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रीमहाकाल भगवान की झांकी, डमरू वादक, अघोरी और विभिन्न भगवान की झांकी होंगी। शोभा यात्रा का पूजन जगह जगह किया जाएगा। शोभा यात्रा के उपरान्त भरत मिलाप का शुभारंभ होगा, जिसमें हवा में उड़ते हुए भगवान हनुमान, पुष्पक विमान द्वारा भगवान श्रीराम, माता सीता एवं श्रीलक्ष्मण का आगमन होगा। फिर भगवान श्रीराम का भरत से मिलाप होगा, उसके बाद बागवान श्रीराम का राजगद्दी पर अभिषेक के साथ भव्य एवं दिव्य आरती नैमिषारण्य के चक्र तीर्थ के मुख्य पुजारियों द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन में मुनींद्र अवस्थी, विकास हिंदू, प्रदीप शुक्ला, ललित श्रीवास्तव, निर्भय द्विवेदी, संदीप अवस्थी, प्रभात अग्निहोत्री, आकाश मिश्रा की भूमिका प्रमुख रहीं।

## विद्यालय में विविध कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए। आयोजन का शुभारंभ विद्यालय निदेशक उमंग राजवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और आकर्षक झाँकियाँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एकेडमिक एवेंजर्स और स्टूडेंट स्ट्राइकर्स के बीच हुआ क्रिकेट मैच रहा। स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 16 ओवरों में 91 रन बनाए, जबकि एवेंजर्स ने केवल 8 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। मैच के सितारे इरफान अली रहे, जिन्होंने 32 गेंदों पर 66 रन की तूफ़ानी पारी खेली और गेंदबाज़ी में 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। अंपायरिंग दिलशाद अली व शाह फहद ने की और रोचक कमेंट्री अभिषेक कपूर ने दी। प्रधानाचार्या दीपा चंद्रा ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को बधाई दी।

## दिव्यांग बालिकाओं को दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान का शुभारंभ शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है। अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को तिलोई के फूला स्थित जीवन पथ दिव्यांग विद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र ब्लाइंड सेक्शन पर महिला कल्याण विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर समाजसेवी नीरज पांडेय ने बच्चों को तिलक, रोली, चंदन एवं चुनरी पहनाकर फल-मिष्ठान का वितरण किया। इस दौरान दिव्यांग छात्र-छात्राओं लक्ष्मी, शिल्पी, प्रदीप और राजकुमार ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। इसके अतिरिक्त, उन्हें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना जैसी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार तिवारी सीडब्ल्यूसी, दिलीप कुमार पांडेय समाजसेवी, पूनम तिवारी समाजसेवी, नीरज पांडेय सचिव अमेठी महिला स्वैच्छिक सेवा समिति, संतोष श्रीवास्तव प्रबंधक, सहारा जीवन चैरिटेबल ट्रस्ट, डॉ. प्रदीप त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केंद्र संचालक चंद्रशेखर शुक्ला ने किया व सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# मां दुर्गा के पंडाल में भक्ति और सम्मान का अद्भुत संगम



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र तिलोई अंतर्गत चिलौली ग्राम सभा के पूरे गोसाई गांव के दुर्गा पंडाल में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर युवराज कुंवर मृगांकेश्वर शरण के आगमन पर सौरभ यादव ने अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। इसी तरह इन्हौना क्षेत्र में आजादपुर के दुल्हीन का पुरवा हनुमंत नगर चौधराइन का पुरवा, दिलावलगढ, आजादपुर, विझौरा, सरायमांधव, चौरैया, आदि गांवों में माता की स्थापित मूर्तियो के पूजन में क्षेत्र के सम्मानित राज नेता, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में समलित होकर माता के चरणों में अर्पित समर्पित भक्तो की हौसला अफजाई करते हैं। कमेटी के सदस्य श्रवण यादव, लवकुश यादव, सुजीत यादव, विनय यादव और अरुण यादव, के साथ दुल्हिन का पुरवा कमेटी के सदस्य मंतोश पाल, रोहित सुनील पाल, रमेश पाल, सूरज तिवारी, बेचू पाल, महादेव, रवि पाल, हरिश्चंद्र पाल, राजेश कुमार माली, आदि लोग उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर युवराज कुंवर मृगांकेश्वर शरण के साथ अखंड प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी, मंडल अध्यक्ष फतेहपुर सत्यनारायण सिंह, शिवकरण त्रिवेदी, अमित तिवारी, पत्रकार प्रियांशु त्रिवेदी भी उपस्थित रहे।

# समूह की महिलाओं को दिया गया वित्तीय साक्षरता व स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में बुधवार को जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी दी गई जिसमें महिलाओं को आय व खर्च का हिसाब रखने के तरीके, बचत की आदत विकसित करना और बैंक खाते का उपयोग, ऋण लेने और समय पर चुकाने की प्रक्रिया, डिजिटल लेन-देन की सुरक्षित जानकारी, बीमा और पेंशन जैसी वित्तीय सुरक्षा योजनाओं के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया, साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई जिसमें स्वच्छता अपनाने की आदतें और रोगों से बचाव के उपाय, संक्रामक व गैर-संक्रामक रोगों की पहचान और रोकथाम, पोषण और संतुलित आहार का महत्व, नियमित स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण की उपयोगिता के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना जैसी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे कार्यक्रमों का मकसद महिलाओं व बालिकाओं को आर्थिक रूप से सक्षम, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे परिवार और समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकें।

## बिश्नोई गैंग पर कार्रवाई

भारत और विदेशों में भय और असुरक्षा का माहौल बनाने वाले बिश्नोई गिरोह को कनाडा द्वारा आतंकवादी संगठन की सूची में डालने के कारण समझना कठिन नहीं है। यह कदम इस अंतर्राष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट के बारे में भारत की चिंताओं को सही साबित करने वाला ही है। वहीं दूसरी ओर यह गैंगस्टर व आतंकवादी गठजोड़ पर कार्रवाई करने का एक स्वागत योग्य प्रयास भी है। जिसने दोनों देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सतर्क भी किया है। दरअसल, यह गिरोह लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व में भय व आतंक का पर्याय बना हुआ है। जिसने अनेक हाई-प्रोफाइल अपराधों को समय-समय पर अंजाम दिया है। यह विडंबना है और तंत्र की विफलता भी है कि गैंग का मुखिया पिछले एक दशक से अधिक समय से जेल में बंद है, इसके बावजूद गंभीर अपराधों की योजना बनाता रहा है। बिश्नोई गिरोह पर हाल के वर्षों में कई हाई-प्रोफाइल हत्याओं को अंजाम देने का आरोप है। इन हाई-प्रोफाइल हत्याओं में प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला, करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दिकी भी शामिल हैं। अपराधियों के गठबंधन ने बार-बार बॉलीवुड स्टार सलमान खान को हत्या की धमकी दी है। इस सिंडिकेट ने सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर भी हमले करवाए हैं। इसी तरह कनाडा में पंजाबी कलाकार ए.पी. ढिल्लों और गिप्पी ग्रेवाल के घरों के बाहर गोलाबारी में भी इस गिरोह की भूमिका बतायी गई है। दरअसल, भारत सरकार व कनाडा सरकार ने इस आपराधिक सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई के लिये इसलिए भी सहयोग बढ़ाया है क्योंकि बिश्नोई गिरोह पर कनाडा में सक्रिय गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के साथ मिलकर जबरन वसूली का कारोबार चलाने का आरोप बराबर लगता रहा है। बताया जाता है कि गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के खालिस्तान समर्थक आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से करीबी संबंध रहे हैं। जो दोनों देशों की कानून व्यवस्था के लिये एक बड़ी चुनौती बना रहा है। हाल के दिनों में खबरें आती रही हैं कि बिश्नोई गैंग अपने भीतरी टकराव से जूझ रहा है। गिरोह में लगातार जारी आपसी झड़पों और विश्वासघात की निरंतर बढ़ती घटनाओं ने बिश्नोई गैंग को भीतर से भी कमजोर कर दिया है। इस स्थिति को भारत तथा कनाडा की सरकारों की कानूनी प्रवर्तन एजेंसियों ने इन कुख्यात अपराधियों पर चारों ओर से शिकंजा कसने के अवसर के रूप में देखा है। दरअसल, कनाडा सरकार के द्वारा बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन की सूची में शामिल करने के बाद अधिकारियों को उसके खिलाफसख्त कार्रवाई करने में सुविधा रहेगी। वहां के कानून के अनुसार बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित करने के बाद अब कनाडाई अधिकारियों को आतंकवादी मामलों में इन अपराधियों के खिलाफअपराध साबित करने के लिये अतिरिक्त साधन व सुविधा मिल सकेगी। सरल शब्दों में कहें तो आतंकवादी संगठन घोषित करने के बाद कनाडाई अधिकारियों को बिश्नोई गिरोह की संपत्ति, वाहन और धन जब्त करने का अधिकार मिल जाएगा। इसमें वित्त पोषण से संबंधित मामलों में की जाने वाली कार्रवाई भी शामिल है। जिसके जरिये भारत में अपराध व हिंसा फैलाने की साजिश रची जाती रही है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सार्वजनिक सुरक्षा कनाडा सरकार की प्राथमिकता रही है। जो यह भी दर्शाता है कि कनाडा सरकार ने अपने नागरिकों के लिए कुख्यात गैंगस्टरों, आतंकवादियों और अलगाववादियों द्वारा उत्पन्न गंभीर खतरे को पहचाना है। नि:संदेह, देर-सवेर इस जीरो टॉरलेंस की नीति से भारत को अपने आंतरिक सुरक्षा प्रयासों को भी मजबूती देने में मदद मिलेगी। भारत लंबे समय से कनाडा की धरती से भारत के खिलाफ अभियान चलाने वाले अलगाववादी संगठनों व व्यक्तियों के खिलाफशिकंजा कसने की मांग करता रहा है। बिश्नोई गैंग के खिलाफ ताजा कार्रवाई से अब उम्मीद जगी है कि देर-सवेर कनाडा सरकार भारत की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए इन संगठनों पर कार्रवाई करेगी, जो भारत के खिलाफ लगातार विषवमन करते रहे हैं और भारत विरोधी अभियानों का वित्तीय पोषण करते रहे हैं।

# दशहरा : सत्य की जीत का सन्देश



**दशहरा भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इसी दिन भगवान राम ने बुराई के प्रतीक दस सिर वाले रावण का संहार किया था तो देवताओं को हराकर स्वर्ग पर अधिकार करने वाले महिषासुर का 10 दिन तक चले भयंकर युद्ध के बाद मां दुर्गा ने वध किया था। इसीलिये इसको विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं। इस दिन शस्त्र-पूजा की जाती है। इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं। रामलीला का समापन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक व शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के लिये वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए उनका पूजन करता है। भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है।**

भारत विविधताओं से भरा देश है जहाँ अनेक धर्मों और संस्कृतियों के लोग साथ रहते हैं। यहां साल भर अनेक त्योहार मनाए जाते हैं जो न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक भी होते हैं। इन्हीं प्रमुख त्योहारों में से एक है दशहरा जिसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है और इसका भारतीय संस्कृति में एक विशेष स्थान है। दशहरा का पर्व भगवान राम की रावण पर विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसे विजयादशमी कहा जाता है, जिसका अर्थ है 'विजय प्राप्त करने वाला दसवाँ दिन'। रामायण के अनुसार भगवान राम ने रावण का वध कर अपनी पत्नी सीता को उसके बंदीगृह से मुक्त कराया था। यह पर्व यह संदेश देता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो अंत में जीत सत्य और धर्म की ही होती है। यह त्योहार लोगों को नैतिक मूल्यों, सत्य, और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

दशहरा भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इसी दिन भगवान राम ने बुराई के प्रतीक दस सिर वाले रावण का संहार किया था तो देवताओं को हराकर स्वर्ग पर अधिकार करने वाले महिषासुर का 10 दिन तक चले भयंकर युद्ध के बाद मां दुर्गा ने वध किया था। इसीलिये इसको विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं। इस दिन शस्त्र-पूजा की जाती है। इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं। रामलीला का समापन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है।

भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक व शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के लिये वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए उनका पूजन करता है। भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है।

बंगाल, ओडिशा और असम में यह पर्व दुर्गा पूजा के रूप में ही मनाया जाता है। यह बंगालियों, ओडिया, और असमिया लोगों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। बंगाल में दशहरा पूरे पांच दिनों के लिए मनाया जाता है। ओडिशा और असम मे चार दिन तक त्योहार चलता है। यहां देवी दुर्गा को भव्य सुशोभित पंडालों में विराजमान करते हैं। देश के नामी कलाकारों को बुलवा कर दुर्गा की मूर्ति तैयार करवाई जाती हैं। यहां दशमी के दिन विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है और प्रसाद वितरण किया जाता है। पुरुष आपस में आलिंगन करते हैं जिसे कोलाकुली कहते हैं। स्त्रियां देवी के माथे पर सिंदूर चढ़ाती हैं व देवी को अश्रुपूरित विदाई देती हैं। इसके साथ ही वे आपस में भी सिंदूर लगाती हैं व सिंदूर से खेलती हैं। इस दिन यहां नीलकंठ पक्षी को देखना बहुत ही शुभ माना जाता है। अन्त में देवी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया जाता है।

महाराष्ट्र में नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित रहते हैं जबकि दसवें दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की वंदना की जाती है। इस दिन विद्यालय जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं। किसी भी चीज को प्रारंभ करने के लिए खासकर विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन काफी शुभ माना जाता है। महाराष्ट्र के लोग इस दिन विवाह, गृह-प्रवेश एवं नये घर खरीदने का शुभ मुहूर्त समझते हैं। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी इसको मनाया जाता है।

कर्नाटक में मैसूर का दशहरा भी पूरे भारत में प्रसिद्ध है। मैसूर में दशहरे के समय पूरे शहर की गलियों को रोशनी से सज्जित किया जाता है और हाथियों का श्रृंगार कर पूरे शहर में एक भव्य जुलूस निकाला जाता है। इस समय प्रसिद्ध मैसूर महल को दीपमालिकाओं से दुल्हन की तरह सजाया जाता है। इसके साथ शहर में लोग टार्च लाइट के संग नृत्य और संगीत की शोभायात्रा का आनंद लेते हैं। पंजाब में दशहरा नवरात्रि के नौ दिन का उपवास रखकर मनाते हैं।

हिमाचल प्रदेश में कुल्लू का दशहरा बहुत प्रसिद्ध है। अन्य स्थानों की ही भांति यहां भी दस दिन अथवा एक सप्ताह पूर्व इस पर्व की तैयारी आरंभ हो जाती है। स्त्रियां और पुरुष सभी सुंदर वस्त्रों से सज्जित होकर ढोल, नगाड़े, बांसुरी आदि वाद्य यंत्रो को लेकर बाहर निकलते हैं। पहाड़ी लोग अपने ग्रामीण देवता का धूम धाम से जुलूस निकाल कर पूजन करते हैं। देवताओं की मूर्तियों को बहुत ही आकर्षक पालकी में सुंदर ढंग से सजाया जाता है। साथ ही वे अपने मुख्य देवता रघुनाथ जी की भी पूजा करते हैं। इस जुलूस में प्रशिक्षित नर्तक नटी नृत्य करते हैं। इस प्रकार जुलूस बनाकर नगर के मुख्य भागों से होते हुए नगर परिक्रमा करते हैं और कुल्लू नगर में देवता रघुनाथजी की वंदना से दशहरे के उत्सव का आरंभ करते हैं। दशमी के दिन इस उत्सव की शोभा निराली होती है।

बस्तर में दशहरे के मुख्य कारण को राम की रावण पर विजय ना मानकर लोग इसे मां दंतेश्वरी की आराधना को समर्पित एक पर्व मानते हैं। दंतेश्वरी माता बस्तर अंचल के निवासियों की आराध्य देवी हैंजो दुर्गा का ही रूप हैं। यहां यह पर्व पूरे 75 दिन चलता है। यहाँ दशहरा श्रावण मास की अमावस से आश्विन मास की शुक्ल त्रयोदशी तक चलता है। बस्तर में यह समारोह लगभग 15वीं शताब्दी से शुरु हुआ था। इसका समापन अश्विन शुक्ल त्रयोदशी को ओहाड़ी पर्व से होता है।

गुजरात में मिट्टी सुशोभित रंगीन घड़ा देवी का प्रतीक माना जाता है और इसको कुंवारी लड़कियां सिर पर रखकर एक लोकप्रिय नृत्य करती हैं जिसे गरबा कहा जाता है। गरबा नृत्य इस पर्व की शान है। पुरुष एवं स्त्रियां दो छोटे रंगीन डंडों को संगीत की लय पर आपस में बजाते हुए घूम-घूम कर नृत्य करते हैं।

तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक में दशहरा नौ दिनों तक चलता है जिसमें तीन देवियां लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा की पूजा करते हैं। पहले तीन दिन धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन होता है। अगले तीन दिन कला और विद्या की देवी सरस्वती की अर्चना की जाती है और अंतिम दिन देवी शक्ति की देवी दुर्गा की स्तुति की जाती है। पूजन स्थल को अच्छी तरह फूलों और दीपकों से सजाया जाता है। लोग एक दूसरे को मिठाइयां व कपड़े देते हैं।

कश्मीर के अल्पसंख्यक हिन्दू नवरात्रि के पर्व को श्रद्धा से मनाते हैं। परिवार के सारे वयस्क सदस्य नौ दिनों तक उपवास करते हैं। अत्यंत पुरानी परम्परा के अनुसार नौ दिनों तक लोग माता खीर भवानी के दर्शन करने के लिए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि आश्विन शुक्ल दशमी को तारा उदय होने के समय विजय नामक मुहूर्त होता है। यह काल सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है। इसलिए भी इसे विजयादशमी कहते हैं।

विचार

# ट्रंप ने तय कर लिया फिलिस्तीन का भविष्य

बीते दो साल से फिलीस्तीन में चल रहे नरसंहार के खत्म होने के दिन करीब आते दिख रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बैठक के बाद गजा का शांति प्रस्ताव तैयार हो गया है। ट्रंप ने गजा के भविष्य की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। एक योजना बनाई गई है, जिसके तहत हमास को 72 घंटे के अंदर 20 जीवित इजरायली बंधकों को रिहा करना है और उन करीब 20 बंधकों के शवों को वापस करना है, जिनके बारे में माना जाता है कि उनकी मौत हो चुकी है। योजना के मुताबिक हमास अपने हथियार त्याग देगा, इसके साथ ही उसकी सुरंगें और हथियार बनाने के ठिकाने नष्ट कर दिए जाएंगे।

हर इजरायली बंधक के शव की रिहाई पर इजरायल 15 गजावासियों के शव लौटाएगा। योजना में यह भी कहा गया है कि जैसे ही दोनों पक्ष इस प्रस्ताव पर सहमत होंगे, गजा पट्टी में तुरंत पूरी सहायता भेजी जाएगी। ट्रंप ने कहा कि अगर हमास इस योजना को स्वीकार नहीं करता है तो अमेरिका नेतन्याहू के साथ खड़ा होगा। वहीं नेतन्याहू ने कहा है कि अगर हमास इस योजना ठुकराता है या इसका पालन नहीं करता है तो इजरायल अपने काम को अंजाम तक लेकर जाएगा। नेतन्याहू की इस धमकी का अर्थ यह है कि हमास को खत्म करने के नाम पर गजा पर कब्जे की जो योजना नेतन्याहू की बनी हुई है, वो हर हाल में पूरी होगी।

दो सालों से तबाह गजा में अब और ज्यादा धमाके नहीं होंगे, जो बची-खुची जिंदगियां शेष हैं, वो शायद आगे भी बरकरार रहेंगी, इस बात को राहत की तरह देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप की इस घोषणा का स्वागत किया है, ब्रिटेन, फ्रांस व यूरोपीय यूनियन के देश इस शांति प्रस्ताव से सहमत हैं। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, तुर्किए, पाकिस्तान, इंडोनेशिया आदि मुस्लिम देश भी गजा के लिए बनी योजना पर सहमत हैं और फिलीस्तीन के अधिकारी भी इसे सकारात्मकता के साथ देख रहे हैं। फिलीस्तीन के पास अब और कोई रास्ता तो बचा ही नहीं है। बीते दो सालों में एक बसे-बसाए देश को पूरी तरह तबाह कर अब पश्चिमी ताकतों ने उसे फिर से बसाने की योजना बना दी है। पूंजीवाद की यही कार्यशैली है। पहले किसी चीज में खोट निकालो, उसे खत्म करो और फिर अपनी मर्जी का ऐसा ढांचा वहां खड़ा करो, जिससे अधिक से अधिक मुनाफा कमाया जा सके। लालच का यह तंत्र इतना निष्ठुर है कि उसे बंजर जमीन, हरे-भरे जंगल, मूक जानवर, हाड़-मांस के इंसान किसी में कोई फर्क नहीं दिखता। उसका बुलडोजर सब पर एक तरह से चलता है।

गजा अब पूंजीवाद के बुलडोजर से पूरी तरह समतल होने जा रहा है। इसलिए अब इन सवालों के जवाब शायद ही मिलें कि बंधकों की रिहाई, शवों की वापसी हो जाएगी, आगे और हमले भी नहीं होंगे। लेकिन हमास को खत्म करने के नाम पर जिन मासूमों की जान ली गई है, उन्हें क्या कभी इंसाफ नहीं मिलेगा। अभी पिछले हफ्ते तक संरा महासभा में फिलीस्तीन के समर्थन में आवाजें उठ रही थीं, उसे मान्यता देने वाले देशों की संख्या बढ़ रही थी, और बेंजामिन नेतन्याहू के भाषण में जिस तरह कई देशों के राजदूत उठकर चले गए, उसमें यह खुशफहमी बनी कि वैश्विक व्यवस्था में अघोषित बदलाव हो रहा है, कि संयुक्त राष्ट्र संघ की महत्ता पुनः स्थापित हो रही है। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप संयुक्त राष्ट्र संघ की जगह लेते जा रहे हैं या ले चुके हैं। ट्रंप खुद दावा करते रहते हैं कि कितने देशों के बीच युद्ध उन्होंने रुकवाए हैं, यहां तक



कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार का दावेदार बताया जाने लगा है। अब गजा में तथाकथित शांति बहाली के बाद यह दावेदारी और बढ़ जाएगी। फिर यह सवाल नहीं होंगे कि शांति प्रस्ताव के बाद अब जो फिलीस्तीन खड़ा किया जाएगा, उसकी डोर असल में किसके हाथ में रहेगी। यह तो घोषित तथ्य है कि इजरायल को शुरु से अमेरिका का पूरा समर्थन रहा है।

बीते कुछ दिनों में ट्रंप ने चाहे नेतन्याहू को हमले रोकने या और ज्यादा हिंसा बर्दाश्त न करने की बात कही है, लेकिन यह केवल दिखावटी बातें थीं। इजरायल अमेरिका की छत्रछाया में ही फला-फूला है और अब फिलीस्तीन को भी अमेरिका की कठपुतली सरकार मिलेगी, यह तय है। गौरतलब है कि अमेरिका ने गजा की भावी शासन व्यवस्था की जो रूपरेखा रखी है, उसमें एक गैर-राजनीतिक फिलीस्तीनी कमेटी गजा पर अस्थायी रूप से शासन करेगी, इसकी देखरेख एक नयी अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिशन बॉडी बोर्ड ऑफ पीस करेगी। कहा जा रहा है कि इसका नेतृत्व ट्रंप खुद करेंगे, लेकिन इसमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर की भी अहम भूमिका रहेगी, ऐसी खबरें हैं। इस योजना में फिलीस्तीनी शासन में हमास की कोई भूमिका नहीं रहेगी। अमेरिका की आर्थिक विकास योजना के तहत गजा का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसमें यह भी कहा गया है कि इजरायल गजा पर न तो कब्जा करेगा और न ही उसे अपने देश में मिलाएगा और उसकी सेनाएं समय के साथ ही चरणबद्ध तरीके से पीछे हटेंगी। इस बार ट्रंप ने अपने पिछले बयानों के उलट कहा है कि फिलीस्तीनियों को गजा छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। लोगों को वहीं रहने और बेहतर गजा बनाने का अवसर दिया जाएगा।

सबसे खास बात यह कि इस योजना में एक फिलीस्तीनी राष्ट्र की संभावना के लिए दरवाजा भी खुला छोड़ा गया है। यहूदियों को इजरायल में बसाने से पहले से फिलीस्तीनी राष्ट्र बना हुआ था, लेकिन अब उसे अपनी ही जमीन पर वैध पहचान का मोहताज बनाया जा रहा है। इस पूरी कवायद में टोनी ब्लेयर को जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल रही है, वह किसी बड़े खेल का इशारा कर रही है। 2007 में प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद ब्लेयर को अमेरिका, यूरोपीय संघ, रूस और संयुक्त राष्ट्र यानी क्वार्टेट का मध्य-पूर्व दूत बनाया गया था। याद कीजिए यह वही ब्लेयर हैं जिन्होंने बिना किसी सबूत के इराक पर हमले में अमेरिका का साथ दिया था और सद्दाम हुसैन के खतरे को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया था। विनाशकारी हथियारों के शक में न केवल इराक को तबाह किया गया, बल्कि सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ाया गया। ये काम उन लोगों ने किया, जिनके तहखानों में कई विनाशकारी हथियार रखे हुए हैं। नेतन्याहू जैसे युद्ध अपराधियों के हौसले ट्रंप ने और बढ़ा दिए हैं।

साहित्य



### कुछ हुआ

**पूजा चक्रवर्ती**

कुछ हुआ, बहुत बुरा हुआ,
शायद इश्क़ हुआ, अधूरा हुआ
ला-इलाज थी बीमारी उनकी,
रूह को सुकून तभी मिला
जब अंतिम संस्कार पूरा हुआ,
सौंप आए उनके महबूब को उन्हें
उनकी इच्छा अनुसार,
घड़े में इधर-उधर से उन्हें
जैसे-तैसे बटोरा हुआ
देख इस हालत में संभाल न
पाएं वह खुदको,
अस्थिओं में दिल था उसका
उसी के हाथों से खुदरा हुआ





## राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अत: व्यावहारिक बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनु:-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभ:-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# सत्य व साहस की विरासत : गांधी जी की सीख आज भी प्रासंगिक



*अरुण मिश्र*

महात्मा गांधी का नाम लेते ही हमारे मन में एक सादे कपड़े पहने, हाथ में लाठी लिए, तेजस्वी परंतु विनम्र व्यक्तित्व की छवि उभर आती है। वे केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नेता ही नहीं थे, बल्कि पूरी मानवता के लिए नैतिकता और सत्य का प्रतीक थे। गांधी जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि बिना हिंसा के भी सबसे बड़ी लड़ाई लड़ी जा सकती है। आज, जब दुनिया तकनीक और भौतिक प्रगति की दौड़ में आगे बढ़ रही है, गांधी जी के आदर्श और भी आवश्यक हो जाते हैं। विशेष रूप से पढ़ाई करने वाले बच्चों और युवाओं के लिए उनका जीवन एक दीपस्तंभ है।

गांधी जी के बचपन की एक घटना बेहद प्रेरणादायक है। विद्यालय में परीक्षा के दौरान उन्होंने एक शब्द गलत लिखा। शिक्षक ने संकेत किया कि वे बगल में बैठे विद्यार्थी से देखकर अपनी गलती सुधार लें। लेकिन मोहनदास करमचंद गांधी ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने वही गलत शब्द रहने दिया। परीक्षा परिणाम में सभी विद्यार्थी पास हो गए, सिवाय गांधी जी के। जब शिक्षक ने कारण पूछा, तो गांधी जी ने शांत स्वर में कहा– 'मुझे असफल होना स्वीकार है, परंतु झूठ और धोखा देना स्वीकार नहीं।' यह साधारण-सी घटना नहीं थी, बल्कि गांधी जी के चरित्र की नींव थी। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि सच्चाई पर टिके रहना असफलता से भी अधिक साहसिक काम है।



गांधी जी के लिए सत्य और अहिंसा केवल नारे नहीं थे, बल्कि जीवन का मार्ग थे। उनका मानना था कि असत्य और हिंसा से मिली जीत टिकाऊ नहीं हो सकती। यही कारण था कि उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य जैसी शक्तिशाली सत्ता के सामने भी हिंसा का मार्ग नहीं अपनाया। चाहे वह डांडी मार्च हो या भारत छोड़ो आंदोलन, हर जगह उन्होंने सत्य और अहिंसा की ताकत को हथियार बनाया। उन्होंने कहा था– 'सत्य ही ईश्वर है' और 'अहिंसा मानवता का सबसे बड़ा धर्म है।'

आज की दुनिया में प्रतियोगिता, लालच और दिखावे की प्रवृत्ति तेज़ी से बढ़ रही है। बच्चे और युवा कई बार सफलता पाने के लिए शॉर्टकट का सहारा लेने लगते हैं। नकल करना, गलत तरीकों से नंबर लाना या आगे बढ़ना आम होता जा रहा है। ऐसे समय में गांधी जी का बचपन का उदाहरण हमें याद दिलाता है कि सच्ची सफलता वही है, जो ईमानदारी और परिश्रम से मिले। असफलता अस्थायी है, परंतु चरित्र की क्षति स्थायी होती है। गांधी जी की सीख आज भी हमें यह याद दिलाती है कि अगर हमें लंबे समय तक टिकना है तो सच्चाई और मेहनत के रास्ते से ही गुजरना होगा।

गांधी जी मानते थे कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं है, बल्कि अच्छे नागरिक और अच्छा इंसान बनना है। उन्होंने कहा था– 'शिक्षा का अर्थ केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण है।' आज के समय में जब शिक्षा का व्यावसायीकरण बढ़ रहा है, तब गांधी जी की यह सोच बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें बच्चों को यह सिखाना होगा कि किताबों से ज्यादा जरूरी है जीवन में सत्य, करुणा और सेवा का भाव।

गांधी जी का जीवन बच्चों और युवाओं के लिए कई तरह से प्रेरणादायक है। उन्होंने हमें सादगी, अनुशासन और धैर्य का महत्व सिखाया। उनका विश्वास था कि सच्चा बल सत्य में है, और सच्ची ताकत धैर्य और करुणा में है। वे कहा करते थे– 'कमज़ोर कभी क्षमा नहीं कर सकता। क्षमा तो ताकतवर का गुण है।' यह विचार युवाओं के लिए आज भी मार्गदर्शक है।

उनके कुछ कालजयी विचार आज भी हर पीढ़ी को झकझोरते हैं। जैसे– 'आप वही बदलाव बनिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।' यह कथन हमें बताता है कि यदि समाज में सुधार चाहिए तो शुरुआत स्वयं से करनी होगी। उन्होंने यह भी कहा– 'एक औंस आचरण, टनों उपदेश से अधिक मूल्यवान है।' इसका अर्थ है कि उपदेश देने से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि हम स्वयं कैसा जीवन जीते हैं।

गांधी जयंती केवल श्रद्धांजलि का दिन नहीं है, बल्कि यह संकल्प का अवसर है। हमें यह ठानना होगा कि हम गांधी जी की तरह सत्य और साहस को अपने जीवन का आधार बनाएँगे। अगर विद्यार्थी ईमानदारी, साहस और मेहनत को अपनाएँ तो न केवल वे अपने जीवन में सफल होंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र को भी बेहतर बना पाएँगे। गांधी जी की छोटी-सी घटना से निकला संदेश आज भी उतना ही जीवंत है– 'असफल होना मंजूर है, लेकिन धोखा देना नहीं।' यही गांधी जी की सबसे बड़ी विरासत है, जिसे हमें संभालकर आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में रेडक्रॉस ने की कुष्ठ रोगियों की मदद



**लखीमपुर खीरी।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी खीरी द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कुष्ठ बस्ती (कुष्ठ जिला चिकित्सालय) में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कुष्ठ रोगियों एवं उनके परिवार की महिलाओं को दवाइयां, खाद्य सामग्री, सेनेटरी पैड व हाइजीन किट (तेल, साबुन, मंजन, ब्रश आदि) वितरित की गईं। रेडक्रॉस की सचिव आरती श्रीवास्तव ने महिलाओं व किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर प्रेरित किया। आजीवन सदस्य नारायण सेठ, अनुराग सक्सेना और दीपक धवन ने रोगियों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और स्वस्थ दिनचर्या में योग अपनाने का संदेश दिया। वहीं बबिता सक्सेना व स्वयंसेवी हर्यंक सिंह ने महिलाओं को शिक्षा और स्वरोजगार (सिलाई, कढ़ाई, पार्लर, अचार निर्माण आदि) से जुड़ने के लिए उत्साहित किया। इस दौरान कुष्ठ रोगियों ने अपनी समस्याएं भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिस जर्जर भवन में वे रहते हैं, वहां किसी भी समय हादसा हो सकता है। उन्होंने स्थायी आवासीय कॉलोनी की मांग की ताकि सुरक्षित आश्रय मिल सके। कार्यक्रम में नारायण सेठ, दीपक धवन, बबिता सक्सेना, सुनीता सिंह, अनुराग सक्सेना, हर्यंक सिंह, अमरनाथ शुक्ला और आरती श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही।

### विशाल बाइक रैली निकाली गई शहर भगवामय, युवाओं में दिखा जोश, हिंदू जागरण का संकल्प



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में बस्तौली चौराहा पड़रिया तुला से शुरू होकर भीरा चौराहा तक निकाली गई। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह और हिंदू एकता का संदेश देखने को मिला। बाइक रैली में सैकड़ों युवा भगवा पताकाएं लहराते हुए, जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारों के साथ शामिल हुए। शहर की गलियों और चौराहों से गुजरती रैली ने पूरे वातावरण को भगवामय कर दिया। रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोड़ना और हिंदू समाज को जागरूक करना बताया गया। रैली के दौरान जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया, विभाग संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी, जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा और तहसील मंत्री अरविंद कश्यप का कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। रैली का संयोजन आकाश कनौजिया द्वारा किया गया। इस मौके पर कुलदीप सिंह, अंकित कुमार, शिवम सिंह, संकेत कुमार, शीतू, नीरज कुमार, वीरेंद्र राजपूत, राम मोहन मिश्रा, मुकेश राज, कुलविंदर, वैभव पंडित, शिवा कश्यप सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### छात्रा रिद्धि पांडे बनीं एक दिन की उचौलिया थाना प्रभारी

**उचौलिया खीरी।** लखीमपुर खीरी जनपद के उचौलिया थाने में मिशन शक्ति अभियान के तहत एक छात्रा को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। बुधवार को डोरी लाल मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा रिद्धि पांडे ने यह जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ कार्यभार ग्रहण किया और लोगों की समस्याएं सुनीं। विधिवत मिली जानकारी के अनुसार डोरी लाल मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा रिद्धि पांडे 1 दिन की थाना अध्यक्ष उचौलिया बनाई गई। मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्रा रिद्धि पांडे को इंस्पेक्टर मनीष कुमार सिंह ने कैप पहन कर थाना अध्यक्ष का दायित्व दिया। एक दिन की थानाध्यक्ष बनी रिद्धि पांडे ने मिशन शक्ति की बारे में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला सुरक्षा के लिए 1090 जैसी तमाम हेल्पलाइन नम्बर जारी करके एक बहुत ही अच्छी पहल की है यह नम्बर बहुत ही कारगर हेल्पलाइन है, जिसकी मदद से महिला अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। साइबर अपराध के लिए 1930, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112, 108 व 102 जैसी कई जानकारियां दी व पुलिस और जनता के सहयोग पर बल दिया।

### गरीबी से जूझ रहे पिता ने रोक दी बेटी की पढ़ाई, थाना प्रभारी ने उठाया खर्च, बीए की छात्रा को दी किताबें



**बाँकेगंज खीरी।** गरीबी से मजबूर एक पिता ने अपनी बेटी की पढ़ाई बीच में रोक दी थी, लेकिन महिला सुरक्षा केंद्र और थाना मैलानी पुलिस की पहल से बेटी की शिक्षा फिर से शुरू हो गई। मामला बुधवार को सामने आया जब ग्राम सुरजनपुर निवासी सरोज, पुत्री अमरजीत सिंह, महिला सुरक्षा केंद्र मैलानी थाना पहुंची और आवेदन देकर बताया कि पिता ने आगे पढ़ाई करने से रोक दिया है। पुलिस महिला आरक्षी दीपिका त्यागी ने तुरंत मामले की जानकारी थाना प्रभारी को दी। आदेश पर आरक्षी चकित कुमार ने सरोज के पिता अमरजीत को थाने बुलाया। बातचीत में अमरजीत ने बताया मैं गरीब मजदूर हूं पत्नी का निधन हो चुका है पांच बेटियां हैं। आर्थिक तंगी के कारण सरोज की आगे की पढ़ाई नहीं करवा पा रहा हूं। इस पर बेटी सरोज ने बताया कि वह रामचंद्र यादव महाविद्यालय, थाना मैलानी क्षेत्र की BA प्रथम वर्ष की छात्रा है। थाना प्रभारी ने महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. राकेश यादव से बात की और छात्रा की फीस का जिम्मा खुद उठाने की घोषणा की। इतना ही नहीं, थाना प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य ने छात्रा को पढ़ाई से संबंधित कापी-किताब भी उपलब्ध कराई और आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या पर पुलिस मदद करेगी। सरोज ने पुलिस के इस सहयोग पर कहा अब मुझे दोबारा पढ़ाई से कोई नहीं रोक सकता, मैं मेहनत करके अपने सपनों को पूरा करूंगी। गांव और थाने में इस पहल की चर्चा है, लोग इसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की असली तस्वीर बता रहे हैं।

### बांकेगंज जागरण में अव्यवस्था भीड़ से श्रद्धालु लौटे



**बाँकेगंज खीरी।** बांकेगंज में मंगलवार को आयोजित रात्रि जागरण कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं के कारण तमाम श्रद्धालुओं को वापस जाना पड़ा। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि मंदिर परिसर के अंदर और बाहर दोनों जगह लोगों को खड़े होने की भी जगह नहीं थी। शारदीय नवरात्र के अवसर पर राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण में यह जागरण आयोजित किया गया था। पूरनपुर से आई शेरा एंड जागरण पार्टी के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। वहीं झांकी ग्रुप ने हनुमान और राधा-कृष्ण जैसी सुंदर सुंदर झांकियां पेश कर सभी का मन मोह लिया। जागरण की शुरुआत बुधवार रात लगभग 10 बजे हुई। इससे पहले कमेटी सदस्यों ने हवन-पूजन कर ज्योति प्रज्वलित की और गणेश वंदना की। यह कार्यक्रम बांकेगंज क्षेत्र के पूरनपुर निवासी अजीत सिंह के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिन्होंने विदेश से आर्थिक सहायता प्रदान की। अव्यवस्थाओं के चलते, जागरण देखने आईं अधिकांश महिलाओं और पुरुषों को बिना कार्यक्रम देखे ही लौटना पड़ा। युवा पीढ़ी आधी रात तक मंदिर परिसर के बाहर से ही जागरण का आनंद लेते नजर आए। स्थानीय लोगों ने मानना यह कि जागरण का प्रचार तो खूब किया गया। लेकिन कार्यक्रम स्थल पर बैठने तो दूर, खड़े होने की भी जगह नहीं थी। लोगों ने बालाजी कमेटी द्वारा मेला मैदान में आयोजित जागरण की व्यवस्थाओं की सराहना की, जहां बैठने की उचित व्यवस्था की जाती थी। लोगों ने यह भी बताया कि पहले यह दरबार मंदिर के सामने के मैदान में सजाया जाता था।

### श्री हनुमान मंदिर, सुहेला में होगा षष्ठम वार्षिकोत्सव समारोह



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)** ग्राम सुहेला स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर का षष्ठम वार्षिकोत्सव इस वर्ष दिव्यता और भव्यता के साथ 3 अक्टूबर 2025 से 11 अक्टूबर 2025 तक मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 2 अक्टूबर को शाम 4 बजे सुंदरकांड पाठ से होगी, जिसमें क्षेत्रीय भक्तगण बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इसके पश्चात 3 अक्टूबर से प्रतिदिन संध्या 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। यह कथा बिठूर-कानपुर से पधार रहे परम श्रद्धेय आचार्य श्री अजयानंद जी महाराज के पावन श्रीमुख से संपन्न होगी। कथा श्रवण के उपरांत 12 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता होगी। भंडारे के उपरांत रात्रि 8 बजे से विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें देश-प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कवि काव्यपाठ करेंगे और विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा।

# शारदीय नवरात्र नवमी पर थाना गोला में कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन

**मिशन शक्त अभियान फेज-5 के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



थाना गोला में शारदीय नवरात्रि नवमी के पावन अवसर पर मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अंतर्गत थाना परिसर में पारंपरिक कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति में कन्याओं को शक्ति स्वरूपा मानते हुए उनके महत्व को उजागर करना। कार्यक्रम में 1 से 10 वर्ष तक की बालिकाओं को आमंत्रित कर पूजा अर्चना के उपरांत भोजन कराया गया। आयोजन में क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह, निरीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह सहित म.उ.नि. अपूर्वा शर्मा, उ.नि. राजन कुमार (कस्बा चौकी इंचार्ज), उ.नि. योगेश चौधरी (नानक चौकी इंचार्ज), म.का. अंजली, म.का. हिमानी शर्मा, का. अनुज सागर सहित गोला कोतवाली स्थित मंदिर के पुजारी शिवम मिश्रा ने विधि विधान से पूजन अर्चन कराकर कन्या भोज संपन्न कराया। इसी कड़ी में थाना गोला की पुलिस टीम द्वारा उपस्थित बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत शासन द्वारा चलाई जा रही महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं के विषय में जागरूक किया गया। बालिकाओं को निम्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, पॉक्सो एक्ट, साइबर क्राइम से सुरक्षा, फर्जी कॉल/लॉटरी ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड, नशे के दुष्प्रभाव आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई।

## ऐतिहासिक दुर्गा पूजा का हुआ आयोजन

**बरबर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



नवरात्र समापन अवसर पर नगर के देवीस्थान मंदिर परिसर में भव्य हवन-पूजन का आयोजन किया गया। यह अनुष्ठान पंडित प्रेमबाबू शर्मा एवं शाहपुर जागीर के सहयोगियों द्वारा संपन्न कराया गया। हवन पूजन सुबह 9 बजे से शुरू होकर अपराह्न 4:30 बजे तक चलता रहा।

इसके बाद पारंपरिक बरोशी पूजा का आयोजन हुआ। पंडित प्रेमबाबू शर्मा द्वारा बरोशी तैयार कराकर मुरादपुर निवासी पंकज पंडा एवं हजारों श्रद्धालुओं ने उसे ग्रहण किया। श्रद्धालु जलती बरोशी के साथ पूरे नगर का लगभग 7 किलोमीटर का परिक्रमा मार्ग मात्र 45 मिनट में पूरा करते हुए नगर में मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। स्थानीय बुजुर्गों ने बताया कि कई दशक पूर्व नगर में महामारी फैलने पर यह पूजा नगर के विद्वान पंडित शांति स्वरूप द्वारा शुरू कराई गई थी। तभी से यह परंपरा चली आ रही है, जो वर्ष में दो बार—चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्र समापन पर—जीर्णोद्धार प्रबंध समिति द्वारा कराई जाती है। इस मौके पर समिति अध्यक्ष धर्मेश शर्मा, शनि देव समिति अध्यक्ष एडवोकेट विमल शुक्ला, बीरबल कुशवाहा, योगेश मिश्रा, अनूप दीक्षित, रामचंद्र सक्सेना, हरि किशन पांडे, अभिलाष गुप्ता, नीरज कुशवाहा, सत्यपाल कुशवाहा, प्रशांत, प्रवीन दीक्षित, नगर पंचायत चेयरमैन संजय शर्मा समेत बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## बीमार गोवंश की सूचना पर मौके पर पहुंचे गौ रक्षा प्रमुख

**इलाज कराकर गौशाला भिजवाने की पहल**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



बजरंग दल के जिला गौ रक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता ने पशु सेवा का उदाहरण पेश करते हुए बीमार गोवंश की सूचना मिलते ही रात 10 बजे पश्चिमी दीक्षिताना, वार्ड नंबर 14 पहुंचकर उसका इलाज कराया और उसे गौशाला भिजवाने की व्यवस्था की। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बीमार गोवंश सभासद रियाजुद्दीन के घर के पास कई दिनों से पड़ा था। बार-बार शिकायत के बावजूद सभासद द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया, जबकि वे दिन में कई बार उसी रास्ते से आते-जाते हैं।

29 सितंबर की रात मोहल्लेवासियों ने अनूप गुप्ता को सूचना दी, जिस पर वे तुरंत मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक बुलाकर गोवंश का उपचार कराया। 1 अक्टूबर सुबह गोवंश की हालत फिर बिगड़ने पर दोबारा सूचना दी गई, जिस पर अनूप गुप्ता ने गोला नगर पालिका के कर्मचारी संदीप वर्मा से संपर्क कर गोवंश को गौशाला में सुरक्षित पहुंचाने की बात कही।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजयादशमी एवं रावण दहन का कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना तथा भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण जी को रोली-तिलक व आरती अर्पित कर किया गया। विद्यालय की संचालिका हीरा सिंह ने बताया कि विजयादशमी असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य और सद्गुण की ही जीत होती है। रावण वध से हमें प्रेरणा मिलती है कि अहंकार, क्रोध, लोभ और ईर्ष्या जैसे दुष्ट गुणों का दहन कर जीवन में शांति व सद्भाव स्थापित करें। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण बहन पूनम सिंह द्वारा तैयार किया गया दस सिर वाला रावण रहा। राम, लक्ष्मण और रावण के मध्य युद्ध का मंचन कर रावण दहन संपन्न कराया गया। इस दौरान सभी भैया-बहनों ने ÷जय श्रीराम÷ के जयकारों के साथ विजयादशमी की खुशी मनाई। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं भैया अमरीश व भैया पंकज विशेष रूप से उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहे गए। कार्यक्रम का संचालन शिशु भारती प्रमुख बहन रजनी कपूर ने किया।

### फेसबुक पर सीएम योगी की विवादित पोस्ट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**ईसानगर, खीरी।** फेसबुक पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो को विवादित रूप देकर वायरल करने का मामला सामने आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना से हिन्दू समाज आक्रोशित हो गया और 29 सितंबर मंगलवार को थाना ईसानगर पहुंचकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। हिन्दू संगठन के पुरोधा धर्मेंद्र अवस्थी की सतर्कता पर थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी खीरी के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर के पर्यवेक्षण में मामले को प्राथमिकता दी गई।मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत चल रहे अभियान में थाना ईसानगर पुलिस टीम ने इस मामले में बड़ी सफलता हासिल की। मात्र 48 घंटे के भीतर ही फेसबुक पर विवादित पोस्ट करने वाले दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अरबाज खान पुत्र मिस्टर, निवासी कस्बा व थाना ईसानगर, जिला खीरी, उम्र करीब 25 वर्ष तथा फुरकान पुत्र इलियास खान, निवासी शिवपुर थाना बेहड़, जिला बहराइच, हाल पता कस्बा व थाना ईसानगर, खीरी, उम्र करीब 21 वर्ष शामिल हैं।

## यूपी यूथ एसोसिएशन का होगा संरचनात्मक विस्तार

**ब्लॉक स्तर पर गठित होंगी नई इकाइयां- युवाओं को मिलेगा नेतृत्व का मंच**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

युवाओं को समाजहित के कार्यों से जोड़ने और उनके नेतृत्व कौशल को मजबूत करने के उद्देश्य से सक्रिय यूपी यूथ एसोसिएशन (युवा संगठन) अब अपने संगठनात्मक ढांचे का विस्तार करने जा रहा है। संगठन ने निर्णय लिया है कि जिले के समस्त ब्लॉक स्तर पर नई इकाइयाँ गठित की जाएँगी, जिसके लिए तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

सूत्रों के अनुसार, आगामी सप्ताह से ब्लॉकवार संपर्क अभियान शुरू किया जाएगा। संगठन प्रतिनिधि हर ब्लॉक में युवाओं से संवाद स्थापित कर उनकी रुचि और क्षमता के आधार पर जिम्मेदारियों का चयन करेंगे। बताया गया कि प्रत्येक इकाई में संयोजक, सह-संयोजक, मीडिया प्रभारी, महिला विंग, छात्र विंग एवं सोशल कैंपेन टीम जैसी विभिन्न इकाइयाँ भी बनाई जाएंगी, जिससे कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके। संगठन का मानना है कि गांव और कस्बाई स्तर तक मजबूत नेटवर्क होने से जनसमस्याओं को न केवल उठाया जा सकेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्त अभियान जैसे क्षेत्रों में भी सार्थक पहल की जा सकेगी। यूथ एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि संगठन में पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और कार्य प्राथमिकता में रहेंगे। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि निष्क्रियता या नाम मात्र की भागीदारी को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा, बल्कि वास्तविक जमीनी कार्य करने वाले युवाओं को ही नेतृत्व में स्थान मिलेगा। संगठन ने समर्पित एवं सामाजिक सोच रखने वाले युवाओं से अपील की है कि वे बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के इस अभियान से जुड़ें, ताकि जिले में युवाओं की एक सशक्त आवाज तैयार की जा सके।

## इंस्टाग्राम पर सीएम योगी की आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

**निघासन खीरी।** सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आपत्तिजनक तस्वीर डालना एक युवक को भारी पड़ गया। थाना सिंगाही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आईटी एक्ट और बीएनएस की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सिंगाही कस्बे एक युवक ने इंस्टाग्राम पर सीएम योगी की एक संपादित तस्वीर स्टेटस पर लगाई थी। यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गई। 'टीम हिंदुत्व' नामक एक्स (पूर्व ट्विटर) यूजर ने इसका स्क्रीनशॉट लेकर सोशल मीडिया पर साझा किया। देखते ही देखते मामला सुर्खियों में आ गया और पुलिस अलर्ट हो गई। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 67 और बीएनएस की धारा 196, 353(2) के तहत केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया।

### सरकारी ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर दो माह से खराब, 200 बीघा धान सूखने की कगार पर

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** क्षेत्र के बिशुनपुर खरहना हनुमान पोखरा स्थित सरकारी ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर पिछले दो माह से खराब पड़ा है, जिससे 50 किसानों की लगभग 200 बीघा धान की फसल सूखने लगी है। किसानों का आरोप है कि लगातार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभाग समस्या का समाधान नहीं कर पाया है। किसान नामदार, सोमई, बेचन, कल्लू, राकेश, विक्रम, भीष्मशंकर समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने स्थानीय विद्युत अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई, लेकिन ट्यूबवेल अब तक चालू नहीं हो सका। मामले की शिकायत एसडीओ विद्युत रेहरा बाजार से की गई। इस पर एसडीओ एस.के. वर्मा ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही ट्रांसफार्मर बदला जाएगा और किसानों को समस्या से निजात दिलाई जाएगी।

## मिशन शक्ति फेज 5.0: जनजागरूकता रैली का आयोजन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में आज मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी शामिल हुए। रैली में बड़ी संख्या में एएनएम, सीएचओ, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा कर्मियों ने भाग लिया और महिलाओं एवं किशोरियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा तथा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला डॉ. चंद्र प्रकाश सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 महिलाओं और किशोरियों के लिए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता का संकल्प है। इस प्रकार की जन जागरूकता रैली ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाओं को अपने अधिकारों और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के प्रति सजग करती है। रैली के माध्यम से उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों को महिला स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, आत्मरक्षा और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और समाज को महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# पूरे क्षेत्र में राम नवमी पर भक्तों ने किया सामूहिक हवन

**उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पूरे क्षेत्र में चल रहे शारदीय नवरात्र पूजन के अंतिम दिवस में आज पूर्णाहुति बड़े विधि विधान से किया गया।ग्राम पंचायत बक्सरिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर तिलखी बढ़या, नगरिया, हसीनपारा, फत्तेपुर, जनुकी महुआ धनी, बभनी बुर्जुग, मंसूर जोत, पिपरा राम, पुरैना बुलंद, बांक भवानी, मलमलिया, मटियारिया कर्मा, मोहनजोत, विरदा बनिया भारी, मिलौली बागजोत में नवरात्रि की नवमी तिथि पर भक्तों द्वारा सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। पुरुषों, महिलाओं और बच्चों सहित सभी श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति देकर मां दुर्गा से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के नौ दिनों तक व्रत रखकर उपासना करने वाले श्रद्धालुओं ने नवमी के दिन पूर्ण श्रद्धा और आस्था के साथ मंदिर पहुंचकर हवन किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी , कई स्थानों पर कन्या पूजन विधि विधान से किया गया, हलुआ पुड़ी, का वितरण भी किया गया हवन पूजन के बाद तिलखी बढ़या, मंसूर जोत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासियों संग समस्त जनमानस राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। चहुंओर जय माता दी के गगन भेदी जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-584-25-1(Advertising-Out Of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.10.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.10.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PYGS-OSD-504-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.10.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PYGS-OSN-492-24-3 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PFM-OSN-531-24-1(Advertising-On Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-116-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-118-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-120-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-117-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-548-25-2 (Advertising-Out Of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-BSB-RCR-114-25-2 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-RCR-111-25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AY-RCR-112-25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LK0-AYC-RCR-113-25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PRG-RCR-115--25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3032/25

# वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में लगा मेला



- परिवार की खुशहाली वृद्धजनों के साथ सम्मान जनक व्यवहार से बढ़ती है : अंगद कुमार सिंह
- श्रावस्ती के प्रमुख भन्ते विमल ने बताया परिवार की उन्नति का मार्ग
- वरिष्ठ नागरिकों के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी का कराया एहसास

**जननी जनक महोत्सव में सम्मानित हुए 151 वरिष्ठ नागरिक**

**बाराबंकी।** अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान(बिरजू संस्थान) द्वारा निशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं उनकी पूजा अर्चना करने का अनूठा कार्यक्रम जननी जनक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में 151 वरिष्ठ नागरिकों की पूजा अर्चना उनके पुत्र-पुत्रियों, पोते-पोतियों द्वारा की गई और उन्हें अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस महोत्सव में प्रदेश के नामचीन समाजसेवियों, साहित्यकारों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। महोत्सव के मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक जे0राम, प्रतिष्ठित नेत्र सर्जन एवं भाजपा नेता डॉ विवेक वर्मा, अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ0 राम बहादुर मिश्रा पूर्व सांसद आनंद प्रकाश गौतम एवं पूर्व अपर जिला जज रामचंद्र निगम तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा सहित एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सर्वजीत रावत, सुशीला अंसारी, जगत नारायण रावत, लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेन्द्र पाल, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय, संपर्क प्रमुख श्रीकृष्ण, सौरभ, अधिवक्ता इक़बाल राही, रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों को माल्यार्पण एवं शाल्यार्पन कर उनका सम्मान किया। महोत्सव में श्रावस्ती से पधारे पूज्य भन्ते विमल जी ने महोत्सव की अध्यक्षता की और परिवार प्रबोधन किया। लोकभारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल वी राष्ट्रीय सचिव गोपाल जी उपाध्याय, समाजसेविका एहसास की महासचिव डॉ शचि सिंह ने महोत्सव आयोजन की सार्थकता बताया। इस मौके पर सेवानिवृत्ति कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, एसोसिएशन की महिला सभा की अध्यक्ष 90 वर्षीय मुन्नी सिंह, पूर्व अपर जिला जज रामचंद्र निगम, पूर्व सांसद आनन्द प्रकाश गौतम का विशेष रूप से सम्मान किया गया। महोत्सव में संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी का स्वागत, सम्मान किया, महोत्सव का संचालन हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव 'लल्लू' ने किया।

### 19 वर्षों से अनवरत किया जा रहा है आयोजन



बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा विगत 19 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर यह महोत्सव प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया जाता है जिन्हें परिवार में समायोजन अथवा उचित सम्मान की आवश्यकता है। महोत्सव में दादा दादी एवं बुजुर्ग माता पिता की उनके बेटे बेटियों वी बहूओं द्वारा पूजा अर्चना कराई जाती है तथा संकल्प दिलाया जाता है की हम अपने वरिष्ठ बुजुर्ग माता-पिता की सेवा व सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में संस्थान की ओर से सभी वरिष्ठ नागरिकों को साल भेंट करके उनका सम्मान किया जाता है। इस कार्यक्रम से परिवार में सामंजस्य के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को उचित सम्मान देने की परंपरा मजबूत हो रही है।

### महोत्सव में चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल की छात्राओं ने पेश किया मनमोहक कार्यक्रम



बुधवार को आयोजित हुए इस महोत्सव में जहां 151 बुजुर्गों की पूजा अर्चना हुई उन्हें सम्मानित किया गया वहीं इस कार्यक्रम में आधा सैकड़ा गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने में योगदान दिया। इस मौके पर चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्रों ने मातृ पितृ भक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को भाव विभोर कर दिया।

### हीलिंक क्लीनिक ने लगाया हेल्थ कैम्प, 85 बुजुर्गों का हुआ उपचार

वरिष्ठ नागरिक सम्मान के इस महोत्सव में इस केजीएमयू व हीलिंक क्लीनिक के विशेषज्ञ डॉ गौरव सिंह, डॉ राजेश कुमार ने निःशुल्क हेल्थ कैम्प लगाया और महोत्सव में आये लगभग 85 वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार किया और निःशुल्क दवाएं दी गई। महोत्सव में वरिष्ठ नागरिकों एवं परिवारजनों तथा चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों सहित लगभग 500 की संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया और सभी ने साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। महोत्सव के आयोजन में स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, प्रिया मौर्य, पूनम रत्नाकर, सरिता यादव, प्रिंशी वर्मा, पलक, अनिता, जियालाल, सरोज, सरस्वती आदि का योगदान रहा। आईपी सिंह, राम सजीवन, वीरेंद्र कुमार, राम आसरे बौद्ध, राम पाल भारती, डॉ जगदीश कुमार, आलोक कुमार डॉ ओम मिश्र सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अहिरावण बध की लीला का हुआ मंचन



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नगर के कोठी वार्ड स्थित रामलीला कोठी मैदान में सैकड़ो वर्षों से होती आ रही रामलीला में अंगद पैज, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण, मेघनाथ व अहिरावण वध की लीला का मंचन किया गया ।

लीला मंचन के तहत भगवान श्री राम जी अंगद को अपना दूत बनाकर रावण के दरबार में भेजते हैं अंगद रावण के दरबार में पहुंचकर रावण को कई प्रकार से समझते हैं पर रावण नहीं मानता रावण को क्रोध आ जाता है रावण राक्षसों से अंगद को लंका के बाहर फेकने का आदेश देता है। जिसके बाद अंगद पैर उठाना तो दूर पैर हिला देने पर माता जानकी को हारकर सेना सहित वापस जाने का एलान करते हैं। तमाम राक्षस जोर आजमाइश करते हैं परंतु असफल रहते है अंत में रावण अंगद का पैर उठाने के लिए उद्द्यत होता हैं परंतु अंगद पैर हटाकर उसे श्री रघुनाथ जी की शरण में आने की बात कहकर वापस आ जाते हैं। दोनों सेनाओ के बीच भयंकर युद्ध शुरू होता है। लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच युद्ध के दौरान लक्ष्मण शक्ति लग जाने से मूर्छित हो जाते हैं हनुमान जी लंका से सुषेण वैद्य को लाते हैं। वैद्य के बताने पर हनुमान जी द्रोण पर्वत से बूटी लाने के लिए प्रस्थान करते हैं तो कालनेमि राक्षस साधु का भेष बनाकर हनुमान जी को रोकने का प्रयास करता है,परंतु भेद खुलते ही उसका अंत करहनुमानजी द्रोण पर्वत पर पहुंचकर विनती करके द्रोण पर्वत सहित सूर्योदय के पूर्व ही वानर दल में पहुंचते हैं और वैद्य के इलाज से लक्ष्मण जी होश में आ जाते हैं। इसके बाद युद्ध जीतने के लिए यज्ञ कर रहे मेघनाथ के यज्ञ को बाधित कर उसका अंत कर देते है। इसके अलावा लीला मंचन के तहत आए कुंभकरण एवं रावण वध की लीला का मंचन किया गया।

इस दौरान प्रबंधक पुरुषोत्तम अग्रवाल,राजेश अग्रवाल, उदय अग्रवाल,कृष्ण कुमार द्विवेदी, रमेश चन्द्र, महेश अग्रवाल, मुकेश गोयल व शिव नारायण अग्रवाल व्यवस्था संचालन में लगे देखे गए।

## खबरें एक नजर में

### रायबरेली जाने वाले यात्रियों के लिए परिवहन निगम से शुरू की बस सेवा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ से रायबरेली जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायबरेली डिपो द्वारा एक नई बस सेवा शुरू की गई है। इस बस यात्रा के शुरू होने से यात्रियों में खुशी की लहर है। परिवहन विभाग में सोमवार से एक नई बस सेवा शुरू की है जो सुबह 8:00 बजे हैदरगढ़ से रायबरेली के लिए प्रस्थान करेगी। 9:30 बजे रायबरेली पहुंचने वाली यह बस सेवा 10:00 बजे एक बार फिर सुबह 11:15 बजे हैदरगढ़ पहुंच कर आधे घंटे के विश्राम के बाद बाराबंकी के लिए प्रस्थान करेगी ।परिचालक सूफियान अहमद ने बताया कि बराबंकी से 1:45 बजे चलने वाली यह बस सेवा 3:15 बजे हैदरगढ़ पहुंचेगी और 15 मिनट के विश्राम के बाद 3:30 बजे रवाना होकर 5:00 बजे रायबरेली पहुंचेगी और पुनः 5:30 बजे रायबरेली से चलकर 7:00 बजे हैदरगढ़ पहुंचेगी और नाइट हाल्ट करेगी। उल्लेखनीय की रायबरेली डिपो द्वारा पहले से ही दो बसों का संचालन किया जा रहा है। हैदरगढ़ बस स्टेशन पर नाइट हाल्ट करने वाली एक बस सेवा सुबह 7:00 रायबरेली के लिए रवाना होती है। और वहां से लखनऊ अप डाउन करने के बाद शाम को एक बार फिर हैदरगढ़ आकर खड़ी हो जाती हैं। पुरानी बस सेवा के फेरे कम होने की वजह से इस मार्ग पर यात्रा करने वाले तमाम यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता था जिसकी वजह से यात्रियों को समय के साथ-साथ धन की बर्बादी का सामना करना पड़ता था।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के मौथरी गांव मे बुधवार सुबह 45 वर्षीय अशोक गौतम का शव घर के पास एक पेड़ से लटका मिला ।परिजनो ने सुबह अशोक को बिस्तर पर न पाकर बाहर देखा,जहां उसका शव साड़ी के फंदे से झूल रहा था ।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए ।ग्रामीणो ने तत्काल पुलिस को सूचना दी ।जैदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते शुक्रवार को अशोक का गांव के ही रामू गौतम से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था ।इस मारपीट में रामू का पैर फैक्चर हो गया था ।जिसके बाद रामू की शिकायत पर पुलिस ने अशोक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था ।पुलिस को अशोक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जैदपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान घायल

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** आकाशीय बिजली गिरने से खेत मे काम कर रहा किसान घायल हो गया नाजुक हालत मे किसान को सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऊसराहार थाना क्षेत्र के किशनपुर निवासी इलायकेदार सक्सेना 62 वर्ष मंगलवार की दोपहर अपने खेतो पर काम कर रहा था अचानक मौसम ने करवट ली और आकाश से तेज गडगडाहट के साथ वारिस शुरू हो गई इलायकेदार खेत मे थोडा काम बचा था तो उसे करने मे जुटा रहा तभी अचानक आकाश से आकाशीय बिजली उसके खेत मे आकर गिरी किसान इलायकेदार पैरे के निचले हिस्से पर बुरी तरह झुलस गए वह खेत मे ही गिर पडा बिजली गिरते ही गांव मे कोहराम मच गया ग्रामीण दौड़कर खेतो पर पहुचे ग्राम प्रधान सुखवीर सिंह ने बताया इलायकेदार किसानी करता है बिजली गिरने से वह काफी झुलस गया है उसे सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना ऊसराहार क्षेत्र के नगरिया खनाबांध में महिला के साथ मारपीट और घर में घुसकर अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। थाने मे प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 18 अगस्त की रात मोहिनी अपने घर पर थी, तभी आरोपी हरिशचंद्र उनकी पत्नी कुन्ती देवी, पुत्र सोमनाथ, रिश्तेदार रजनी देवी और रवि जबरन घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने मिलकर मोहिनी को गालियां दीं और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। थप्पड़, घूंसे, लातें व डंडों से पीटने के अलावा बच्चों के सामने तमाम सामान तोड़फोड़ भी की। इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की जानकारी पीड़िता ने तत्काल पुलिस को 112 नंबर पर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को उपचार के लिए सीएचसी सरसईनावर भेजा। महिला का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति हैं। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि महिला की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## 'भगवान सबके हैं सभी मानव जीव में हैं भगवान'




**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

किसी भी समाज द्वारा भगवान को जाति के भेदभाव में बांटना स्वयं में अज्ञानता का प्रतीक हैं। भगवान सबके हैं और सभी मानव जीव में भगवान की शक्तियां विद्यमान हैं।

शारदीय नवरात्रि की महानवमी के उपलक्ष्य में कस्बा के मुहल्ला महावीर नगर स्थित माँ अम्बे पब्लिक स्कूल में सन्त विवेकानन्द जागृति समिति भरथना के तत्वाधान में हम सबके हैं राम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री पिलुआ महावीर जी महाराज मन्दिर के महन्त स्वामी हरभजन दास ने कहा कि मर्यादा पुरूषोंत्तम प्रभु श्रीराम सम्पूर्ण समाज के लिए आदर्श हैं। उनके जीवन में चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थितियां आयीं हों, लेकिन उन्होंने सदैव ही अपनी मर्यादा में रहकर सकारात्मकता के साथ उनका सामना किया और सफलता से परिचित हुए। इससे पहले विश्वात्मा वन पचनदा संगम इटावा के श्रीश्री 108 महन्त स्वामी ने भी उपस्थितजनों को अपने प्रवचन रूपी ज्ञान से प्रकाशवान किया। साथ ही समिति के पदाधिकारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन अर्चन उपरान्त यज्ञ में पूर्णाहुति डालकर सर्वकल्याण की कामना की तथा संगीतमयी भजनों से लोग आनन्दित हुए। समिति पदाधिकारियों ने सन्त द्वय का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर गुरलदास नन्दवानी, वीरेन्द्र सिंह चौहान, जमुनादास लखवानी, विष्णु सिंह भदौरिया, अखिलेश पोरवाल, रामप्रकाश पाल, अनिल श्रीवास्तव, रामपाल सिंह राठौर, राजेन्द्र चौधरी, रामशंकर वर्मा, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, मंगल सिंह भदौरिया, आरएन दुबे, वेदप्रकाश मयंक, दिवाकान्त शुक्ला, रामजी भदौरिया, अरविन्द रावत, निशान्त पोरवाल, अशोक रावत सहित कई गणमान्यजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संचालन करूणाशंकर दुबे ने किया।

### एसएसपी आवास के गेट में छिपा था बड़ा सांप सर्पमित्र ने किया रेस्क्यू

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मैन गेट के पास ही किनारे से टूटी एक शीट में एक 5 फीट लंबा घोड़ा पछाड़ सांप कहीं से आकर छिपकर बैठ गया था जिसे ड्यूटी पर तैनात संतरी सुमित कुमार एवम टेलीफोन ड्यूटी पर तैनात आरक्षी अमित कुमार ने तुरन्त ही देख लिया और वन्यजीव विशेषज्ञ सर्प मित्र डॉ आशीष त्रिपाठी को गेट पर सांप के दिखाई देने की सूचना दी। डॉ. आशीष ने मौके पर जाकर उस 5 फीट लम्बे सांप को कड़ी मशक्कत के साथ पकड़ लिया। डॉ आशीष ने बताया कि आवास के अंदर से कल भी एक छोटा चेकर्ड सांप पकड़ा गया था और आज गेट पर यह दूसरे सांप का रेस्क्यू किया गया है। आवास में एरिया बड़ा और हरियाली होने के कारण ही कभी कभी सांप दिखाई दे जाते है। रेस्क्यू के बाद सांप को वन विभाग के दिशा निर्देशन में उसके प्राकृतिक वास में छोड़ दिया गया।

## दुनिया के अनेक देशों में महात्मा गांधी को मिला सम्मान : गोप

- पूर्व मंत्री ने किया गांधी जयन्ती सप्ताह का उद्घाटन, अधिवक्ता एस.एस. नेहरा ने की अध्यक्षता




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने महात्मा गांधी के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि गांधी जी जितना सम्मान दुनिया में किसी और नेता को नहीं मिला है। दुनिया के अनेक देशों में उनकी प्रतिमाएं लगी हैं। गांधीजी ने एक धोती लपेटकर पूरी दुनिया में अलग छाप छोड़ी, देश आजाद कराने के बाद पूरी दुनिया में उनकी पूजा होती है।

बुधवार को गांधी भवन में पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित गांधी जयन्ती सप्ताह का उद्घाटन किया। समारोह के दौरान उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मार्त्यापण के उपरान्त दीप प्रज्जवलित करके इस साप्ताहिक आयोजन की शुरूआत की। समारोह की अध्यक्षता कर रहे गांधी ट्रस्ट के न्यासी एवं सप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एस.एस नेहरा ने की। गांधीवादी चिन्तक एवं संयोजक राजनाथ शर्मा ने कहा कि गांधी की लोकप्रियता आज भी दुनिया में जीवित है। जो लोग गांधी को मिटा देना चाहते हैं, वे समझ लें कि गांधी को मारा नहीं जा सकता। मारने वाले नश्वर हैं, लेकिन गांधी और उनके विचार अमर हैं। सभा का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूं नईम खान ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विजयलक्ष्मी आई हॉस्पिटल के निदेशक डॉ विवेक कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी राजेश कुमार यादव, गांधी जयन्ती सप्ताह कार्यक्रम के अध्यक्ष उमैर किदवई, डॉ कुसुम नेहरा, डॉ सुधि सरीन, देवेन्द्र सरीन, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता बलदेव मलिक, अमीर हैदर, अरूण डागर, बृजेश दीक्षित, डॉ सी.ए. जावेद, उ.प्र. सहकारी विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा, डीसीडीएफ के पूर्व अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला, अजय वर्मा, तौकीर कर्रार, पवन सिंह, सुमन शर्मा, विनय सिंह, मृत्युंजय शर्मा, रमेश चन्द्रा, अजय सिंह, शिवा शर्मा, धनजंय शर्मा, मुजीब अहमद, संतोष शुक्ला, अंकित मिश्र, विनोद भारती, विजय सिंह मुन्न, मनीष सिंह, श्रभ्निवास त्रिपाठी, पवन शर्मा अशोक शुक्ला, मनीष खेतान, अरविन्द वर्मा, मनीष गौतम, पाटेश्वरी प्रसाद, नीरज दूबे आदि कई लोग मौजूद रहे।

### गांधी जयन्ती पर होगा कवि सम्मेलन व मुशायरा

गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट द्वारा गांधी जयन्ती पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा गांधी भवन में शाम 6 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें उर्दू शायरी और हिन्दी कविताओं की रसधारा से जनपदवासियों को सराबोर करने और अपनी रचनाओं को सुनाकर कौमी एकता को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। उक्त साहित्यिक कार्यक्रम में प्रख्यात कवि एवं गीतकार प्रियांशु गजेंद्र, मशहूर गज़ल व शायर डॉ अंजुम बाराबंकवी, शोएब अनवर, सलीम सिद्दीकी, फैज़ खुमार, वकार बाराबंकवी, उस्मान मिनाई, फ़ैजान किदवई, असद उमर, योगेंद्र शुक्ल 'मधुप', अरविंद मिश्र, जितेंद्र श्रीवास्तव 'जीतू', धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव 'धीरू' जैसे कवि और शायर अपनी रचनाओं से आयोजन में समां बांधेंगे।

### जस्टिस डी.पी. सिंह करेंगे विभूतियों का सम्मान

गांधी जयन्ती पर देवा रोड स्थित गांधी भवन में प्रातः 9 बजे झण्डारोहण होगा। इससे पहले महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के बच्चों द्वारा मद्य निषेध पर एक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। तदोपरान्त पूर्व आईजी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा चरखा कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। इसके बाद गांधी स्मृति व्याखन और सामाजिक सहभागिता सम्मान दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायमूर्ति जस्टिस डी.पी. सिंह होंगे। वहीं सभा की अध्यक्षता अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. सुभाष चन्द्र मिश्र एडवोकेट करेंगे।

## यूपीयूएमएस में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में आज राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम रक्त दो, आशा दो, हम मिलकर जीवन बचाएंगे रही। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। कुलपति ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदाता समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो अपने अमूल्य योगदान से अनगिनत जीवन बचा रहे हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य शिवहरे ने बताया कि जनवरी से सितंबर 2025 तक विभाग द्वारा 21 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में 325 यूनिट ब्लड लोगों ने रक्तदान किया। 17 रक्तदान जागरूकता शिविर आयोजित किए गए, जिनमें लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सर्वाधिक रक्तदान करने वाले 33 दाताओं को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से,बृजेश यादव (48 बार रक्तदान), रीवा रेचल (41 बार रक्तदान), तेजवान (38 बार रक्तदान) को कुलपति ने पुरस्कृत करते हुए विशेष सरहाना की। कार्यक्रम में संत निरंकारी मिशन, भारत विकास परिषद, रक्तदाता समूह इटावा, रेलवे स्टेशन इटावा, सेंटमैरी स्कूल, संविधान मंदिर मैनपुरी, चंदीग्राम स्पोर्ट्स स्टेडियम, राजकीय पॉलिटेक्निक इटावा, वैदपुरा थाना, लॉर्ड मदर पब्लिक स्कूल समेत विभिन्न संस्थाओं, पैरामेडिकल व नर्सिंग विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय परिवार को भी धन्यवाद ज्ञापित कर प्रमाणपत्र देकर माननीय कुलपति ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता चौधरी सीएमओ ने किया। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. डॉ. रमाकांत, संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. आदेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ ज्योति कला भारती, डॉ यतेंद्र मोहन, डॉ अरविंद कुमार, डॉ अभय सिंह सहित विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## संघटनात्मक चुनाव के लिए कोर्डिनेटर बने नरसेन्द्र यादव

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान चिब ने इटावा यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष नरसेंद्र यादव को उत्तराखंड में संघटनात्मक चुनाव के लिए कोर्डिनेटर बनाया गया।

उनके मनोनयन पर जिले के सभी कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। जिसमें जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मो. राशिद, प्रशांत तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, प्रवक्ता वचस्पति द्विवेदी, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शौजब रिजवी, ओबीसी जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह शाक्य, शहर अध्यक्ष मोहित शर्मा, प्रवक्ता सतीश नागर, आसिफ जादरान, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, शहर अध्यक्ष सरला जाटव, सरवर अली, अवनीश वर्मा, जितेन्द्र यादव, अंशुल यादव, सचिन संखवार, मोहनलाल प्रजापति, सतीश शाक्य, प्रभुदयाल शाक्य, करण सिंह राजपूत, अरूण यादव एडवोकेट, प्रशांत दुबे, दीक्षा शुक्ला, योगिराज यादव, रमेशचंद्र यादव, उदयराज यादव, संदीप यादव, शालू यादव, अंकित, रामकुमार, अजीत शर्मा, प्रशांत यादव, प्रवीन कुमार आदि साथियों हर्ष व्यक्ति किया है।

## केवाईसी नहीं कराई तो गैस बुकिंग व सिलेंडर दोनों बंद

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।**




घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। जो उपभोक्ता समय रहते यह प्रक्रिया पूरी नहीं करेंगे, उनकी गैस बुकिंग स्वीकार नहीं होगी और सिलेंडर की आपूर्ति भी रोक दी जाएगी। कंपनी की ओर से अभी अंतिम तिथि घोषित नहीं की गई है, लेकिन संभावना है कि जल्द ही तारीख तय कर दी जाएगी। इसके बाद बिना ई-केवाईसी उपभोक्ता न तो सिलेंडर ले पाएंगे और न ही सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का लाभ उठा सकेंगे।

सैफई इंडेन सर्विस से जुड़े करीब 13,900 उपभोक्ता हैं। इनमें से अब तक केवल 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ही ई-केवाईसी कराई है। शेष उपभोक्ता यदि जल्द ही यह प्रक्रिया पूरी नहीं कराते, तो उनका कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा। कंपनी उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गांव-गांव जाकर डोर-टू-डोर ई-केवाईसी करवा रही है। साथ ही जिन उपभोक्ताओं के पाइप पुराने हो चुके हैं, उन्हें बदलने की भी व्यवस्था की जा रही है। ई-केवाईसी पूरी होने के बाद उपभोक्ताओं को 845495555 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर गैस बुकिंग करानी होगी। तभी उपभोक्ताओं के बैंक खाते में गैस सब्सिडी सीधे पहुंच सकेगी। कंपनी का कहना है कि फिलहाल केवल 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ही ई-केवाईसी कराई है। इस गति से यदि सैफई समेत अन्य क्षेत्रों के उपभोक्ताओं ने ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में लोगों को गैस बुकिंग और सिलेंडर की समस्या झेलनी पड़ेगी। सैफई इंडेन सर्विस के प्रोपराइटर रविंद्र यादव ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग जल्द से जल्द ई-केवाईसी कराकर अपना कनेक्शन सक्रिय रखें और योजनाओं का लाभ उठाएं। उनका कहना है कि देर करने पर उपभोक्ताओं को न सिर्फ सिलेंडर की समस्या होगी, बल्कि सब्सिडी से भी वंचित होना पड़ेगा।

### तार टूटकर गिरने से युवक घायल

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से खेत मे काम कर रही युवती करेंट लगने से झुलस गई है। ऊसराहार थाना क्षेत्र के पटियायत निवासी भारत सिंह की 18 वर्षीय पुत्री प्रिया मंगलवार को गांव के समीप खेत मे मानसिंह की समर के पास बाजरा काट रही थी तभी उपर से गुजरी हाईटेंसन लायन का तार टूट कर प्रिया के ऊपर गिर पडा जिससे प्रिया करेंट लगने से काफी झुलस गई स्वजन प्रिया को तत्काल इलाज के लिए सैफई अस्पताल ले गए थानाध्यक्ष बलराम मिश्रा ने बताया फोन पर सूचना मिली थी प्रिया ग्यारह हजार की लायन का तार टूटने से घायल हुई है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दिलाई राहत

**गरीब अभियुक्तों को मिलेगा मुफ्त अधिवक्ता**

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल ने दो गरीब अभियुक्तों को मुफ्त अधिवक्ता उपलब्ध कराकर बड़ी राहत दी है। जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन के मार्गदर्शन में यह कदम उठाया गया, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर आरोपियों को न्याय दिलाने का रास्ता साफहुआ है।

थाना इकदिल क्षेत्र के अभियुक्त करिश्मा और रामखिलावन को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 34, 147, 148, 149 के तहत दोषमुक्त किया गया था। बीते 27 सितंबर को माननीय अपर जिला जज, एफटीसी द्वितीय दिनेशचंद्र गौड़ के आदेशानुसार दोनों अभियुक्तों को केंद्रीय कारागार, इटावा से रिहा किया गया। लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अभियुक्त अपनी पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर पा रहे थे। इस पर माननीय अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा ने मामले का संज्ञान लिया और लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता चंद्रेश यादव को उनकी पैरवी हेतु नामित किया। अधिवक्ता चंद्रेश यादव अब इन अभियुक्तों की ओर से निशुल्क प्रभावी पैरवी करेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कहना है कि गरीब और असहाय लोगों को न्याय से वंचित नहीं होने दिया जाएगा।

### दो छात्राएं लापता, गुमशुदगी दर्ज

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** ऊसराहार क्षेत्र के कुईंता सरैया गांव से सरसईनावर स्कूल मे पढने गई दो छात्राएं पांच दिन पहले गई थीं जो वापस घर नही पहुची पांच दिन की खोजबीन के बाद भी जब छात्राओं का पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने मे गुम होने की सूचना दी थाना क्षेत्र के कुईता निवासी मंजू देवी पत्नी योगेन्द्र सिंह ने बताया 26 सितंवर को उनकी 16 वर्षीय बेटी शिवानी एंव रामनिरंजन की 16 वर्षीय पुत्री नेहा दोनो एक साथ सरसईनावर स्थित जिला पंचायत इंटर कालेज मे पढने गई थी जो वापस नही लौटी काफी खोजबीन की लेकिन दोनो छात्राओं का पता नही चला थानाध्यक्ष बलराम मिश्रा ने बताया पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर छात्राओं को बरामद करने के लिए अलग-अलग टीमों को लगाया गया है।

# अभिनेत्री मनारा चोपड़ा ने गरबा के साथ बांधा समां

▸ जीडी गोयनका स्कूल में नवरात्र उत्सव

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**






फर्रूखाबाद रोड स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में नवरात्र के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री मनारा चोपड़ा ने बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ गरबा डांस कर समां बांध दिया।

पूर्व मिस वर्ल्ड और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की चचेरी बहन मनारा चोपड़ा ने फैशन और गैंग ऑफ वासेपुर जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह और प्रबंध निदेशक डॉ. अनीता रंजन के साथ दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। मनारा चोपड़ा ने अपने संबोधन में कहा नवरात्र का यह उत्सव हमारी संस्कृति और एकता का प्रतीक है। बच्चों के साथ गरबा करना मेरे लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। जीडी गोयनका स्कूल का यह प्रयास सराहनीय है, जो बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ता है। मैं सभी को इस उत्साहपूर्ण आयोजन के लिए बधाई देती हूं।

चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा जीडी गोयनका स्कूल न केवल उच्च स्तर की शिक्षा पर ध्यान देता है, बल्कि खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास करता है। नवरात्र जैसे आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक जागरूकता और सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देते हैं। प्रबंध निदेशक डॉ. अनीता रंजन ने अपने संबोधन में कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को ऐसी शिक्षा देना है, जो उन्हें आधुनिकता और संस्कृति दोनों से जोड़े। इस तरह के आयोजन बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा और डांडिया प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## पुरखों की परंपरा का वर्षों से निर्वाह कर रहे राधाकृष्ण

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** महंगाई के इस दौर में फायदे की बात सोचना तो दूर उन्हें लागत भी नहीं मिल पाती, लेकिन इसके बाद भी वह कभी भी अपना मन मैला नहीं करते हैं। हर वर्ष वह इसे अपनी पारिवारिक परंपरा मानकर पूरे जोश और उत्साह के साथ पुतले बनाने में जुट जाते हैं। यह कहना है नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी राधाकृष्ण सैनी का। उन्होंने बताया कि रावण का पुतला बनाने की शुरूआत उनके परबाबा अनोखेलाल सैनी ने की थी। उनके बाद उनके पिता सुखवासीलाल सैनी रामलीला के लिए पुतले तैयार करते रहे और उन्हीं से उन्होंने रावण समेत अन्य पुतले बनाने की कला सीखी। आज वह इस काम को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। इस बार 18 फुट ऊंचा रावण का पुतला रामलीला मैदान में फूंका जाएगा। उन्होंने बताया कि रामलीला मैदान में करीब 9 फुट का रावण का स्तूप बना है। उसके ऊपर नौ फुट का रावण का पुतला लगाया जाएगा। इस तरह दशहरा के पर्व पर राम द्वारा 18 फुट ऊंचा रावण का पुतला फूंका जाएगा इसके साथ ही वह पर्वत, हिरण, जटायू, भी बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दस दिनों से वह और उनके परिवार के राममोहन सैनी, अतुल, रमेश पुतला बनाने में उनका सहयोग कर रहे हैं। इस बार रावण का पुतला बनाने में लगभग 20 हजार रुपए की लागत आने का अनुमान है।

# नवरात्रि के अंतिम दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

▸ नेजा नारियल और झंडे चढ़ाकर किया प्रसाद वितरित

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



शारदीय नवरात्रि के आखिरी दिन श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगी। आदिशक्ति मां भगवती का रुप सिद्धिदात्री के रूप में मनाकर भक्तों ने अपने व्रत तोड़े व मन्दिरों में जवारे एवं नेजा चढ़ाकर अपने परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। बुधवार को सुबह तीन बजे से ही सड़कों पर मां के जयकारों का सिलसिला प्रारम्भ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। नगर के सिद्धिपीठ मां कालिकादेवी मन्दिर के अतिरिक्त गमादेवी मन्दिर में भक्तों ने पैदल जाकर मनौतियां मांगी। तब अपने व्रत खोले। नंगे पैर हाथों में जल कलश, माथे पर मां की चुनरी एवं हाथों में पूजा का थाल लिए भक्त चले आ रहे थे। कोई टोलियों में तो कोई भक्त जमीन पर लेटकर माता के जयकारे लगा रहा था। ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। बड़े-बड़े झंडे एवं जवारों को लिए भक्त मइया के दरबार में दर्शन करने एवं मनौतियां मांगने को खिचे चले आ रहे थे। माता पर कलश और नारियल चढ़ाने के बाद श्रद्धालुओं ने अपने घरों में पहुंच कन्याओं को भोज कराया, उनका चरणामृत लिया और व्रत खोला। नगर के सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर पर मेले जैसा दृश्य देखा गया। यहां पहुंचे ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने अपने गृहपयोगी वस्तुओं की जमकर खरीदारी की और मन्दिर पर चलने वाली श्रीमद्भागवत सुनी। शाम चार बजे ग्रामीण क्षेत्रों से आये भक्तजन ढोलक की थाप पर नाचते गाते माता के गीत गाते देखे जा रहे थे। इस अवसर पर नगर के सौरिख रोड पर भारी भीड़ के कारण जाम की स्थिति पैदा हो गयी, जिसको पुलिस द्वारा भारी मशक्कत के बाद खुलवाया जा सका। हर कोई भक्त पहले दर्शन करना चाहता था। इसीलिए मन्दिर के अन्दर कई बार अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। माता के दर्शनों को काफी देर तक लम्बी-लम्बी कतारें लगी रहीं।



## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से सनसनी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बुधवार सुबह ग्राम बहवलपुर के निरंकारी भवन के पीछे कच्चे नाले के पास झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस की छानबीन में मृतक की पहचान सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम असेह निवासी 30 वर्षीय दिनेश कठेरिया पुत्र दयाराम कठेरिया के रूप में हुई। बताया जाता है कि दिनेश की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उनके परिवार में बड़ा भाई देवेंद्र कठेरिया है। स्थानीय लोगों में शव मिलने की खबर से सनसनी फैल गई। सीओ सुरेश कुमार और कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। फॉरेंसिक टीम ने शव का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। अभी तक मौत के सही कारणों का खुलासा नहीं हुआ है, जिससे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# किसानों को तत्काल मुआवजा दे सरकार: विजय द्विवेदी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सपा जिला प्रवक्ता की प्रेस वार्ता

समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने मोती महल रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में सरकार से बरसात से प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की।

उन्होंने कहा कि हाल की भारी बारिश ने जिले में आलू और धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसान आर्थिक संकट में हैं। इसके अलावा, आकाशीय बिजली गिरने से कई लोगों की मौत हुई है। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिजनों और प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान करने की अपील की। विजय द्विवेदी ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है।

उन्होंने दावा किया कि जनता ने 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा को सत्ता सौंपने का मन बना लिया है। सपा की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति के जरिए समाज के हर वर्ग को पार्टी से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने सपा सरकार के दौरान जिले में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने इन जनहितकारी कार्यों को ठप कर दिया। प्रदेश सचिव प्रताप सिंह यादव ने विजय द्विवेदी के जिला प्रवक्ता बनने पर स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, लाल बहादुर सिंह लालू, आलोक दुबे, अनुराग बाजपेई, प्रद्युम्न सिंह यादव, अच्छे खान, और अंकुर यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




राजकीय हाईस्कूल भोजपुर निगोह में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और उनके महत्व व उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में थाना विशुनगढ़ से आई पुलिसकर्मियों की टीम ने मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

मिशन शक्ति प्रभारी निवेदिता त्रिपाठी ने कहा कि यह अभियान महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण है। हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 181 और 112 के उपयोग से आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को निडर होकर अपनी आवाज उठाने और हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी जरूरी है। वरिष्ठ अध्यापिका अनुपमा भदौरिया ने जोर देकर कहा कि छात्र-छात्राएं किसी भी असुरक्षा की स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। पुलिसकर्मियों ने छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए और हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग की प्रक्रिया समझाई। इस अवसर पर कीर्ति बाजपेई, पूनम सिंह, श्रीमती प्रसून यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## छोटे बच्चों के झूले पर बड़े को न बैठाने पर की मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कालिका देवी मंदिर में लगे बच्चों के झूले पर बैठकर झूला झूलने की जिद करते हुए एक दबंग ने मना कर रहे दिव्यांग झूला संचालक के साथ मारपीट कर दी। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए थाने ले गई। नवरात्रि के मौके पर नगर के सौरिख रोड स्थित कालका देवी मंदिर के पास लगे मेले में बच्चों के लिए लगाए गए झूलों में नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी दिव्यांग शेखर बाथम पुत्र विजय बहादुर का बच्चों वाला झूला लगा है। उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम लगभग 4 बजे भगवंतनपुर निवासी प्रदीप पुत्र संजय लाल आए और झूले पर बैठकर झूला झूलने की बात कहने लगे। उसके मना करने पर दोनों के बीच बहस हो गई और मामला मारपीट पर आ गया, जिसमें शेखर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# एसपी ने बैरागढ़ धाम, अक्षरा मां पहुंच लिया जायजा

▸ शक्तिपीठों में तैनात पुलिस कर्मियों को दिये निर्देश

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने भक्तों की अटूट आस्था से जुड़े बैरागढ़ धाम के साथ ही अक्षरा माता मंदिर व रक्तदंतिका पीठ पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही मंदिर में तैनात पुलिस कर्मियों को जरूरी निर्देश भी दिये। नवमी तिथि के मद्देनजर एट थाना क्षेत्र में स्थित बैरागढ़ धाम जहां पर हजारों की संख्या में भक्तजन पूजा अर्चना करने पहुंचे वहां पर सबसे पहले पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही मंदिर के पुजारी से भी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा करते हुये आने वाली भीड़ के बारे में विस्तृत जानकारी ली और मंदिर परिसर में भ्रमण कर काफी देर तक जायजा लेते रहे। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिये तैनात पुलिस कर्मियों को भी निर्देश दिये। इसके बाद एसपी का काफिला कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनगर में स्थित शक्तिपीठ अक्षरा माता मंदिर पहुंचा जहां पर पहले से भक्तों की भीड़ मौजूद थी। पुलिस अधीक्षक ने मंदिर के चारों ओर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद पुलिस जवानों से भी चर्चा की। बाद में पुलिस अधीक्षक बेतवा नदी के तट पर तांत्रिक शक्तिपीठ रक्तदंतिका में पहुंचे वहां पर उन्होंने परिक्रमा मार्ग का बारीकी से निरीक्षण कर मंदिर की देखरेख करने वालों से व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

## पड़ोसी ने अतिक्रमण कर निकाला छज्जा, काम करते बेटी का जला हाथ

**जालौन,उरई।** पड़ोसी द्वारा अतिक्रमण कर मकान का छज्जा निकाले जाने और बेटी से काम कराते समय छत से निकली हाईटेंशन लाइन के छूने से बेटी के हाथ जलने और उपचार के दौरान हाथ के काटे जाने एवं उपचार कराने की बात कहने पर धमकाने की शिकायत पीड़ित पिता ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम बिचौली निवासी केश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर अपने मकान का छज्जा निकलवा लिया है। छज्जे के ऊपर से ही हाईटेंशन लाइन निकली है। बीती चार अगस्त को उनके पड़ोसी ने उनकी दोनों बेटियों शालिनी (7) और अल्लो (4) को बुलाया। उन्होंने बेटियों को रुपये देने का लालच दिया और छत पर ईंटा रखवाने लगे। इसी दौरान ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन के छूने से दोनों बेटियां नीचे गिर गईं।

# वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जिलाधिकारी ने बुजुर्गों को किया सम्मानित



वृद्धाजनों से वार्ता करते डीएम-एसपी व अन्य

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम, पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने बुजुर्गों को फल, मिष्ठान, वस्त्र व पुष्पमालाएं भेंट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। इनके अनुभव और जीवन दृष्टि से समाज को दिशा मिलती है। हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने बुजुर्गों का सम्मान करे और उनकी देखभाल में कोई कमी न छोड़े।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा वृद्धजनों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें वृद्धावस्था पेंशन, वरिष्ठ नागरिक कल्याण निधि व वृद्धाश्रम प्रबंधन कार्यक्रम प्रमुख हैं। इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचना चाहिए।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने परिवार के बुजुर्गों के साथ समय बिताएं, उनकी आवश्यकताओं को समझें और उन्हें सामाजिक गतिविधियों से जोड़े रखें। इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि विवेक पाठक, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा, पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डॉ. अशोक कुमार सविता समेत कई अधिकारी सहित आदि रहे।

## विसर्जन स्थल का डीएम- एसपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश



सुरक्षा व्यवस्था, यातायात एवं चिकित्सा इंतजामों का लिया जायजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** आगामी दुर्गा प्रतिमा विसर्जन पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सदर थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत निर्धारित विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, जल सुरक्षा तथा आमजन की सुविधा को लेकर मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिए। कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने कहा कि विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके। साथ ही चिकित्सीय सहायता के लिए मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस की भी तैनाती के निर्देश दिए। एसपी विनोद कुमार ने कहा कि यातायात को सुव्यवस्थित रखने के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ– साथ ड्रोन से भी भीड़ पर नजर रखी जाएगी। प्रशासन की ओर से आमजन से अपील की गई है। कि वे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान प्रशासन का सहयोग करें एवं निर्धारित नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक आयोजन सम्पन्न कराएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, कोतवाली प्रभारी सहित नगर निकाय के प्रतिनिधि रहे।

# अज्ञात कारणों से युवक की मौत, घर के अंदर पड़ा मिला शव

**जगम्मनपुर,जालौन समृद्धि न्यूज।**

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम हमीरपुरा (जगम्मनपुर) में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव उसके ही मकान के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक की पहचान नरेंद्र सिंह (43) पुत्र मथुरा सिंह सेंगर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार नरेंद्र सिंह परिवार सहित अधिकतर समय कानपुर में ही रहते थे, जहां उनके दोनों बच्चों की पढ़ाई चल रही है। गांव में वे अलग मकान में रहते थे। बुधवार सुबह लगभग 11 बजे वह बाजार से नवमी पूजा के लिए नारियल, बताशा और प्रसाद आदि सामान लेकर घर लौटे थे। इसके बाद वह बाहर नहीं निकले। मोहल्ले के एक व्यक्ति को किसी वस्तु की आवश्यकता होने पर जब वह उनके मकान के अंदर पहुंचा तो नरेंद्र जमीन पर पड़े मिले। तत्काल इसकी सूचना परिजनों और ग्रामीणों को दी गई। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन असंतुष्ट होकर उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां भी मृत्यु की पुष्टि हुई। ग्रामीणों में चर्चा है कि उनकी मौत करंट लगने से हुई होगी, हालांकि समाचार लिखे जाने तक मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था।

# शिक्षित युवा स्नातक मतदाताओं का करायें पंजीकरण : अशोक

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**




नगर स्थित साहू समाज के श्रीराम जानकी मंदिर में स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के लोगों ने चुनाव में अधिक से अधिक स्नातक मतदाताओं का पंजीकरण कराने पर जोर दिया।

बैठक के मुख्य अतिथि अशोक राठौर ने कहा कि स्नातक एमएलसी चुनाव शिक्षित वर्ग की आवाज को विधान परिषद तक पहुंचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। हर वह व्यक्ति जिसने वर्ष 2022 में या उससे पहले स्नातक की डिग्री प्राप्त की है, वह मतदाता बनने के योग्य है। पढ़े-लिखे लोग यदि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ेंगे तो समाज और क्षेत्र की आवाज को और मजबूती मिलेगी। विशिष्ट अतिथि डा. विजय साहू ने स्पष्ट किया कि अगर कोई पहले स्नातक मतदाता रह चुका है, तो उसे भी नए सिरे से मतदाता फार्म भरना होगा, क्योंकि हर बार वोटर लिस्ट शून्य से बनाई जाती है। इसलिए पहले से वोटर बने स्नातकों को भी नया फार्म भरना जरूरी है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सरल है। प्रत्येक स्नातक नागरिक का कर्तव्य है कि वह समय रहते फार्म भरकर सूची में अपना नाम दर्ज कराए। बैठक का संचालन शिवनारायण साहू ने किया। संजू साहू ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में वक्ताओं ने स्नातक मतदाता बनने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर दयाराम दाऊ, लालजी मास्टर, संजू साहू, मानिकचंद्र साहू, शिवनारायण साहू, राहुल साहू, हिमांशु साहू, रूपेश साहू, सुशील साहू, पवन साहू, रामशरण साहू आदि मौजूद रहे।

# बांके बिहारी कालोनी में होगा रावण दहन का कार्यक्रम

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

नगर में दशहरा मेला और रावण दहन के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है। गुरूवार को उरई रोड स्थित बांके बिहारी कॉलोनी में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित होगा। नगर में हर वर्ष दशहरा मेला का आयोजन श्रीबाराहीं देवी मेला मैदान पर किया जाता है। दशहरा के दिन रामलीला मैदान से प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर बाराहीं देवी मेला मैदान पर पहुंचती है। जहां रावण वध की लीला का आयोजन होता है। रावण दहन के साथ ही मैदान पर आकर्षक आतिशबाजी का भी प्रदर्शन होता है। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिए नगर ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों के लोग भी सैंकडों की तादाद में बाराहीं देवी मेला मैदान पर पहुंचते हैं। इस बार लगातार बारिश होने की वजह से श्रीबाराहीं देवी मेला मैदान में जलभराव है। जिसके चलते दशहरा मेला और रावण दहन के कार्यक्रम पर संशय बना हुआ था। बुधवार को रामलीला समिति और दशहरा मेला समिति के सदस्यों ने इस पर विचार किया और कार्यक्रम स्थगित न करने पर सहमति बनी। जिसके बाद दशहरा मेला और रावण दहन के लिए स्थान का चयन करने के लिए समिति के सदस्यों ने नगर में भ्रमण किया।

# रामपुरा टीहर नहर में होगा दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन

**रामपुरा, जालौन समृद्धि न्यूज।**



शारदीय नवरात्रि के समापन अवसर पर विजयादशमी के दिन क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार देवी प्रतिमाओं का विसर्जन पंचनद संगम पर नहीं होकर रामपुरा-टीहर रोड स्थित नहर में किया जाएगा। प्रशासन ने बारिश के कारण बदली परिस्थितियों को देखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

बुधवार को उप जिलाधिकारी माधौगढ़ राकेश कुमार सोनी, क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज कुमार सिंह, थाना प्रभारी रामपुरा इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह, चौकी प्रभारी जगम्मनपुर पंकज कुमार मिश्रा तथा चौकी प्रभारी सिद्धपुर रामकिशोर सिंह ने पूर्व निर्धारित विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मंगलवार को दिन-रात हुई भीषण वर्षा से पंचनद यमुना तट पर बनाए गए कृत्रिम गड्ढे और मार्ग पूरी तरह से कीचड़ व दलदल में तब्दील हो गए हैं, जिससे वहां विसर्जन कराना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं होगा। उप जिलाधिकारी ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत अब रामपुरा-टीहर रोड पर बनी नहर में विसर्जन होगा। यह नहर बेतवा नदी से जुड़ी हुई है और इसमें पवित्र जल प्रवाहित होता है। इसलिए मूर्तियों का विसर्जन इस नहर में करना शुभ और सुरक्षित रहेगा। क्षेत्राधिकारी अंबुज कुमार सिंह ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासनिक व्यवस्था का पालन करते हुए निर्धारित स्थल पर ही विसर्जन करें। वहीं थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह ने चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति नदी के दलदली व फिसलनयुक्त तट पर न जाए।



# सिद्धिदात्री की पूजा के साथ शारदीय नवरात्र ने पाया विराम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र के नौवें दिन भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के नौवें स्वरुप मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की और कन्या भोज का आयोजन किया। मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने हलुआ पूड़ी का भोग लगाया और सर्व मंगल की कामना की।

बुधवार को घर व मंदिरों में मां दुर्गा के नौवे स्वरुप मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की एवं कन्याओं को भोज कराया गया। नगर के ऐतिहासिक मंदिर गुरुगांव देवी, बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर,

**▸ घर-घर हुए कन्या भोज, नगर में पूरे दिन चले भंडारे**

भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मन्दिर, खतराना स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां को हलुआ, चना, पूड़ी, खीर का भोग लगाया। ऐतिहासिक द्वापर कालीन गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों ने भारी भीड़ उमड़ी। पूरे दिन यहां पर भंडारा चलता रहा। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां पर लगे मेले में भक्तों ने जमकर खरीददारी की। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।



मठिया देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

महिलाओं तथा युवतियों ने भोर होते ही मंदिर में पहुंचकर मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके अलावा भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ दर्ज की गयी। भक्तों ने विधि विधान से मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की



कन्या भोज करते सचिन कटियार

और सर्व मंगल की कामना की। वहीं शीतला माता मंदिर में प्रातः काल से ही भक्तों की लंबी कतार मंदिर परिसर में देखने को मिली। माता रानी के भंडारे में पुड़ी, सब्जी, हलवे, चने का भोग लगाने के बाद आए हुए सभी भक्तों को प्रसाद बांटा गया। मंदिर के अध्यक्ष सचिन कटियार द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था को देखते हुए मंदिर के पीछे की तरफ कन्या भोज का आयोजन किया गया।

जिसमें सैकड़ों कन्याओं की एक साथ बैठने की व्यवस्था की गई। सभी भक्तों ने कन्या भोज कराकर पैर छूकर आशीर्वाद लिया। सुबह से शाम तक प्राचीन सिद्ध पीठ शीतला माता बढ़पुर देवी मंदिर में भक्तों का आना जाना लगा रहा। वहीं मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था।

घरों में भी व्रती महिलाओं ने मां की पूजा अर्चना कर कन्याओं को भोज कराया और दक्षिणा दी। इसके अलावा नगर में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। जहां पर पूड़ी सब्जी, खीर, हलुआ चना आदि का वितरण होता रहा। नगर में कई जगह भंडारे चलने के कारण शहर में जाम जैसी स्थिति दिखायी पड़ी। कुल मिलाकर पूरे दिन माहौल आध्यात्मिक बना रहा। इसी के साथ बुधवार को नवदुर्गा महोत्सव ने विराम पाया। वहीं पिछले आठ दिन से व्रत रखे भक्तों ने अपना व्रत तोड़ा।

## पत्नी की हत्या में सजा काट रहे कैदी की लोहिया अस्पताल में मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पत्नी की हत्या में केंद्रीय कारागार में सजा काट रहे कैदी की लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मजिस्ट्रेट पहुंचे। उनकी मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार विकास खंड बढ़पुर के चाँदपुर निवासी जबर सिंह (60) ने अपनी पत्नी मालती की करीब 3 वर्ष पूर्व हत्या कर दी थी। जिसमें उसको सजा हो गयी थी। वह केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा था। बुधवार को उसकी तबियत खराब हो गयी। जिस पर उसे लोहिया अस्पताल



पंचनामा की कार्यवाही करती पुलिस

में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। डॉक्टरों ने कैदी के शव को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर बुधवार को जबर सिंह के रिश्तेदार लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां रिश्तेदारों ने बताया कि जबर सिंह की एक बेटी सोनम कटियार है। जिसकी शादी हो चुकी है। जिसको सूचना दे दी गयी है। देर शाम तक वह पहुंच गयी थी। पुलिस की सूचना पर मजिस्ट्रेट भी लोहिया अस्पताल पहुंचे। जिनकी मौजूदगी में कैदी के शव का पंचनामा भरा गया।

## युवती के साथ छेड़छाड़ व मारपीट में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

युवती से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता महिला ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह दिनांक 30 सितंबर की दोपहर करीब 12 बजे बाजार करने गई थी। घर पर उसकी पुत्री उम्र करीब 18 वर्ष अकेली थी। इसी दौरान पुत्री को अकेला पाकर गांव का ही विकास उर्फ डब्बू पुत्र अभिमन्यू भारती मेरे घर में घुस गया तथा पुत्री



का हाथ पकड़कर मुंह दबा लिया और छेड़छाड़ करने लगा, तभी स्कूल से छुट्टी होने पर पुत्र घर पर पहुंच गया। जिस पर पुत्र ने छेड़छाड़ का विरोध किया, तो विकास मारपीट कर भाग गया। कुछ देर बाद विकास, रामरोशनी पत्नी अभिमन्यू व नीलम पत्नी भीमसेन मेरे घर आये और पुत्र से गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## पुलिस ने पकड़ा आतिशबाजी का जखीरा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली का पर्व नजदीक आते ही अवैध आतिशबाजी बेचने वाले लोग सक्रिय हो गये हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक घर से आतिशबाजी का जखीरा बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के लालबाग हमीरपुर गांव में पुलिस ने अवैध आतिशबाजी के एक बड़े जखीरे को बरामद किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने हमीरपुर निवासी नाजिम पुत्र हकीमुद्दीन के घर पर छापा मारा। यहां से लगभग पांच बोरी निर्मित और अनिर्मित अवैध आतिशबाजी जब्त की। पुलिस ने मौके से आतिशबाजी का निर्माण कर रहे एक



बरामद आतिशबाजी को ले जाती पुलिस

युवक को भी हिरासत में लिया और उसे कोतवाली ले गई। कायमगंज के सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि छापेमारी में लगभग 60 किलोग्राम निर्मित और अनिर्मित आतिशबाजी, साथ ही दैमार पटाखे बरामद हुए हैं। इस कार्रवाई के दौरान कोतवाली प्रभारी अनुराग मिश्र, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरजीत सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह और मंडी चौकी प्रभारी अवधेश कुमार भी मौजूद रहे। पुलिस ने कहा कि अवैध आतिशबाजी की बिक्री किसी भी कीमत पर नहीं होने दी जायेगी।

## धूमधाम से निकली शिव बारात, देखने उमड़े नर-नारी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में बुधवार को भव्य शिव बारात निकाली गई। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा कस्बा भक्तिमय हो उठा। बारात में श्रद्धालुओं का अपार उत्साह देखने को मिला।

बारात का शुभारंभ कस्बे के पवित्र भारत दास बाबा मंदिर परिसर से हुआ। सुंदर सजे-धजे रथ पर विराजमान भोले बाबा का स्वरूप दिव्य नजर आ रहा था। यह बारात कस्बे की प्रमुख गलियों से होते हुए पुनः भारत दास बाबा मंदिर पर आकर संपन्न हुई। बारात के शुभारंभ से पूर्व मेला अध्यक्ष रामदुलारे अवस्थी, मुख्य मेला प्रबंधक राजेश पाठक उर्फ पीकू भैया, सुनील अवस्थी और रंगमंच के



दूल्हा बने भगवान शिव



बारात में मौजूद कस्बावासी व पदाधिकारीगण

कलाकार कुंड बिहारी अवस्थी ने विधिवत आरती कर बाबा के स्वरूप का पूजन किया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में कस्बे के लोग शामिल हुए। इनमें शिवम पाठक, सुमित अवस्थी, वैभव, प्रशांत अवस्थी, जितेंद्र अवस्थी, विनोद यादव, मोहित अवस्थी, शिवम अवस्थी, विकल अग्निहोत्री, कुन्नू अग्निहोत्री और सौरभ अवस्थी सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे। पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बारात का स्वागत किया। भक्तों ने बाबा के जयकारों और नृत्य गान से माहौल को और अधिक भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। थाना अध्यक्ष मोनू शाक्या, एसआई राघवेंद्र सिंह भदौरिया, सूरज कुमार सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## दशहरा पर्व को लेकर क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के ग्राउंड पर चलती रहीं तैयारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर के क्रिश्चियन इंटर कालेज में आज रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का दहन होगा। जिसके चलते मैदान बुधवार को क्रिश्चियन मैदान पर तैयारियां चलती रहीं।

बताते चलें कि क्रिश्चियन इंटर कालेज के ग्राउंड पर गुरुवार को रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का दहन होगा। जिसके चलते मैदान पर तैयारियां देर शाम तक चलती रही। बीते दिन हुई बारिश के चलते मैदान पर कई जगह पानी भर गया था। जिसे जेसीबी द्वारा मिट्टी आदि डालकर ठीक किया गया। वहीं तीनों पुतले भी मैदान पर स्थापित कर दिये गये थे। नगर पालिका की टीम



क्रिश्चियन ग्राउंड मैदान पर चल रहीं तैयारियां

पूरी तरह से तैयारियों में जुटी थी। बड़ी संख्या में कर्मचारी मैदान पर झाड़ू लगाकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई कंकड़ या कांटा न रहे। यह तैयारियां गुरुवार को होने वाले रावण दहन और लीला मंचन के दौरान दर्शकों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए की जा रही हैं। पुतला दहन के बाद यहां भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत थानाध्यक्ष ने महिलाओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थानाध्यक्ष ने मिशन शक्ति-5 के तहत गांव में जाकर महिलाओं को जागरुक किया तथा उन्हें हेल्पलाइन नंबरों के बार में विस्तार से जानकारी दी। जानकारी के अनुसार बुधवार को महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत थानाध्यक्ष अमृतपुर मोनू शाक्या गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरुक करने का काम कर रही है। उनका कहना है कि सरकार की मंशा के अनुरुप वह कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 108/102, 112, 1090, 1098, 1076 आदि के बारे




महिलाओं को जागरुक करतीं थानाध्यक्ष

में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जागरुक करने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सचेत करना है। जिससे महिलाएं जागरुक हो सकें और अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें।

## अहंकार और बुराई का प्रतीक रावण वध होते ही राम की हुई जय-जयकार

**▸ दर्शकों ने पुतला दहन व सतरंगी आतिशबाजी का लिया आनंद, बच्चे हुए रोमांचित**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

ऐतिहासिक एवं पौराणिक धर्मस्थली कंपिल की रामलीला में अहंकार और बुराई का प्रतीक रावण मारा गया। अनाचार पर सदाचार की, बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। रावण वध के पहले लक्ष्मण को शक्ति लगने, लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, कुंभकर्ण और मेघनाद वध के बाद राम रावण युद्ध और अंत में रावण वध का मंचन किया गया। नगर के बाई पास मार्ग पर गौशाला के निकट बुधवार शाम रामलीला कमेटी कंपिल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ। कुंभकर्ण और मेघनाद वध के बाद



धू-धू कर जलते रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले

रावण युद्ध के लिए आता है।

राम और रावण के बीच घोर युद्ध होता है। राम के बाण से रावण के सिर और भुजाएं कट जाती हैं, लेकिन तुरंत ही दूसरे निकल आते हैं। तब विभीषण राम को रावण वध का उपाय बताते हैं। विभीषण बताते हैं कि रावण की नाभि में अमृत है। इस दौरान कपटी रावण के कई रूप देखने को मिले। लंबे चले युद्ध में भगवान राम ने आखिरकार रावण का वध कर डाला। इसके बाद आतिशबाजी के साथ रावण एवं कुंभकरण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। तत्पश्चात विभीषण का राज्याभिषेक और भगवान राम, लक्ष्मण और सीता के अयोध्या वापसी दृश्य का मंचन हुआ। रामलीला तथा रावण का पुतला दहन देखने के लिए दर्शकों की खूब भीड़ जुटी। इस दौरान थाना प्रभारी कपिल चौधरी, कमेटी संरक्षक समाजसेवी पुखराज डागा, कमेटी अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, कोषाध्यक्ष ऋषभ गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गणेश पूजन व हवन के साथ रामलीला का मंचन शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गणेश पूजन व हवन यज्ञ के साथ राजेपुर में श्री रामलीला मंडल द्वारा रामलीला का मंचन शुरु किया गया।

राजेपुर में बुधवार को भूमि पूजन व हवन यज्ञ के साथ आदर्श रामलीला परिषद राठौरी की रामलीला का शुभारंभ हुआ। आचार्य कमल किशोर ने वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ का आयोजन कराया। यज्ञ में मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी जी महाराज, शिव स्वरूप बच्चा स्वामी, कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता प्रधान, उमेश सिंह, मुन्नू सिंह, सुरेश चंद्र वर्मा, रामप्रकाश सिंह,



हवन पूजन करते पदाधिकारी

मुकेश यादव और लल्लू चौहान सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने आहुतियां दीं। पूजन अध्यक्ष सुरेंद्रपाल सिंह फौजी, उपाध्यक्ष उमेश सिंह फौजी और कोषाध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में विधि विधान से किया गया। इस दौरान भूमि पूजन की परंपरा को आगे बढ़ाया गया और आयोजन की सफलता के लिए हवन में आहुतियां डाली गईं।




युद्ध करने जाता रावण

## मेघनाथ का वध होते ही राम-लक्ष्मण के लगे जयकारे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रामलीला मण्डल द्वारा आयोजित लीला में बुधवार को मेघनाथ व लक्ष्मण युद्ध हुआ। मेघनाथ का लक्ष्मण द्वारा वध हुआ। साथ ही खबर पाते ही रावण युद्ध के लिए मैदान में पहुंचा। क्रिश्चियन ग्राउंड पर देर शाम तक राम-रावण युद्ध हुआ। गुरुवार को दशहरा पर्व पर राम-रावण युद्ध के साथ दशानन का वध होगा। रामलीला देखने पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों ने युद्ध देखा और लीला का लुफ्त उठाया। इस मौके पर मेला प्रशासन के अलावा सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

## साहसी बालिका संस्था के पदाधिकारियों ने की मंदिर की साफ-सफाई

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को साहसी बालिका संस्था कायमगंज के सदस्यों द्वारा ग्राम चिलैली में स्थित गामा मंदिर में सफाई अभियान चलाया।

बताते चलें कि नवमी पर दुर्गा पूजा के चलते परिसर में हवन सामग्री, फूल, पत्ती, हलवा, चना आदि बिखरा पड़ा था। जिससे मंदिर परिसर काफी गंदा हो गया था। साहसी बालिका संस्था के सदस्यों ने पहुंचकर मंदिर में सफाई अभियान चलाया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मंदिर को साफ सुथरा किया जा सका। बताते चलें कि साहसी बालिका



मंदिर परिसर की साफ-सफाई करतीं संस्था की सदस्य

संस्था अपने सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती है। संस्था के कार्यों की सभी ने सराहना की। इस मौरके पर संस्था की खुशबू मिश्रा, शिल्की मिश्रा, संजना, अंजू, दिव्या, गरिमा, चांदनी, किरन, कनक आदि ने सहयोग किया।

# आत्मनिर्भर भारत के तहत व्यापारिक संगोष्ठी सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष

बुधवार को कादरी गेट मसेनी मार्ग स्थित रेडिएंटो हॉस्पिटल में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत व्यापारिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने जनपद के ऑटोमोबाइल से संबंधित व्यापारियों को संबोधित किया एवं सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में किए गए बदलावों के बारे में विस्तार से बताया। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने की।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा केंद्र सरकार ने जब जीएसटी लगाया था, चार स्लैब द्वारा कर वसूला जाता था, लेकिन सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए चार स्लैब वारी कर दरों को 2 दरों में कर दिया। जिसके कारण देश के गरीब मध्यम वर्ग एवं व्यापारियों को इसका लाभ मिल रहा है। 22 तारीख से लागू हुई यह नयी दरें आम जनमानस को बड़ी राहत देने का कार्य कर रही है। एआरटीओ सुभाष राजपूत ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑटोमोबाइल सेक्टर में जीएसटी की दरों में बदलाव करके आम जनता को लाभ देने का कार्य किया है, स्कूटर, मोटरसाइकिल, वाहन इत्यादि वस्तुएं खरीदने वाले ग्राहक पूरी जानकारी करके ही वस्तुएं खरीदें। जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर अमित त्यागी ने कहा जीएसटी की दरों में किए गए बदलाव एक नए भारत का निर्माण करेंगे। जीएसटी की दरों का लाभ मिलने से व्यापारी एवं ग्राहकों दोनों को इसका लाभ प्राप्त होगा। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार के निर्णय की जानकारी देने का कार्य करें, पार्टी द्वारा उनको पत्रक उपलब्ध कराए जाएंगे। संचालन अभिषेक बाजपेई ने किया। इस अवसर पर आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जितेंद्र सिंह, संजीव गुप्ता, प्रदीप सक्सेना, राजकुमार वर्मा, धर्मेंद्र राजपूत, अवनीश शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महानवमी पर हुआ कन्या पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कन्याओं का पूजन करते गुरुजन

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में महानवमी व विजय दशमी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

विद्यालय अध्यक्ष शिवविलास त्रिवेदी व प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने मां सरस्वती पर पुष्प व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की बहनों को नौ रूपों में तिलक, उनके चरण धुलकर तिलक, माल्यार्पण व चुनरी पहनाकर उनका पूजन कर विद्यालय परिवार ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने नौ देवी के रूपो के बारे में विस्तार से समझाया कि हमें मन, श्रद्धा और भाव से याद करने हमारे सभी कष्ट हर लेते है और हमे सदमार्ग की ओर ले जाते हैं, जिससे संसार कोई भी कार्य असंभव नहीं होता। मां शक्ति के नवरुपों की तथा राम दरबार की आरती तथा पूजन किया।आचार्य प्रदीप अवस्थी ने संचालन किया। इस अवसर पर रश्मि परिहार, रामानंद पांडे, वीरेश परमार, प्रदीप शर्मा, प्रदीप सिंह, शिवमोहन मिश्र, कृष्ण कुमार कटियार, शिवकुमार यादव, राहुल कुमार, संजीव कुमार, आलोक सिंह, रजनीश मिश्रा, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, आयुष भारद्वाज, सोनम शुक्ला, सरला कश्यप, प्रियंका सिंह, मंजरी, आर्तिका शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## कलाकारों ने लक्ष्मण शक्ति व कालनेम की माया का किया मंचन

**जालौन,उरई।** रामलीला महोत्सव 2025 में लक्ष्मण शक्ति व कालनेम की माया का मंचन किया गया। जिसमें हनुमान-मेघनाद संवाद, लक्ष्मण मेघनाद संवाद के अलावा कालनेम की माया का से दर्शक प्रभावित हुए। लक्ष्मण शक्ति की लीला को लेकर दर्शकों अच्छा उत्साह दिखा। रामलीला महोत्सव का मंचन नगर के गोविंदेश्वर मंदिर के पास किया जा रहा है। लीला की शुरूआत में श्रीराम ने लंका पर आक्रमण किए जाने की योजना बनाई गई। सभी वानरों ने लंका को चारों ओर से घेर लिया तभी रावण की आज्ञा पाकर मेघनाद युद्ध के लिए आया। युद्ध के मैदान में हनुमानजी और मेघनाद के बीच संवाद होता है।

# शस्त्र पूजन में आये पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह


वार्ता के दौरान क्षत्रिय समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा विजय दशहरा पर्व एवं शस्त्र पूजन व सम्मान समारोह का आयोजन दो अक्टूबर गुरुवार को राजपूताना पब्लिक स्कूल के सामने बघार छिबरामऊ रोड पर सम्पन्न होगा। बढ़पुर स्थित राजपूताना होटल के सभागार में पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि इस बार विजय दशमी पर्व पर मुख्य अतिथि गोंडा के पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह होंगे।

जो दिल्ली से प्रातः 10 बजे चलकर कार्यक्रम स्थल पर हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे शस्त्र पूजन होगा। 10 बजे मेधावी सम्मान समारोह व सजातीय बंधु एवं बुजुर्ग तथा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वालों को सम्मानित किया जायेगा, साथ ही जयघोष पत्रिका का विमोचन होगा। विशिष्ठ अतिथि बदायूं दातागंज विधायक राजीव सिंह, सवायजपुर विधायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, फतेहपुर विधायक अविनाश सिंह चौहान, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चन्द्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू करेंगे। वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजू ने बताया कि 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले मेधावी सम्मानित होगें।

अभी तक 50 मेधावियों के नाम आये है। लगभग एक सैकड़ा मेधावी सम्मानित होंगे। वार्ता के दौरान वरिष्ठ महामंत्री अनिल प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह, कार्यक्रम संयोजक महेश पाल सिंह उपकारी, डीएस राठौर, अनंत सिंह, देवेन्द्र सिंह, अरविन्द सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अचेत गाय का गौरक्षा प्रकोष्ठ की सूचना पर हुआ इलाज


गाय का इलाज करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दो तीन दिनों से बीमार चल रही गाय अचेत होकर गिर पड़ी। गौरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित वर्मा को फोन पर सूचना मिलते ही उन्होंने गाय का इलाज शुरु कराया। जानकारी पाते ही अमित वर्मा ने नगर मजिस्ट्रेट को फोन किया। उनकी सूचना पाते ही नगर मजिस्ट्रेट ने पशु चिकित्साधिकारी को फोन कर तुरन्त इलाज कराने के लिए आदेश दिया। मौके पर पशु चिकित्साधिकारी ने पहुंचकर गाय को इंजेक्शन लगाकर दवाइयां दी। जिससे उसकी हालत में सुधार हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि गाय की हालत बिगड़ने पर वह अचेत हो गयी। ऐसे में सही समय पर इलाज न मिलता तो बचाना मुश्किल हो जाता।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर युवाओं ने किया बुजुर्गों का सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



वृद्धजनों के साथ मौजूद युवा

मेरा युवा भारत फर्रुखाबाद ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला युवा अधिकारी शेखर रस्तोगी ने किया।

युवा स्वयंसेवी राहुल वर्मा ने कहा, वृद्धजनों का सम्मान और उनकी देखभाल हमारी जिम्मेदारी है। हमें उनकी जरूरतों को समझना और उनकी मदद करने का प्रयास करना चाहिए।

इससे न केवल हम उनकी जिंदगी को आसान बना सकते हैं, बल्कि हम अपने समाज को भी मजबूत बना सकते हैं। वहीं शिवम मिश्रा ने कहा हमें वृद्धजनों से जीवन के अनुभव और ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिससे हम अपने जीवन को और भी समृद्ध बना सकते हैं। उनकी कहानियों और अनुभवों से हमें जीवन के महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं, जो हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं। आकाश ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना था। मेरा युवा भारत फर्रुखाबाद ने कार्यक्रम के माध्यम से समाज में वृद्धजनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का प्रयास किया। इस मौके पर वैभव सक्सेना, पल्लवी, नितीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## ब्रह्माकुमारी पाठशाला के साथ कीर्तन व पूजन सम्पन्न


कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी पाठशाला मसेनी में धूमधाम से भजन कीर्तन के साथ ब्रह्माकुमारी बहनों को देवी रूप में सजाकर भजन मंडली आयोजित की। बहनों को मुकुट, चुन्नी, माला, फूलों से सजाकर विधि पूर्वक आरती-पूजन कर नारियल, लौंग, इलायची, फल फ्रूट से सम्मान सत्कार कर इन चैतन्य देवियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी बहनों ने देवी के रूप में सभी अपने भक्तों को दिव्य दृष्टि एवं आत्मिक दृष्टि की शुभ शुभकामना रख सभी को आशीर्वाद दिया। सभी की मनोइच्छा पूरी हो ऐसी शुभकामनाओं के साथ हलवा, चना, दही, फलफ्रूट आदि से भोग लगाकर प्रसाद चखा।

# ओपन कबड्डी स्टेट चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ी चयनित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


चयनित कबड्डी खिलाड़ी

जिला कबड्डी एसोसिएशन द्वारा स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में कबड्डी खिलाड़ियों का ट्रायल हुआ। 49वीं जूनियर बालक ओपन कबड्डी स्टेट चैम्पियनशिप एटा के लिए जनपद फर्रुखाबाद की जूनियर बालक कबड्डी का ट्रायल कर खिलाड़ियों का चयन किया गया। उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के निर्देश के अनुसार एटा में होने वाली 11, 12 अक्टूबर को बिहारी पब्लिक स्कूल आगरा रोड पर सम्पन्न होगी। जिसके लिए मंगलवार को ट्रायल हुआ। जनपद के 55 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें चयन समिति द्वारा 22 खिलाड़ियों को चयनित किया गया। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए लगातार अभ्यास करेंगे। उनमें से उत्कृष्ट 14 खिलाड़ियों का चयन कर जूनियर बालक ओपन स्टेट चैम्पियनशिप खेलने के लिए भेजा जायेगा। चयन समिति में कबड्डी एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार जायसवाल, संजीव कटियार व संयुक्त सचिव अरुण कुमार, कोच विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, अभिषेक पाल के अलावा चंदन कुमार, अहमद मियां मौजूद रहे। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी प्रियांशु शाक्य, अनंत सिंह, अभिषेक, अनिकेत, हिमांशु, कृष्णा, अजय सिंह, सनी, मनवीर पाल, राधारमण, आशू, कपिल कुमार, उपेन्द्र, नृपेन्द्र, अंकित कुमार, सुरजीत आदि का चयन हुआ। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव की देखरेख में ट्रायल सम्पन्न हुआ।

# घोड़ा नखास चौकी ने कराया कन्या भोज



कन्याओं के साथ मौजूद चौकी इंचार्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन पूरे शहर में भक्तिभाव की छटा दिखाई दी। देवी मां की भक्ति से सराबोर श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। मां भगवती के जयकारों के साथ पूजन किया गया। सभी ने नौ देवियों का पूजन किया। घरों व मंदिरों के अलावा विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर भी पूजन हुआ और धार्मिक अनुष्ठान किये गये। नखास चौकी में पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन हुआ। सभी पुलिस कर्मियों ने मां भगवती का पूजन किया और कन्या भोज सम्पन्न कराया। चौकी इंचार्ज ने कन्याओं को भोजकर पूजन कर आशीर्वाद लिया और उपहार देकर विदा किया। साथ ही नखास चौकी प्रांगण में प्रसाद वितरित किया गया।

## हारजीत की बाजी लगाते पांच जुआड़ी गिरफ्तार

**जालौन,उरई।** नगर के मोहल्ला दबगरान में हार-जीत की बाजी लगाते हुए पुलिस ने पांच लोगों को पकड़ा है। जिनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई। चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को सूचना मिली कि नगर के मोहल्ला दबगरान में खाली पड़ी जगह पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।

जहां पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाते हुए दबगरान निवासी मुस्ताक, आशिक उर्फ आशी, जावेद मोहम्मद हिरदेशाह निवासी दिलशाद व मोहम्मद फारूक पकड़ लिया। हार जीत की बाजी लगा रहे आरोपियों के पास से पुलिस ने मालफड़ में 6850 रुपये व जामा तलाशी में 1720 रुपए, मोबाइल फोन, ताश की गड्डी बरामद की।

# विकास कार्यों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं

**जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा कोर कमेटी बैठक में प्रभारी मंत्री ने दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


विकास कार्यों की सामीक्षा बैठक करती प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी

जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने निरीक्षण भवन कन्नौज में कोर कमेटी की बैठक की। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रभारी मंत्री ने विभागवार विकास कार्यों की समीक्षा की और कहा कि जनपद के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन योजनाओं में समस्या आ रही है, उन्हें समयबद्ध तरीके से निस्तारित करें। उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर भी कुछ समस्याएं आ रही हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा जाएगा ताकि जल्द समाधान हो सके। कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यकर्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत, विधायक अर्चना पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी सहित आदि मौजूद रहे।

# दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का है प्रतीक

**बच्चों ने जगह-जगह बनाये रावण के पुतले**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


रावण का पुतला बनाते बच्चे

दशहरा के अवसर पर कई स्थानों पर बच्चों ने रावण के पुतले बनाए हैं, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। नगर में बच्चों द्वारा 5 फुट व उससे अधिक ऊंचाई के रावण के पुतले बनाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। बच्चों में पुतला बनाने के दौरान एक अलग ही उत्साह देखने को मिला।

बच्चों ने बताया कि द्वारा रावण का पुतला बनाकर दशहरा के दिन इसका दहन करेंगे। इसी के साथ बुराई का भी अंत हो जायेगा। यह पर्व उन नकारात्मक गुणों जैसे अहंकार, क्रोध और लालच पर विजय प्राप्त करने का संदेश देता है। दशहरा भगवान राम की लंकापति रावण पर विजय का स्मरण कराता है।

रावण के पुतले को जलाना अहंकार, क्रोध, लोभ और ईर्ष्या जैसी आंतरिक बुराइयों पर विजय का प्रतीक है। बढ़पुर स्थित मोहल्ला में विशु श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, उत्तम तिवारी, मंजू श्रीवास्तव, अर्नब आदि बच्चों ने रावत बनाने में सहयोग किया।

# नवरात्रि के अंतिम दिन मातारानी के मंदिरों में पूजन के लिये उमड़ी भीड़

**घर-घर कराया गया कन्याओं को भोजन**

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नवरात्रि के अवसर पर नगर में कन्या भोज के अलावा नगर के विभिन्न देवी पंडालों व मंदिरों में भण्डारा का आयोजन किया गया व मंदिरों में भी जवारे चढ़ायें गये। धार्मिक आस्था की नगरी कालपी धाम में नवरात्रि की नवमी की खासी धूम रही। इस बार नवरात्रि की नवमी 10 दिन की होने के चलते बुधवार को उदया तिथि में नवमी की पूजा अर्चना घरों में की गई तथा कन्या भोज के अलावा उन्हें उपहार देकर अपने मगंल की कामना की यही नहीं नगर के कदौरा फाटक स्थित देवी पंडाल में कन्या भोज के अलावा भण्डारा आयोजित किया लोगों ने जमकर प्रसाद चखा। वही दूसरी ओर मां दुर्गाम्बापीठ मंदिर, आशा देवी मंदिर, गणेश मंदिर स्थित आशा मइया, मनीगंज स्थित विश्वनाथ मंदिर, सिद्धदात्री मंदिर, मुतिया माता मंदिर, रावगंज स्थिति काली माता मंदिर समेत नगर के विभिन्न मंदिरों व देवी पंडालों में कन्या भोज भण्डारा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में नगर के पंचपिण्डा देवी मंदिर व मां वनखण्डी देवी मंदिर में देवी भक्तों द्वारा बोये गये जवारों को चढ़ाया गया।

# लिंजीगंज अस्पताल में सांसद ने ओपन जिम का किया उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को सांसद मुकेश राजपूत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर, लिंजीगंज में सांसद निधि योजन्तर्गत ओपन जिग का उद्घाटन किया। शारीरिक क्रियाओं/यायाम हेतु 08 प्रकार के उपकरण स्थापित किये गये। सांसद ने कहा कि पीएम मोदी व योगी सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र /विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अनेक जन उपयोगी भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा योजनायें चलाई जा रही है। वरिष्ठजनो के लिये स्वारूथ हेल्थ कार्ड के तहत 5 लाख तक की बीमारी का इलाज मुफ्त में किया जा रहा है। बच्चो के स्वास्थ्य एंव पोषण हेतु आशा एंव आंगनवाडी कार्यकत्री के माध्यम से लाभानवत कियाा जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, नेत्र चिकित्सक संजय बाथम, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लिंजीगंज एवं कपिल कुमार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, आदि उपस्थित रहे।


ओपन जिम का उद्घाटन करते सांसद

# अस्थाई कृत्रिम सरोवर में देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियां पूर्ण

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

यमुना नदी के तट में बनाए गए अस्थाई कृत्रिम सरोवर में देवी प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर तैयारी की गई है। भक्तों के द्वारा धार्मिक रीति-रिवाज से प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। पुलिस प्रशासन तथा नगर पालिका के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विदित हो की कालपी तथा आसपास के क्षेत्र में देवी प्रतिमाओं की स्थापना भक्तों के द्वारा की गई है। दरअसल जमुना नदी के तटवर्ती में नगर पालिका के द्वारा अस्थाई कृत्रिम सरोवर स्थापित कराया गया है। इसी सरोवर में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन स्थल के आसपास पुलिस, पालिका तथा अग्निशमन विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी तैनात रहेंगे। इसी तरह 2 अक्टूबर को एमएसबी इंटर कॉलेज कालपी में परंपरागत तरीके से दशहरा मेला लगेगा। मेला स्थल में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। साथ ही लीलाओं का प्रदर्शन भी होगा। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह कार्यवाहक कोतवाल उदय प्रताप सिंह, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के द्वारा कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्था परखी।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, गुरुवार, 02 अक्टूबर, 2025

# विजय दशमी की सभी को हार्दिक शुभकामनायें



प्रस्तुति-लक्ष्मीकांत भारद्वाज, फर्रुखाबाद-परिशिष्ट


























































